www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

SUNDAY

नई दिल्ली, रविवार, 3 मार्च , 2024

वर्ष – 16 | अंक –328 | पृष्ठ – 10

मूल्य –3.00 रु.

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

साहित्य

सियासत की चौसर और अंतरात्मा की आवाज पृष्ठ 06

उन्नत तकनीकों में अधिक सर्जनों को प्रशिक्षित करने की जरूरत पृष्ठ 10

कायदे कानून ताक पर रखकर पूंजीपतियों ... पृष्ठ 02

■ एलजी ने दी पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफ...
■ नफरत के खिलाफ एनबीडीएसए की कार्रवाई ... 03

■ पाकिस्तान ने चुनाव में धांधली की जांच पर अमेरिकी 'निर्देशों' ...
■ आसिफ अली जरदारी, महमूद अचकजई ने नामांकन पत्र ... 07

## सार संक्षेप

### साजिश के सहारे सत्ता हासिल करने को बेताब भाजपा : अखिलेश



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी पर सीधा हमला करते हुए कहा कि भाजपा पर जनता का विश्वास नहीं, साजिशें और छल-छद्म तथा झूठ की राजनीति के सहारे वह सत्ता पर काबिज होने के लिए छटपटा रही है। यहां पार्टी के राज्य मुख्यालय पर डॉ राममनोहर लोहिया सभागार में बड़ी संख्या में आए पार्टी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए अखिलेश ने कहा कि लोकतंत्र और संविधान को बचाने की लड़ाई बड़ी है।

### सिसोदिया, संजय सिंह की न्यायिक हिरासत बढ़ी



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने शनिवार को आबकारी नीति मामले में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और आप सांसद संजय सिंह की न्यायिक हिरासत पांच दिन के लिए बढ़ा दी। दोनों को उनकी पूर्व में विस्तारित न्यायिक हिरासत की समाप्ति पर राउज़ एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश एम.के. नागपाल के समक्ष पेश किया गया था। अब वे ईडी द्वारा जांच किए जा रहे मामले में 7 मार्च तक जेल में रहेंगे।

### अब शाम छह बजे तक खुला रहेगा अमृत उद्यान



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान अब दर्शकों के लिए शाम पांच बजे के बजाय छह बजे तक खुला रहेगा। राष्ट्रपति सचिवालय ने शनिवार को बताया कि उद्यान उत्सव-एक 2024 के तहत राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान 31 मार्च 2024 तक जनता के लिए खुला है। अब पर्यटक सोमवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन सुबह 10 बजे से शाम छह बजे (अंतिम प्रवेश-शाम पांच बजे) तक उद्यान का भ्रमण कर सकते हैं।

### राणा गोस्वामी असम भाजपा इकाई के उपाध्यक्ष नियुक्त



**गुवाहाटी।** कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए राणा गोस्वामी को असम में पार्टी का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। असम भाजपा अध्यक्ष भाबेश कलिता ने शनिवार को गोस्वामी की नियुक्ति की घोषणा की। हाल ही में गोस्वामी ने असम में कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था।

### समाचार पत्रों का ऑनलाइन पंजीकरण शुरू

**नई दिल्ली।** प्रेस और पत्रिकाओं का पंजीकरण (पीआरपी) अधिनियम 2023 लागू हो गया है और इसके परिणामस्वरूप अब समाचार पत्रों और पत्रिकाओं का पंजीकरण प्रेस सेवा पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन होगा।

# भाजपा की पहली सूची में मोदी समेत 195 नाम

## प्रधानमंत्री मोदी वाराणसी व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ से लड़ेंगे चुनाव

**लोकसभा चुनाव**

- उप्र की 51 सीटों पर प्रत्याशियों के नामों का ऐलान
- मीनाक्षी लेखी की जगह बांसुरी स्वराज को टिकट दिया गया
- शिवराज सिंह को विदिशा व सिंधिया को गुना से बनाया उम्मीदवार





**नई दिल्ली, 2 मार्च (देशबन्धु)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को 195 उम्मीदवारों की पहली सूची घोषित की। भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में आज शाम यहां प्रेस कांफ्रेंस में उम्मीदवारों की घोषणा की गई। भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक 29 फरवरी को हुई थी, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह, राजनाथ सिंह, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित कई लोग उपस्थित हुए थे। इस बैठक में जो निर्णय लिए गए थे, उसके हिसाब से पार्टी की तरफ से 195 लोकसभा सीट के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी गई है।

**गांधीनगर से अमित शाह उम्मीदवार**

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। वहीं, गृहमंत्री अमित शाह गुजरात के गांधीनगर सीट से पार्टी के उम्मीदवार होंगे। अरुणाचल पश्चिम से केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री किरण रिजिजू चुनाव लड़ेंगे। वहीं, बीजेपी सांसद विष्णुपद रे अंडमान और निकोबार से उम्मीदवार बनाए गए हैं। मनसुख मंडाविया पोरबंदर से, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान विदिशा सीट से, गुना सीट से ज्योतिरादित्य सिंधिया, मनसुख मंडाविया पोरबंदर से, अमेठी से स्मृति ईरानी, लखनऊ से राजनाथ सिंह पार्टी की तरफ से उम्मीदवार बनाए गए हैं।

**साध्वी प्रज्ञा ठाकुर का टिकट कटा**

भोपाल से साध्वी प्रज्ञा ठाकुर का टिकट काट दिया गया है। उनकी जगह आलोक शर्मा मैदान में होंगे। वहीं उत्तरप्रदेश में गोंडा से बृजभूषण शरण सिंह का टिकट कट गया है। उन पर महिला पहलवानों ने यौन उत्पीडन का आरोप लगाया है। वहीं राजधानी दिल्ली की बात करें तो यहां से केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी का टिकट कट गया है। उनकी जगह पूर्व केंद्रीय मंत्री सुषमा स्वाराज की बेटी बांसुरी स्वराज को टिकट दिया गया है।

**28 महिलाओं को बनाया उम्मीदवार**

राज्यवार सूची में उत्तर प्रदेश की 51, पश्चिम बंगाल की 26, मध्य प्रदेश की 24, गुजरात की 15, राजस्थान की 15, केरल की 12 , तेलंगाना की नौ, असम की 11, झारखंड की 11 छत्तीसगढ़ की 11, दिलली की पांच, जम्मू कश्मीर की दो, उत्तराखंड की तीन, गोवा , अंडमान और दमन की एक-एक सीट के लिए उम्मीदवार घोषित किए गए हैं। भाजपा ने पहली सूची में 28 महिला उम्मीदवारों व 47 युवा उम्मीदवारों को भी चुनावी मैदान में उतारा है। कुल 195 सीटों में से 27 एससी, 18 एसटी, 57 ओबीसी प्रत्याशी हैं।

### जयंत सिन्हा का चुनाव लड़ने इनकार

भाजपा सांसद जयंत सिन्हा ने लोकसभा चुनाव लडने से इनकार कर दिया है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा कर उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से उन्हें सभी चुनावी कर्तव्यों से मुक्त करने का आग्रह किया। इससे पहले आज सुबह ही पूर्वी दिल्ली से भाजपा सांसद गौतम गंभीर ने भी चुनाव न लडने की इच्छा जाहिर की थी। जयंत सिन्हा ने एक्स पर पोस्ट साझा कर कहा कि उन्हें प्रत्यक्ष चुनावी कर्तव्य से मुक्त कर दिया जाए। वे भारत और दुनिया भर में वैश्विक जलवायु परिवर्तन से निपटने पर काम करना चाहते हैं। फिलहाल जयंत झारखंड के हजारीबाग से लोकसभा सदस्य हैं।

**गौतम गंभीर पहले ही कर चुके हैं घोषणा**

महागठबंधन की जन विश्वास रैली आज

# भाजपा सरकार को उखाड़ फेंके : लालू



- राजद नेता ने बड़ी संख्या में लोगों से रैली में पहुंचने का किया आह्वान

**पटना, 2 मार्च (देशबन्धु)।** महागठबंधन की जन विश्वास रैली के लिए आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव ने बिहार की जनता से अपील करते हुए कहा कि भाई और बहनों 3 मार्च 2024 को गांधी मैदान में जन विश्वास रैली का आयोजन किया गया है। सभी गरीब गुरबा भाई किसान, मजदूर नौजवान लोग भारी संख्या में एकत्रित होकर के केंद्र के बीजेपी सरकार को उखाड़ फेंके।

दरअसल, बिहार की राजधानी पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में 3 मार्च को होने वाली महागठबंधन की जन विश्वास महारैली को लेकर सभी घटक दल तैयारी में जुटे हैं। इस रैली में बाहर से आने वाले लोगों के ठहरने की व्यवस्था भी की गई है। आरजेडी के नेताओं की माने तो पार्टी की ओर से जन विश्वास रैली में आने वाले लोगों के लिए दो मार्च की शाम से तीन मार्च की सुबह तक ठहरने के लिए वेटनरी कॉलेज मैदान, दीघा के जनार्दन घाट और गर्दनीबाग स्थित मंत्री आवासीय परिसर में शिविर बनाए गए हैं। बताते चले कि राज्यभर से आने वाले लोगों के ठहरने और भोजन की व्यवस्था विभिन्न स्थानों पर की गई है, इनमें भेटनरी कॉलेज मैदान शिविर में पूर्वी चम्पारण, शिवहर, कटिहार, गोपालगंज, सीवान, वैशाली, समस्तीपुर, लखीसराय एवं शेखपुरा, पटना (मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर एवं पटना साहिब विधान सभा क्षेत्र को छोड़कर शेष भाग), नालंदा, भोजपुर, कैमूर, रोहतास, अरवल, जहानाबाद, औरंगाबाद, नवादा आदि शामिल है। पटना स्थित विधायक फ्लैट में सभी पूर्व मंत्री के निवास और अन्य वरिष्ठ नेता के निवास पर ठहरने की व्यवस्था की गई है। राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में महिलाओं के लिए ठहरने की व्यवस्था की गई है।

मौसम ने ली फिर करवट

# तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से गिरा पारा



**नई दिल्ली, 2 मार्च (देशबन्धु)।** दिल्ली-एनसीआर में सुबह-सुबह मौसम ने करवट बदली है। तेज हवाओं के साथ रुक-रुक कर हो रही बरसात ने पारे को गिरा दिया है। कल तक लोगों को गर्मी का एहसास हो रहा था, उन्हें अब फिर से गुलाबी ठंड का एहसास होने लगा है। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो आने वाले चार दिनों तक मौसम ऐसा ही बना रहेगा और ओलावृष्टि की संभावना भी जताई गई है। सुबह से ही चल रही हवाओं की रफ्तार तकरीबन 40 किलोमीटर प्रति घंटा मापी गई है। मौसम विभाग की मानें तो आने वाले तीन से चार दिनों में न्यूनतम डिग्री 14 डिग्री से 9 डिग्री तक भी जा सकता है, यानी एक बार फिर लोगों को अच्छी खासी ठंड का एहसास होगा। इसके साथ-साथ अधिकतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव बीते शुक्रवार को दोपहर बाद से ही उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में देखने को मिला है। मौसम विभाग के अनुसार, अलीगढ़, मथुरा के साथ ही आगरा में बारिश की वजह से मौसम में बदलाव हो रहा है। वहीं दूसरी ओर पश्चिमी यूपी के नोएडा, गाजियाबाद इलाकों में शनिवार की सुबह रुक रुक कर बरसात हुई है।

### मनाली में हिमस्खलन

**चपेट में आने से पांच वाहन क्षतिग्रस्त**

**शिमला।** हिमाचल की पर्यटन नगरी मनाली और आसपास हो रही बर्फबारी की वजह से हालात बिगड़ने लगे हैं। इसका असर आम जनजीवन पर भी पड़ने लगा है। शनिवार को भारी हिमपात की वजह से नेहरू कुंड के नजदीक हिमस्खलन हुआ, जिसकी चपेट में सड़क पर पार्क किए गए पांच वाहन आ गए हैं। गनीमत ये है कि वाहन में कोई भी व्यक्ति नहीं था, जिस कारण जानी नुकसान होने से बच गया। लेकिन सड़क पर मलबा आ जाने के कारण इस मार्ग को एहतियातन तौर पर बंद कर दिया गया है। उधर, मनाली के पुलिस उपाधीक्षक केडी शर्मा ने बताया कि एवलांच की चपेट में बोलेरो व जिप्सी सहित पांच वाहन आए है।

मध्य प्रदेश के मुरैना में पहुंची न्याय यात्रा

# कांग्रेस सरकार बनने पर एमएसपी की कानूनी गारंटी मिलेगी : राहुल

**मुरैना, 2 मार्च (एजेंसियां)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' शविान दोपहर राजस्थान के धौलपुर की सीमा से मध्यप्रदेश के मुरैना जिले में पहुंची, जहां पर उनका भव्य स्वागत किया गया।

**जातीय जनगणना कराने का भी किया वादा**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और अन्य नेताओं ने श्री गांधी का मध्यप्रदेश पहुंचने पर स्वागत किया। इस दौरान हजारों की संख्या में भीड़ मौजूद रही। श्री गांधी के काफिले का धौलपुर से मुरैना के बीच कई स्थानों पर स्वागत हुआ। कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा और आरएसएस देश में नफरत का माहौल पैदा कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने किसानों से वादा किया कि अगर उनकी सरकार बनी तो एमएसपी को सरकारी गारंटी मिलेगी।



कांग्रेस नेता ने जातीय जनगणना कराने की भी बात कही। यात्रा के मध्यप्रदेश में प्रवेश के दौरान मुरैना में श्री पटवारी के अलावा विधानसभा में विपक्ष के नेता उमंग सिंघार, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और दिग्विजय सिंह तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव समेत लगभग सभी बड़े नेता उपस्थित रहे। यह यात्रा राज्य में छह मार्च तक रहेगी।

**5 दिन के विश्राम के बाद शुरू हुई यात्रा**

5 दिन के विश्राम के बाद राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरुआत हुई है। मालूम हो कि यूपी के आगरा जिले से होते हुए कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा 25 फरवरी को धौलपुर पहुंची थी। जिसके बाद 5 दिनों के गैप के बाद यह यात्रा शनिवार को शुरू हुई।

# उप्र में आरओ, एआरओ प्रारंभिक परीक्षा भी निरस्त

छह माह में दोबारा आयोजित की जाएगी प्रारंभिक परीक्षा





**लखनऊ, 2 मार्च (देशबन्धु)।** उत्तर-प्रदेश लोकसेवा आयोग द्वारा गत 11 फरवरी को आयोजित की गई समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी की प्रारंभिक परीक्षा भी गड़बड़ी के चलते निरस्त कर दी गई है। पिछले हफ्ते पुलिस भर्ती परीक्षा निरस्त की गई थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा की शनिवार को समीक्षा की। परीक्षा में कथित रूप से प्रश्न पत्र के कतिपय प्रश्नों के सोशल मीडिया पर वायरल होने के शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिनके संबंध में शासन द्वारा सर्व साधारण को परीक्षा को प्रभावित करने से संबंधित तथ्यों के साक्ष्य उपलब्ध कराए जाने की विज्ञप्ति निर्गत की गयी थी। इसी क्रम में शासन को उपलब्ध कराए गये साक्ष्यों तथा आयोग द्वारा उपलब्ध रिपोर्ट के परिप्रेक्ष्य में मुख्यमंत्री द्वारा यह निर्देश दिया गया है कि लोक सेवा आयोग द्वारा 11 फरवरी को आयोजित समीक्षा अधिकारी / सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा 2023 की दोनों सत्रों की परीक्षाओं को निरस्त कर दिया जाए। इसकी परीक्षा आगामी 6 माह में पुन: कराई जाए। उक्त के अतिरिक्त मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए हैं कि इस प्रकार के आपराधिक कृत्य में सम्मिलित व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कड़ी वैधानिक व दण्डात्मक कार्यवाही करने हेतु यह प्रकरण राज्य की एसटीएफ को संदर्भित कर दिया जाए।

**प्रश्नों के सोशल मीडिया पर वायरल होने के शिकायतें मिली थी**

# केन्द्र, त्रिपुरा व टिपरा मोथा के बीच त्रिपक्षीय समझौता

- लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए होगा काम
- शाह बोले, सभी जनजातीय पार्टियों ने रचनात्मक भूमिका निभाई



**नई दिल्ली, 2 मार्च (एजेंसियां)।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में शनिवार को यहां केन्द्र सरकार, त्रिपुरा सरकार और द इंडीजिनीयस प्रोग्रेसिव रिजनल एलासंय (तिपरा) जिसे टिपरा मोथा के नाम से जाना जाता है तथा अन्य हितधारकों के बीच राज्य के मूल निवासियों की समस्याओं के समाधान के लिए एक त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। श्री शाह ने इस मौके पर कहा कि यह त्रिपुरा के लिए ऐतिहासिक दिन है। उन्होंने कहा कि इस समझौते से इतिहास का सम्मान, गलतियों में सुधार और वास्तविकता को स्वीकार करते हुए तीनों का सामंजस्य कर भविष्य की ओर देखने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि इतिहास को कोई बदल नहीं सकता लेकिन गलतियों से सीखकर वास्तविकताओं को ध्यान में रखकर आगे ज़रुर बढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि टिपरा मोथा और सभी जनजातीय पार्टियों ने इस दिशा में बहुत रचनात्मक भूमिका निभाई है। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि त्रिपुरा सरकार ने इसके लिए शुरू से बहुत प्रयास किए हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विकसित भारत के प्रधानमंत्री के स्वप्न में त्रिपुरा भी अपने योगदान और हिस्से के प्रति कटिबद्ध होगा और एक विकसित त्रिपुरा के रूप में आगे बढ़ेगा।

नीतीश ने मोदी को दिया भरोसा

# 'अब कहीं नहीं जाएंगे, आपके ही साथ रहेंगे'

**औरंगाबाद (बिहार), 2 मार्च (देशबन्धु)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करीब डेढ़ साल के बाद एक साथ मंच पर दिखे। इस दौरान दोनों एक दूसरे को सम्मान देते दिखे। मंच पर जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पीएम मोदी को भरोसा देते हुए 'अब कहीं नहीं जाने की बात कही' तो प्रधानमंत्री मोदी भी अपनी हंसी नहीं रोक सके। दरअसल, बिहार के औरंगाबाद में शनिवार को प्रधानमंत्री मोदी करोड़ों रुपए की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करने पहुंचे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी थे। बिहार में एनडीए की सरकार बनने के बाद पहली बार पीएम मोदी बिहार पहुंचे। इस क्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करते हुए कहा कि बिहार की धरती पर आपका हार्दिक स्वागत है।



**तैयारी** — राहत शिविरों में बनेगा विशेष मतदान केंद्र

# हिंसा की वजह से विस्थापित हुए लोग भी डाल सकेंगे वोट

**नई दिल्ली, 2 मार्च (एजेंसियां)। मणिपुर में जातीय हिंसा में विस्थापित हुए लोगों को आगामी लोकसभा चुनाव में वोट डालने में सक्षम बनाने के लिए राहत शिविरों में मतदान केंद्र बनाया जाएगा। चुनाव आयोग ने इसे लेकर दिश-निर्देश जारी कर दिए हैं। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी है। चुनाव आयुक्त द्वारा जारी बयान में बताया गया, पिछले साल तीन मई से जारी जातीय हिंसा के दौरान राज्य के कई हिस्से से बड़ी संख्या में मतदाता अपने मूल स्थान से विस्थापित हो गए।**

वर्तमान में वे राहत शिविरों में रह रहे हैं। विस्थापित मतदाता अभी भी उन स्थानों पर नामांकित है, जहां वे हिंसा से पहले रह रहे थे।

चुनाव आयोग ने केंद्र और राज्य सरकारों के साथ चर्चा करने के बाद निर्णय लिया गया कि हिंसा के दौरान विस्थापित हुए लोगों को राज्य में संबंधित विधानसभा और लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में शामिल किया जाना जारी रहेगा। बयान में बताया गया कि इन विशेष मतदान केंद्रों पर मतदान प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र के लिए अलग-अलग ईवीएम का उपयोग करके आयोजित किया जाएगा।





- चुनाव आयोग ने इसे लेकर दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं

विशेष केंद्रों में वोट की गिनती सहायक रिटर्निंग अधिकारी द्वारा की जाएगी। मणिपुर में पिछले साल तीन मई से जारी हिंसा के कारण करीबन 50,000 लोग अपने घरों से विस्थापित हो गए थे। उन्हें राहत शिविरों में रखा गया है। इस हिंसा में अबतक 219 लोगों की मौत हो चुकी है।

### किसी भी गड़बड़ी के लिए डीएम-एसपी होंगे जिम्मेदार

**लखनऊ।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 पूरी तरह से निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से होगा। अगर किसी भी निर्वाचन क्षेत्र में कोई गड़बड़ी या पक्षपातपूर्ण की घटना पाई जाती है तो इसके जिम्मेदार जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक होंगे। इन बातों का जिक्र मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने शनिवार को विधान भवन के तिलक हाल में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में लोकसभा सामान्य निर्वाचन को लेकर की जा रही तैयारियों से आयोग संतुष्ट है।

# देश

**उवाच**



रामेश्वरम कैफे में बम विस्फोट में दस लोग घायल हो गए हैं। अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि यह आतंकवादी हमला है या इसके पीछे किसी संगठन का हाथ है। हालांकि पुलिस इस संबंध में जांच कर रही है। विस्फोट करने वाला जल्द होगा गिरफ्तार होगा।

-सिद्दारामैया, कर्नाटक के मुख्यमंत्री

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 23.0 | 13.0 |
| मुंबई | 28.0 | 23.0 |
| कोलकाता | 27.0 | 22.0 |
| चेन्नई | 29.0 | 25.0 |

# कायदे कानून ताक पर रखकर पूंजीपतियों को सुविधा उपलब्ध करा रहा केंद्र : कांग्रेस

## पूंजीपति मित्रों की मदद करने को लेकर मोदी सरकार पर बोला हमला

**नई दिल्ली,** 2 मार्च (एजेंसियां)। कांग्रेस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार कायदे कानून ताक पर रखकर पूंजीपतियों को सुविधा उपलब्ध कराती है और इसका ताजा उदाहरण उद्योगपति मुकेश अंबानी के बेटे का विवाह अवसर है जब सरकार ने जामनगर हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय स्तर प्रदान कर दिया। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जय राम रमेश ने यहां जारी बयान में शनिवार को कहा कि पूंजीपति मित्रों को मदद करने की बात आती है तो मोदी कुछ भी करने को तैयार हो जाते हैं।

अरबपति मुकेश अंबानी के बेटे के विवाह के लिए जामनगर हवाई अड्डे को 10 दिन के लिए अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा घोषित कर दिया है। शादी में आने वाले मेहमानों को असुविधा न हो इसके लिए करदाताओं के पैसे से यात्री टर्मिनल के आकार को दोगुना करने को कहा गया। जामनगर हवाई अड्डा पाकिस्तान की सीमा के नजदीक है और देश की सुरक्षा के लिहाज से संवेदनशील है। इसके बावजूद विवाह समारोह में आने वाले मेहमानों के प्राईवेट जेट्स के लिए वायुसेना के इस



**अंबानी के बेटे की शादी के लिए सरकार ने बदल दिया हवाई अड्डे का स्तर : कांग्रेस**

संवेदनशील तकनीकी क्षेत्र को इस्तेमाल करने की इजाजत दी गई है। कांग्रेस नेता जय राम रमेश ने कहा कि मोदी ने पूरा राजनीति करियर अपने अरबपति मित्रों की मदद करने में बिताया है। हाल का उदाहरण है जब उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि निजी हाथों को जाने वाले सभी छह एयरपोर्ट अडानी के पास जाएं।

दो कंपनियों को भारत के 90 प्रतिशत एयरलाइन मार्केट पर कब्ज़ा करने की इजाजत दी गई। और कॉर्पोरेट्स के 14.5 लाख करोड़ रुपए के लोन माफ कर दिए गए। कांग्रेस नेता जय राम रमेश ने कहा कि इस बीच देश के गरीबों के घर बुलडोजर राज में ध्वस्त कर दिए गए और किसानों पर गोलियां चलाई गई। पासपोर्ट रद्द कर दिए गए।

रेल यात्रियों जिनमें ज्यादातर गरीब और मध्यम वर्ग के होते हैं उनको टिकट की कीमतों में 10 प्रतिशत की वार्षिक बढ़ोतरी का सामना करना पड़ता है। एसी प्रथम श्रेणी की सीटों के लिए उनकी स्लीपर सीटें हटा दी जाती हैं और वरिष्ठ नागरिकों से उन्हें मिलने वाली 3700 करोड़ रुपए की रियायतें छीन ली गईं।उनकी प्राथमिकताएं स्पष्ट हैं-सूट-बूट-लूट-झूठ।

## किसानों की आवाज को बुलंद करना न्याय यात्रा का उद्देश्य : दिग्विजय सिंह



**मुरैना।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार पर कथित तौर पर संकट को लेकर कहा कि वहां सरकार कायम है और बगावतियों पर समय आने पर कार्रवाई की जाएगी। सिंह राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने के लिए शनिवारक को यहां आए। इसी मौके पर उन्होंने संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार कायम है। सरकार के गिरने की अफवाहें वही षड़यंत्रकारी लोग फैला रहे हैं, जिन्होंने कांग्रेस की सरकारें गिराने का ठेका लिया हुआ है। उन्होंने कहा कि वक्त आने पर बगावतियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। गांधी की यात्रा के संदर्भ में सिंह ने कहा कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य किसानों की आवाज को बुलंद करना है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि चंबल क्षेत्र में कांग्रेस कभी कमजोर नहीं रही। उसने यहां बेहतर प्रदर्शन किया है। सिंह ने कहा कि इस बार इस क्षेत्र से कांग्रेस लोकसभा चुनाव जीतकर एक नया इतिहास बनाएगी। कुमार ने कहा कि अब हम मिलकर काम करेंगे तथा बिहार को और आगे बढ़ाएंगे।

# लोकसभा चनाव में राजग जीतेगा चार सौ सीटें : नीतीश कुमार

**औरंगाबाद,** 2 मार्च (एजेंसियां)।। बिहार के मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने दावा किया कि होने वाले लोकसभा चुनाव में राजग 400 सीटों पर जीत दर्ज करेगा। कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राजग चार सौ सीटें जीतेगा। उन्होंने कहा कि हम अपने पुराने जगह पर आ गए हैं और अब हम इधर-उधर जाने वाले नहीं हैं। साथ रहने से बिहार आगे बढ़ेगा और प्रधानमंत्री को यहां के विकास का वह श्रेय देते रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि शनिवार को यहां से शुरू की जा रही विकास की अलग अलग योजनाएं बिहार के लिए उपयोगी हैं। इन योजनाओं में उनके द्वारा की जा रही मांगें मान ली गई हैं। राज्य में कई नई फोरलेन सड़कों, एलिवेटेड रोड, पुलों आदि के निर्माण होने से जन सुविधाएं बढ़ेंगी तथा राज्य के विकास का मार्ग और प्रशस्त होगा। कुमार ने कहा कि अब हम मिलकर काम करेंगे तथा बिहार को और आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि बिहार की और यहां के लोगों की आर्थिक स्थिति बेहतर हो इसके लिए काम होगा।



# सवा सौ साल तक जूझता रहा सहकारिता क्षेत्र : अमित शाह

## शहरी सहकारिता विकास निगम लिमिटेड का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली,** 2 मार्च (एजेंसियां)। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को यहां शहरी सहकारी बैंकों के अम्ब्रेला संगठन, राष्ट्रीय शहरी सहकारिता वित्त और विकास निगम लिमिटेड का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सहकारिता राज्य मंत्री बी.एल.वर्मा और डॉ. आशीष कुमार भूटानी, सचिव सहकारिता मंत्रालय सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। शाह ने कहा कि जब तक सहकारी संस्थाओं के बीच सहकार और परस्पर आगे बढ़ने की ताकत नहीं दी जाएगी, तब तक आगे नहीं बढ़ा जा सकता। उन्होंने कहा कि लगभग 20 साल के संघर्ष के बाद विकास निगम लिमिटेड की स्थापना हो रही है और ये सबके लिए बहुत शुभ दिन है।

केंद्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि पहले सहकारिता मंत्रालय और सहकारिता क्षेत्र अनेक मंत्रालयों में बिखरा हुआ था। उन्होंने कहा कि आजादी के 75 वर्षों के बाद अलग सहकारिता मंत्रालय का गठन कर सहकारिता को एक नया जीवन दिया गया है। उन्होंने कहा कि सवा सौ साल तक सहकारिता क्षेत्र जूझता रहा और अपने अस्तित्व को बचाता रहा, लेकिन अब सरकारी व्यवस्था के सहयोग से ये द्रुत गति से चलेगा तथा देश के अर्थतंत्र में अपना सम्मान हासिल



करेगा। उन्होंने कहा कि सहकारिता आंदोलन को जनआंदोलन के स्वरूप में बदलने का प्रयास किया जा रहा है। शाह ने कहा कि ये अंब्रेला संगठन समय की जरूरत था और स्वनियमन के लिए एक प्रकार की नई शुरूआत है। उन्होंने कहा कि इस संगठन के बनने के बाद देश में अर्बन कोऑपरेटिव बैंकों का विकास कई गुना बढ़ जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी विश्वसनीयता के लिए बेहद जरूरी है कि हम खुद को अपग्रेड करें और भारतीय रिजर्व बैंक के सभी नियमों का पालन करें। अगर हम ऐसा नहीं करते तो आने वाले समय में स्पर्धा में नहीं टिक सकेंगे। उन्होंने कहा कि हमें हर शहर में अर्बन कोऑपरेटिव बैंक खोलने का लक्ष्य रखकर आगे बढ़ना चाहिए। केंद्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि कोऑपरेटिव फाइनेंस में अच्छा काम करने वाली क्रेडिट सोसाइटी को बैंक में बदलने के लिए इस अंब्रेला संगठन को एक व्यवस्था करनी चाहिए।

## सार संक्षेप

### बीजद विधायक अरबिंद धाली ने इस्तीफा दिया

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में सत्तारुढ़ बीजू जनता दल (बीजद) के विधायक एवं पूर्व मंत्री अरविंद धाली ने शनिवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। धाली ने पार्टी अध्यक्ष नवीन पटनायक को अपना इस्तीफा भेजा है। उनके भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने की अटकलें है। धाली ने अपना राजनीतिक करियर भारतीय जनता पार्टी के साथ शुरू किया था और 1992 में पहली बार उपचुनाव में भाजपा के टिकट पर मलकानगिरी निर्वाचन क्षेत्र से विधायक चुने गए थे। उन्होंने 1995 और 2000 के विधानसभा चुनावों के दौरान भाजपा उम्मीदवार के रूप में लगातार दो बार सीट बरकरार रखी। बाद में उन्होंने भाजपा छोड़ दी और बीजद में शामिल हो गए तथा 2009 और 2019 के विधानसभा चुनावों में दो बार जयदेव निर्वाचन क्षेत्र से विधानसभा के लिए चुने गये। वह 2000 से 2004 तक नवीन पटनायक सरकार में सहकारिता, कपड़ा और हथकरघा, और वाणिज्य और परिवहन मंत्री रहे।

### चेन्नई में आग से तीन छोटे भाई-बहनों की मौत

**चेन्नई।** तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई से सटे चेंगलपट्टू शहर में एक घर में एलपीजी सिलेंडर गैस रिसाव के बाद लगी आग की दुर्घटना में तीन छोटे भाई-बहनों की मृत्यु हो गई और उनकी मां गंभीर रूप से झुलस गईं। पुलिस ने कहा कि यह त्रासदी तब हुई जब मां रोजी काथम रेलवे कैंटीन में अपने पति से मिलने के बाद अपने तीन बच्चों के साथ घर लौट रही थी। घर में एलपीजी सिलेंडर और चूल्हे को जोड़ने वाली नली से रिसाव होने के कारण बल्ब की चिंगारी से आग लग गई। आग ने जल्द ही पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया, गैस भरी हुई थी और मदद के लिए चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे पड़ोसियों ने किसीप्रकार आग पर काबू पा लिया। रोजी व उसके तीन बच्चे जो बुरी तरह जल गए थे उन्हें सरकारी चेंगलपट्टू अस्पताल में ले जाया गया, जहां उनमें से एक डेढ़ साल के बालक आफताब की मौत हो गई।

### वाईएसआरसीपी विधायक वसंत कृष्ण तेदेपा में शामिल

**हैदराबाद।** तेलंगाना में युवाजना श्रामिका रैतु कांग्रेस पार्टी के मायलावरम के विधायक वसंत कृष्ण प्रसाद शनिवार को तेलुगु देशम पार्टी में शामिल हो गए। प्रसाद तेदेपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री नारा चंद्रबाबू नायडू की उपस्थिति में अपने निवास पर एक सादे समारोह में तेदेपा में शामिल हो गए। प्रसाद के साथ बड़ी संख्या में समर्थक शामिल थे, जिनमें एक मंडल प्रजा परिषद, दो एमपीपी, दो उप एमपीपी, 12 सरपंच, छह एमपीटीसी सदस्य, सात सोसायटी अध्यक्ष, दो मंडल पार्टी अध्यक्ष और उनके निर्वाचन क्षेत्र से चार पार्षद शामिल थे।

# जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग हिमपात व बरसात के कारण बंद

## लोगों को यात्रा करने से बचने की दी सलाह

**श्रीनगर,** 2 मार्च (एजेंसियां)। जम्मू कश्मीर के मैदानी इलाकों में भारी बारिश और ऊपरी इलाकों में हिमपात के कारण जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग को बंद कर दिया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। यातायात अधिकारियों ने कहा कि रामबन जिले में कई स्थानों पर भूस्खलन और पत्थर गिरने के कारण राजमार्ग अवरुद्ध हो गया है। यातायात विभाग के एक आधिकारिक बयान में शनिवार सुबह कहा गया, जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग भूस्खलन और पत्थरों के गिरने के कारण कई स्थानों पर अवरुद्ध है। पूरे राजमार्ग पर भारी बारिश हो रही है। लोगों को मौसम में सुधार होने और सड़क साफ होने तक राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-44)पर यात्रा करने से बचने की सलाह दी जाती है। अधिकारियों ने कहा कि घाटी से आने-जाने वाली उड़ानों का संचालन सामान्य है। बारिश के मौसम का ताजा दौर शुक्रवार को शुरू हुआ और शनिवार को पूरे जम्मू-कश्मीर में मध्यम से बहुत भारी बारिश और हिमपात जारी रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार बारामूला जिले के पर्यटन स्थल गुलमर्ग में शुक्रवार से 38.1. सेमी बर्फबारी दर्ज की गई है। विभाग ने कहा है कि पिछले 24 घंटों में श्रीनगर में 20.5 मिमी, कुपवाड़ा में 60.6 मिमी, कोकरनाग में 30.4 मिमी और गुलमर्ग में 62.0 मिमी बारिश हुई।



**उप्र लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर बोले मुख्य निर्वाचन आयुक्त**

# किसी भी तरह की गड़बड़ी के लिए डीएम-एसपी होंगे जिम्मेदार

**लखनऊ,** 2 मार्च (देशबन्धु)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 पूरी तरह से निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से होगा। अगर किसी भी निर्वाचन क्षेत्र में कोई गड़बड़ी या पक्षपातपूर्ण की घटना पाई जाती है तो इसके जिम्मेदार जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक होंगे।

इन बातों का जिक्र मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने शनिवार को विधान भवन के तिलक हाल में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में लोकसभा सामान्य निर्वाचन को लेकर की जा रही तैयारियों से आयोग संतुष्ट है। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने सबसे पहले अपने तीन दिवसीय दौरे के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग की टीम ने दौरे के पहले दिन राष्ट्रीय एवं राज्य मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक की थी। इस दौरान विभिन्न दलों के प्रतिनिधियों की तरफ से आयोग की टीम को कुछ सुझाव एवं आग्रह प्राप्त हुए थे, जिन पर




**मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए हाईराइज बिल्डिंग में मतदान केंद्र बनाएं जाएंगे : राजीव कुमार**

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने एक-एक करके अपनी बात रखी। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि मतदान के बाद सभी ईवीएम मतदान केंद्र से स्ट्रांग रूम तक सरकारी वाहन में भेजे जाएंगे। चुनाव के दौरान पहले प्रत्याशियों को 50-50 चेक की चार चेकबुक बैंक से बारी-बारी से प्राप्त होती थी। इससे उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था क्योंकि चुनाव के दौरान छोटे-छोटे खर्चे भी प्रत्याशियों को चेक के माध्यम से करने पड़ते थे। इस बार प्रत्याशी 200 चेक की चेकबुक बैंक से प्राप्त कर सकेंगे। इस संबंध में बैंकों को निर्देशित किया जा चुका है। मतदाताओं की सुलभता एवं मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए हाईराइज बिल्डिंग में मतदान केंद्र बनाएं जाएंगे।आपराधिक पृष्ठभूमि वाले प्रत्याशियों को तीन बार समाचार पत्रों में अपनी आपराधिक छवि के बारे में प्रकाशित करवाना पड़ेगा। इसके अलावा राजनीतिक दलों को भी समाचार पत्रों में यह प्रकाशित करवाना पड़ेगा कि क्यों उन्होंने अपराधिक पृष्ठभूमि वाले प्रत्याशी का चुनाव किया है।

## इलेक्ट्रोल रोल में अब तक 15 करोड़ 29 लाख 22 हजार मतदाता

आयोग ने बताया कि इस बार प्रकाशित हुए इलेक्ट्रोल रोल में उत्तर प्रदेश में अब तक 15 करोड़ 29 लाख 22 हजार मतदाता हैं, जिसमें महिलाओं की संख्या 7.15 करोड़ है। वहीं, 100 वर्ष से अधिक के मतदाताओं की संख्या 31 हजार है। इस बार थर्ड जेंडर, दिव्यांगजन और नए मतदाताओं की संख्या बढ़ी है। उन्होंने कहा कि 2024 में सभी को समान अवसर मिलेंगे। अफसरों और पुलिस को निष्पक्ष तरीके से काम करने का निर्देश दिया गया है। चुनाव में धन और बाहुबल का प्रयोग नहीं होगा। इस बार के चुनाव में तकनीक का सर्वाधिक इस्तेमाल किया जा रहा है। इस बार तीन एप लाए जा रहे हैं। एक एप से मतदाता चुनाव में होने वाले प्रलोभन, शराब और पैसों के वितरण के बारे में सीधे चुनाव आयोग से शिकायत कर सकते हैं। वोटर हेल्पलाइन दूसरा एप्लिकेशन है, जिससे वोटर अपनी जानकारी ले सकता है। नो योर कैंडिडेट एप्लिकेशन के माध्यम से वोटर अपने उम्मीदवार की सारी जानकारी ले सकेंगे।

# रामेश्वरम कैफे विस्फोट मेंगलुरु कुकर विस्फोट के समान : शिवकुमार

## सरकार स्वच्छ व निष्पक्ष जांच करने को प्रतिबद्ध

**बेंगलुरु,** 2 मार्च (एजेंसियां)। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने शनिवार को रामेश्वरम कैफे विस्फोट को मेंगलुरु कुकर विस्फोट से जोड़ते हुए कहा कि दोनों ही घटनाएं एक समान हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शिवकुमार ने यहां संवाददाताओं से कहा कि मेंगलुरु कुकर विस्फोट और इसके बीच एक संबंध है। हमारी पुलिस भी यही कह रही है। बम में इस्तेमाल की गई सामग्री समान थी। बम में एक टाइमर और अन्य चीजें थीं। मेंगलुरु और शिवमोग्गा की पुलिस बेंगलुरु में जांच में सहयोग कर रही है। यह स्थानीय सामग्रियों से किया गया कम तीव्रता वाला विस्फोट है। सरकार स्वच्छ और निष्पक्ष जांच करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमने



पुलिस को खुली छूट दे दी है। इस बीच ब्रुकफील्ड अस्पताल के चिकित्सा निदेशक डॉ. प्रदीप कुमार ने कहा कि वह अस्पताल में भर्ती तीनों मरीज ठीक हो रहे हैं। आईसीयू में भर्ती मरीजों में से एक की हालत ठीक है और सुधार के संकेत दिख रहे हैं। डॉ. प्रदीप ने कहा कि इससे पहले ऑपरेशन के बाद की अशांति के कारण आईसीयू के मरीज को निम्न रक्तचाप और उच्च रक्त शर्करा के स्तर से पीड़ित होना पड़ा।

### मामले की जांच में जुटी केंद्रीय अपराध शाखा

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शिवकुमार ने कहा कि केंद्रीय अपराध शाखा मामले की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि हमलावर को पकड़ने के लिए 7-8 समूह बनाए गए हैं और बेंगलुरुवासियों को डरना नहीं चाहिए। इस बीच, केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) के अधिकारियों ने बेंगलुरु मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन (बीएमटीसी) से जानकारी मांगी है क्योंकि उन्हें संदेह है कि मुख्य आरोपी ने बस ली थी।

## बिस्माह मीर पीपुल्स कॉन्फ्रेंस में शामिल

**श्रीनगर,** 2 मार्च (एजेंसियां)। नेशनल कॉन्फ्रेंस की पूर्व मीडिया विश्लेषक बिस्माह मीर शनिवार को यहां पीपुल्स कॉन्फ्रेंस में शामिल हो गई। पीपुल्स कॉन्फ्रेंस की ओर से जारी बयान में कहा गया कि पार्टी अध्यक्ष सज्जाद लोन ने बिस्माह का पार्टी में स्वागत किया और उन्हें गतिशील युवा, राजनीतिक और सामाजिक कार्यकर्ता करार दिया। पार्टी के एक प्रवक्ता ने कहा कि युवाओं में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए बिस्माह का जुनून सराहनीय है और उन्होंने उनका तहे दिल से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि युवाओं के साथ हमारा जुड़ाव स्पष्ट है। हमने हमेशा उन्हें सकारात्मक बदलाव के पीछे प्रेरक शक्ति माना है। आज का जुड़ाव इस बात का प्रमाण है कि ऊर्जावान युवा अपने दृढ़ संकल्प और ताकत के साथ समाज की बेहतरी में योगदान करने की इच्छा रखते हैं। इस मौके पर बिस्माह ने युवाओं को एक मंच प्रदान करने के लिए पार्टी नेतृत्व के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# केरल के राज्यपाल ने कुलपति ससींद्रनाथ को किया निलंबित

**पशु चिकित्सा के छात्र की मौत का मामला**

**तिरुवनंतपुरम,** 2 मार्च (एजेंसियां)। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने बीवीएससी द्वितीय वर्ष के छात्र सिद्दार्थ की मौत के संबंध में कर्तव्य में लापरवाही बरतने के लिए शनिवार को केरल पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति एम.आर. ससींद्रनाथ को निलंबित कर दिया। छात्र का शव 18 फरवरी को वायनाड स्थित उनके कॉलेज में फंदे से लटका मिला था। खान ने, जो राज्य में विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति भी हैं, यहां मीडिया से बात करते हुए



कहा कि उन्होंने अब केरल उच्च न्यायालय से अनुरोध किया है कि वह सिद्दार्थ की मौत की विस्तृत जांच के लिए उच्च न्यायालय या उच्चतम न्यायालय के एक न्यायाधीश या पूर्व न्यायाधीश को नियुक्त करें।

खान ने कहा कि छात्र की पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला है कि उसका पेट खाली था। कुछ गड़बड़ है क्योंकि न तो डीन और न ही वार्डन को पता था कि छात्र के साथ कई दिनों से क्या हो रहा था। उन्होंने कहा कि अब यह स्पष्ट हो गया है कि कई कॉलेजों में एसएफआई (सीपीआई-एम की छात्र शाखा) ने एक छात्रावास का नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया है और यहां तक कि कॉलेज के अधिकारी भी कार्रवाई करने से डरते हैं क्योंकि वे इसका इस्तेमाल अवैध गतिविधियों के लिए करते हैं। अब जानकारी मिली है कि इस घटना में एसएफआई और पीएफआई के कार्यकर्ता शामिल हैं।

**सौगात** *मोदी ने बंगाल को 15 हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं की दी सौगात*

# परियोजनाओं से बंगाल को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी

**कृष्णानगर, 2 मार्च (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल में 15 हजार करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का अनावरण किया। प्रधानमंत्री ने नादिया जिले के कृष्णानगर में शनिवार को एक आधिकारिक समारोह में इन परियोजनाओं का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं से बंगाल को आत्मनिर्भर।**

बनने में मदद मिलेगी और अधिक निवेश आएगा। उन्होंने कहा कि आधुनिकीकरण के लिए राज्य को बिजली पर आत्मनिर्भर होने की आवश्यकता है जो औद्योगिक विकास, रेलवे नेटवर्क और प्रौद्योगिकियों में मदद करती है। मोदी ने कहा कि उन्हें बंगाल में 11,000 करोड़ रुपये के निवेश की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि कभी अत्यधिक विकसित रहे बंगाल ने भारत के स्वतंत्र होने के तुरंत बाद उपेक्षा के कारण



**■ बंगाल को बताया पूर्वी भारत का प्रवेश द्वार**

धीरे-धीरे अपना महत्व खो दिया। मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के आरामबाग में 7200 करोड़ रुपए की कई परियोजनाओं का उद्घटन और शिलान्यास किया। ये परियोजनाएं रेल, बंदरगाह, तेल पाइपलाइन, एलपीजी आपूर्ति और अपशिष्ट जल उपचार जैसे विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित हैं। उन्होंने कहा कि बंगाल पूर्वी भारत का प्रवेश द्वार है और इसी के रास्ते पूर्वोत्तर भारत का विकास भी संभव है। प्रधानमंत्री ने पुरुलिया जिले के रघुनाथपुर में स्थित रघुनाथपुर थर्मल पावर स्टेशन चरण (2 गुणा 660 मेगावाट) का उद्घाटन और शिलान्यास किया। दामोदर घाटी निगम की यह कोयला आधारित ताप विद्युत परियोजना अत्यधिक कुशल एवं महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी का उपयोग करती है। नया प्लांट देश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक कदम होगा। लगभग 650 करोड़ रुपये की लागत से विकसित, एफजीडी प्रणाली ग्रिप गैसों से सल्फर डाइऑक्साइड को हटा देगी, स्वच्छ ग्रिप गैस का उत्पादन करेगी और जिप्सम बनाएगी, जिसका उपयोग सीमेंट उद्योग में किया जा सकता है।

### बिहार में हाशिये पर परिवारवादी राजनीति : मोदी

**पटना।** लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार के औरंगाबाद और बेगूसराय दौरे पर पहुंचे। यहां नीतीश कुमार भी मौजूद रहे। पीएम मोदी के आगमन को लेकर दोनों जिलों में भाजपा कार्यकर्ताओं से लेकर आम जनों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। पीएम मोदी ने बिहार के लोगों को 1.64 लाख करोड़ से अधिक की सौगात दी। पीएम मोदी बरौनी यूरिया प्लांट का भी उद्घाटन किया। वहीं, इससे पहले मोदी ने औरंगबाद में विपक्षी दलों पर जोरदार हमला बोला है। मोदी ने कहा है कि एनडीए की शक्ति बढ़ने के बाद बिहार में परिवारवादी राजनीति हाशिये पर जाने लगी है। इसके साथ ही उन्होंने परिवारवाद का नाम लेते हुए एक साथ कांग्रेस और राजद दोनों पर जोरदार हमला बोला।

# कैपिटल ज़ोन

उल्टा पुल्टा

बेटा ( अपनी मां से ) : मम्मी, आज मेरे दोस्त घर आ रहे हैं। प्लीज मेरे सारे खिलौने आपकी अलमारी में छुपा दो।
मम्मी : क्यों, क्या तुम्हारे सारे दोस्त चोर हैं?
बेटा : नहीं, वे अपनी चीजें पहचान लेंगे!!

# एलजी ने दी पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफ सीबीआई जांच को मंजूरी

**नई दिल्ली, 2 मार्च (देशबन्धु)।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने पूर्व मंत्री व आप नेता सत्येंद्र जैन के खिलाफ सीबीआई जांच की मंजूरी दे दी। जैन पर 200 करोड़ रुपये के ठगी के आरोपी सुकेश चंद्रशेखर से 10 करोड़ रुपए लेने का आरोप है। सीबीआई भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17 ए के तहत यह जांच करेगी। आरोप है कि तिहाड़ जेल में बंद रहने के दौरान शांति और आराम से रहने के नाम पर पैसे मांगे गए थे। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने जैन को गिरफ्तार किया था। वह भी सुकेश के साथ जेल में बंद थे। जेल में बंद जैन ने जेल अधिकारियों पर अपनी मालिश और दूसरी वीआईपी सुविधा प्रदान करने का दबाव डाला था। सीबीआई जांच को मंजूरी देते हुए उपराज्यपाल ने मामले में जरूरी कार्रवाई के लिए गृह मंत्रालय के पास भी भेज दिया है।



- सुकेश चंद्रशेखर से सुरक्षा राशि के रूप में दस करोड़ रुपए लेने का आरोप
- मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने जैन को किया था गिरफ्तार

उपराज्यपाल ने 9 फरवरी को तिहाड़ जेल के पूर्व डीजी संदीप गोयल, तिहाड़ जेल के तत्कालीन अधीक्षक राज कुमार के खिलाफ भी सीबीआई जांच की मंजूरी दी थी। अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक यह मामला सुकेश चंद्रशेखर द्वारा लगाए गए आरोपों से संबंधित है। इसमें सुकेश ने कहा है कि पूर्व मंत्री ने 2018-21 के दौरान विभिन्न किश्तों में व्यक्तिगत रूप से या अपने सहयोगियों के माध्यम से सुरक्षा राशि के रूप में उससे 10 करोड़ रुपये लिए थे। इसके बदले दिल्ली की विभिन्न जेलों (तिहाड़, रोहिणी और मंडोली) में आराम और शांति से रह सकता था। इस दौरान जैन जेल मंत्री थे। मामले की जांच सीबीआई द्वारा की जा रही है और सतर्कता निदेशालय (डीओवी) के माध्यम से उपराज्यपाल के पास इसकी अभियोजन मंजूरी का अनुरोध आया था।

## इन पर भी लगे हैं आरोप

सत्येंद्र जैन और राज कुमार के अलावा सुकेश ने 2019-22 के दौरान संदीप गोयल और मुकेश प्रसाद पर भी विभिन्न किश्तों में 12.50 करोड़ रुपये प्राप्त करने का आरोप लगाया था। जैन, गोयल, प्रसाद और कुमार पर लोक सेवक के रूप में अपने आधिकारिक पदों का दुरुपयोग करने और धन के बदले सुकेश चंद्रशेखर और दिल्ली की जेलों में बंद अन्य हाई-प्रोफाइल कैदियों को अनुचित लाभ पहुंचाने का आरोप है।

# एनडीएमसी ने किया 'रोज फेस्टिवल' का उद्घाटन



**नई दिल्ली, 2 मार्च (देशबन्धु)।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद एनडीएमसी के अध्यक्ष अमित यादव ने डच दूतावास के कृषि सलाहकार माइकल वॉन एर्केल की उपस्थिति में शनिवार को भारत-अफ्रीका मैत्री रोज गार्डन में 6 दिवसीय रोज फेस्टिवल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पालिका परिषद अध्यक्ष ने 10 से 21 फरवरी तक ट्यूलिप महोत्सव के दौरान आयोजित ट्यूलिप फोटोग्राफी प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया। फोटोग्राफी प्रतियोगिता के विजेता प्रेरणा, शम्पा मोइत्रा और गुकुलानंद नंदन रहे। एनडीएमसी के अध्यक्ष ने गिव मी ट्रीज़ ट्रस्ट एनजीओ के इशितयाक अहमद और ट्यूलिप फोटोग्राफी प्रतियोगिता के निर्णायक विक्रमजीत सिंह रूपराय को भी सम्मानित किया।

इस मौके पर एनडीएमसी अध्यक्ष अमित यादव ने कहा कि रोज फेस्टिवल, ट्यूलिप फेस्टिवल और फ्लावर फेस्टिवल दिल्ली के प्रमुख इवेंट कैलेंडर में प्रमुखता से जगह बना चुके हैं। हजारों फूल प्रेमियों ने नई दिल्ली के दिल की सुंदरता और खुशबू को बढ़ाने के लिए इस प्रकार के आयोजनों की सराहना की है। यादव ने बताया कि ट्यूलिप फेस्टिवल की सफलता और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े महानुभावों से सराहना के बाद, इस वर्ष एनडीएमसी कार्यक्रमों की श्रृंखला के साथ वसंत ऋतु का एक महोत्सव मना रही है। वसंत उत्सव की श्रृंखला के तहत, एनडीएमसी रोज फेस्टिवल 2 से 7 मार्च, 2024 तक छह दिनों के लिए भारत-अफ्रीका फ्रेंडशिप रोज गार्डन, शांति पथ, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली में सभी के लिए खुला रहेगा, जिसमें लगभग 75 से अधिक किस्मों के गुलाब प्रदर्शित किए गये हैं। जनता के लिए, यह न केवल गुलाबों की सुंदरता को प्रदर्शित करता है बल्कि नई दिल्ली क्षेत्र में खुशबू के साथ पर्यावरण को उत्तम भी बनाना है।

# नफरत के खिलाफ एनबीडीएसए की कार्रवाई सकारात्मक लेकिन अपर्याप्त : मदनी

### निगरानी करने के लिए एक अलग समिति की जाए गठित

**नई दिल्ली, 2 मार्च (देशबन्धु)।** जमीअत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद असद मदनी ने न्यूज ब्रॉडकास्टिंग एंड डिजिटल स्टैंडर्स अथॉरिटी (एनबीडीएसए) द्वारा टीवी चैनलों के खिलाफ की गई हालिया कार्रवाई को उन तथ्यों पर मुहर लगाने वाला बताया है जिनकी ओर जमीअत उलमा-ए-हिंद और देश के अन्य जागरूक संगठन लंबे समय से सरकार का ध्यान आकर्षित करते रहे हैं। लेकिन राजनीतिक स्वार्थ को राष्ट्र पर तरजीह देते हुए ऐसे कार्यक्रमों को न केवल चलने दिया गया बल्कि प्रोत्साहित भी किया गया। बता दें कि 28 फरवरी को आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में माननीय न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) एके सीकरी की अध्यक्षता में एनबीडीएसए ने अपनी आचार संहिता और प्रसारण मानकों के गंभीर उल्लंघन का हवाला देते हुए निजी न्यूज चैनलों से गत दो वर्षों में मुस्लिम विरोधी वीडियो हटाने के निर्देश जारी किए हैं और नस्लीय एवं धार्मिक सद्भाव से संबंधित विशिष्ट दिशानिर्देशों को उजागर करते हुए जुर्माना भी लगाया है। मदनी ने एनबीडीएसए की पहल को जिम्मेदार पत्रकारिता की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया है लेकिन उन्होंने कहा कि केवल इस स्तर की कार्रवाई संतोषजनक नहीं है। पहली बात तो यह है कि सजा की प्रकृति और जुर्माने की मात्रा काफी कम है, दूसरे, केवल निर्णय पारित करना पर्याप्त नहीं है। यह जरूरी है कि भविष्य में ऐसे एंकरों और टीवी चैनलों पर कड़ी नजर रखने के लिए एक पृथक कमेटी गठित की जाए और किसी की शिकायत का इंतजार किए बिना स्वत- संज्ञान लेकर कार्रवाई की जाए।



## सार संक्षेप

### निगम पार्षद शगुफ्ता चौधरी ने कराया गली नंबर 13 का निर्माण कार्य



**नई दिल्ली।** चौहान बांगर वार्ड 227 से निगम पार्षद शगुफ्ता चौधरी ज़ुबैर ने चुनाव में जनता से जो वादे किए थे उनको पूरा किया जा रहा है, इसी कड़ी में चौहान बांगर वार्ड की गली नंबर 13 जो काफी खराब हालत में थी, गली में नाली का पानी जमा होने से आने जाने वालों और नमाजियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था जिस को देखते हुए निगम पार्षद शगुफ्ता चौधरी ने गली का निर्माण कराया और अपना चुनावी वादा पूरा करते हुए गली को नाली मुक्त भी किया। गली का उद्घाटन सीलमपुर विधान सभा क्षेत्र के पूर्व विधायक चौधरी मतीन अहमद, बाबर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी ज़ुबैर अहमद और गली के गणमान्य लोगों के हाथों रिबन काट के किया गया। इस मौके पर सलीम टोंकी, रियाज़उद्दीन राजू, राव नावेद जर्रार अहमद, रईस सलमानी, जावेद बर्की, फैजान कुरैशी, चौधरी साजिद, आसिम हुसैन, रईस अंसारी, शकील अहमद, फहीम खान, खालिद खान, मोहम्मद आमिर, मुकीम अहमद, मोहम्मद अनवार अंसारी, अब्दुल रहमान, अता उर रहमान,के नाम उल्लेखनीय हैं।

### जांच से केजरीवाल का एक और नापाक चेहरा बेनकाब होगा : कपूर



**नई दिल्ली।** दिल्ली बीजेपी प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना द्वारा दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येन्द्र जैन के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति देने के फैसले का स्वागत किया उन्होंने कहा कि जल्द ही जांच से टीम अरविंद केजरीवाल का एक और नापाक चेहरा बेनकाब होगा। जल्द ही हम इसे अच्छी तरह से स्थापित होते देखेंगे कि कैसे जेल मंत्री रहते हुए सत्येन्द्र जैन ने तिहाड़ और दिल्ली की अन्य जेलों में बंद अपराधियों से जबरन वसूली का एक रैकेट चलाया।

### रोहिंग्याओं को घुसपैठ कराने में मदद करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** आईजीआई हवाई अड्डे की टीम ने पश्चिम बंगाल के एक एजेंट को रोहिंग्याओं को घुसपैठ कराने के मामले में गिरफ्तार किया है। आरोप है कि उसने रोहिंग्याओं को अंतरराष्ट्रीय यात्रा के लिए फर्जी भारतीय पहचान व पासपोर्ट तैयार कराने में उनकी मदद की थी। पुलिस आरोपी से पूछताछ में जुटी हुई है। डीसीपी एयरपोर्ट, उषा रंगनानी ने इसकी पुष्टि की है।

### भाजपा के सात सांसदों को बाहर फेंक दें : आतिशी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा सांसद गौतम गंभीर के राजनीति छोड़ने के एलान के बाद दिल्ली मंत्री आतिशी ने जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया है कि गौतम गंभीर समेत दिल्ली के किसी भी सांसद ने कोई काम नहीं किया है। दिल्ली मंत्री आतिशी ने भाजपा सांसद गौतम गंभीर के राजनीति छोड़ने के अनुरोध पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। आतिशी ने कहा कि पूर्वी दिल्ली से भाजपा का सांसद गौतम गंभीर ने ट्वीट किया। उन्होंने राजनीति से संन्यास लेने की इच्छा जताई है। इससे साफ हो जाता है कि भाजपा पूर्वी दिल्ली से उन्हें टिकट नहीं दे रही है।

# निगम प्रशासन को हाईकोर्ट की लताड़ आप की नाकामयाबी का सबूत : राजा इकबाल

### आप के शासन काल में निगम की व्यवस्था बुरी तरह से चरमरा गई



**नई दिल्ली, 2 मार्च (देशबन्धु)।** दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने निगम कर्मचारियों के वेतन का समय पर वेतन भुगतान न होने के कारण निगम को पड़ी हाईकोर्ट की लताड़ पर आप पार्टी पर तीखा हमला बोला। सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि निगम चुनाव के समय दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल छाती ठोककर निगम कर्मचारियों के वेतन का समय से भुगतान करने की गारंटी देते थे किंतु आज हालात यह हैं कि वेतन के लिए कर्मचारियों को हाईकोर्ट की शरण लेनी पड़ रही है। सरदार राजा इकबाल सिंह ने निगम प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर निगम अपने कर्मचारियों के वेतन का भुगतान नहीं कर सकता तो निगम को भंग कर देना चाहिए। सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि इससे पता चलता है कि आप के शासन काल में निगम की व्यवस्था बुरी तरह से चरमरा गई है एवं आम आदमी पार्टी की सरकार निगम को चला पाने में बुरी तरह विफल साबित हुई है। सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि एक बार वेतन का भुगतान कर अरविंद केजरीवाल ने 6000 कर्मचारियों को त्यागराज स्टेडियम में इकट्ठा कर अपनी पीठ थपथपा ली किंतु उस दिन से लेकर आज तक कर्मचारियों के वेतन का भुगतान समय से नहीं हुआ है।

सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि दिल्ली में एवं निगम में आम आदमी पार्टी की सरकार है तो निगम कर्मचारियों के वेतन का भुगतान समय से क्यों नहीं हो रहा है।सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि निगम में आप पार्टी के शासन में दिल्ली के निवासियों पर करों का बोझ अप्रत्याशित रूप से बढ़ाया गया है तो फिर भी कर्मचारियों के वेतन का भुगतान समय से क्यों नहीं हो पा रहा है।



भाजपा कार्यालय में दिल्ली से भाजपा लोकसभा चुनाव के उम्मीदवार प्रवीण खंडेलवाल बांसुरी स्वराज और कमलजीत सहरावत। फोटो इम्तियाज खान

# विधायक अजय महावर ने आठ गलियों का किया शिलान्यास



**नई दिल्ली, 2 मार्च (देशबन्धु)।** घोंडा वार्ड 231 की गलियों के निर्माण कार्य का शिलान्यास घोंडा विधायक अजय महावर ने अपने विधायक फंड से किया। जिसमें निगम पार्षद प्रीति गुप्ता का विशेष सहयोग रहा। जिनमें गली नंबर 2 के ब्लॉक से एल ब्लॉक जयप्रकाश नगर और लिंक गलियां, गली नंबर 3 और गली नंबर 6 यू ब्लॉक अरविंद नगर, गली नंबर 2, 3 लक्ष्मीबाई मार्ग और लिंक गलियां 4 और 4डी, और गली नंबर 5 गौतम विहार की लिंक गलियां शामिल हैं। इस अवसर पर घौंडा वार्ड 231 की निगम पार्षद प्रीति गुप्ता, उत्तर पूर्वी जिलाध्यक्ष पूनम चौहान एवं मौजपुर पार्षद अनिल गौड़ भी उपस्थित रहे। अजय महावर ने कहा कि इन गलियों के निर्माण कार्य में लगभग 50 लाख की लागत आएगी, जो काफी समय से जर्जर हालत में थीं। उन्होंने कहा कि इन गलियों का निर्माण जल्द-जल्द अच्छी गुणवत्ता के साथ किया जाएगा। इस अवसर पर निगम पार्षद प्रीति गुप्ता ने कहा कि क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए वह हमेशा निरंतर प्रयास करती रहेंगी। क्षेत्र वासियों ने गलियों के निर्माण कार्य शिलान्यास के लिए विधायक अजय महावर, पार्षद प्रीति गुप्ता, जिला अध्यक्ष पूनम चौहान का आभार व्यक्त किया। इस अवसर दिनेश धामा, मेहरबान अली, शालू, अफजाल, कादिर, मोनी सहित सैंकड़ों लोग मौजूद थे।

**50 लाख की लागत से होगा निर्माण**

# वॉयस ऑफ कलर्स प्रदर्शनी में कलात्मक उत्कृष्टता के दर्शन

**नई दिल्ली, 2 मार्च (देशबन्धु)।** साहित्य कला परिषद, एनसीटी दिल्ली सरकार के कला और संस्कृति विभाग ने बीकानेर हाउस, पंडारा रोड में वॉयस ऑफ कलर्स प्रदर्शनी का अनावरण किया। प्रदर्शनी का उद्घाटन दिल्ली के कला एवं संस्कृति मंत्री सौरभ भारद्वाज ने किया। उनकी उपस्थिति इस बात का सबूत है कि राजधानी में कला को बढ़ावा देने में सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। 1 मार्च से शुरू हुई इस प्रदर्शनी में वर्ष 2017 और 2024 में साहित्य कला परिषद द्वारा आयोजित आर्टिस्ट कैंप की असाधारण कलाकृतियां प्रदर्शित की गई हैं। इस प्रदर्शनी से प्रसिद्ध कलाकारों की विविध प्रतिभाओं और रचनात्मकता को एक मंच मिला है। प्रदर्शनी में अजय समीर, अनुपम सूद, धर्मेंद्र राठौड़, गोपू गजवानी, हेमराज, जगंथ पांडा, माधवी पारेख, मनीषा पुस्कले, मन्नू पारेख, मनोज अग्रवाल, मिलन शर्मा, रितु कामथ, साबिया, शोभा ब्रूटा, श्रीधर अय्यर और यूसुफ जैसे प्रसिद्ध कलाकार शामिल हैं। यह प्रदर्शनी समकालीन कलात्मकता का एक विविध कैनवास प्रस्तुत करती है। प्रदर्शनी में प्रसिद्ध कलाकार सबिया की प्रकृति के आकर्षक चित्रण से लेकर श्रीधर अय्यर की गतिशील रचनाओं तक प्रत्येक कलाकृति दर्शकों को रचनात्मकता और अभिव्यक्ति के जीवंत क्षेत्र में अन्वेषण और खोज की यात्रा पर ले जाती है।



# दिल्ली में जामिया कैंपस में हुई झड़प में तीन घायल

**नई दिल्ली, 2 मार्च (देशबन्धु)।** जामिया मिलिया इस्लामिया (जेएमआई) परिसर में दो समूहों के बीच हुई झड़प में दो छात्रों सहित तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। घायलों की पहचान बाटला हाउस निवासी आदिल खान, छात्र जफर और साकिब के रूप में हुई है। घटना शुक्रवार शाम की है। अधिकारियों के अनुसार, जामिया के कुछ मौजूदा और पूर्व छात्र क्षेत्रीय आधार पर जुड़े हुए हैं-जिसमें पूर्वांचल, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और मेवात शामिल हैं। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, कभी-कभी, ये समूह बेहद छोटे-छोटे मुद्दों पर एक-दूसरे से लड़ते हैं। इसमें पूर्व छात्रों की भागीदारी से ये और भी बदतर हो जाता है। पुलिस ने कहा कि शुक्रवार की रात करीब 8.25 बजे जामिया परिसर में झगड़े के बारे में एक कॉल मिली, जिसके बाद पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस उपायुक्त राजेश देव ने कहा, बाद में एम्स ट्रॉमा सेंटर और होली फैमिली अस्पताल से जानकारी मिली कि घटना में तीन लोग घायल हुए हैं। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि जिन तीनों को चोटें आई वो नवीद हसन, शारुख त्यागी, नोमल त्यागी, नोमल अली, अब्दुल हसन, जुबैर चौधरी और फरीद चौधरी से लड़ाई के दौरान आई। डीसीपी ने कहा आईपीसी के तहत दंगा और धारा 308 का केस दर्ज किया गया है।


**ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्लॉट नं0-01, सेक्टर-के0पी0-04, ग्रेटर नोएडा सिटी
जिला-गौतमबुद्धनगर
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि AWHO, Gurjinder Vihar, के माध्यम से आवंटित भवन संख्या-2-N-203, 2nd Floor, Sector-Chi-1, Builder's Area, Pocket- P5, क्षेत्रफल-185.08 वर्ग मीटर Maj. Gen. S.K. Sinha S/o Late Ramananda Sinha & Smt. Kamal Sinha W/o Maj. Gen. S.K. Sinha के पक्ष में हस्तांतरित/पंजीकृत है। मूल आवंटी Maj. Gen. S.K. Sinha की मृत्यु दिनांक-07.03.2019 को हो जाने के उपरान्त वसीयत के आधार पर पूर्ण रूप से सह आवंटी Smt. Kamal Sinha W/o Late Maj. Gen. S.K. Sinha ने उक्त भवन को अपने पक्ष में नामान्तरण कराने हेतु आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराना सूनिश्चित करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में मूल आवंटी Maj. Gen. S.K. Sinha के स्थान पर वसीयत के आधार पर पूर्ण रूप से सह आवंटी Smt. Kamal Sinha W/o Late Maj. Gen. S.K. Sinha के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रभारी (ग्रप हाउसिंग )
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

**ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

भूखण्ड संख्या-1, के0पी0-4 ग्रेटर नोएडा सिटी
जि0-गौतमबुद्ध नगर, उ0प्र0।
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सिग्मा आवासीय भूखण्डों की योजना के अन्तर्गत भूखण्ड संख्या-147, BLOCK-C, AREA-500, SECTOR-SIGMA-02, ALLOTMENT NO.-SIGMA60053, GREATER NOIDA, आवंटी SH. VINAY KUMAR KARAN S/O LATE SH. GOVARDHAN LAL KARAN के पक्ष में आवंटित है। आवंटी SH. VINAY KUMAR KARAN S/O LATE SH. GOVARDHAN LAL KARAN की मृत्यु दिनांक 18.11.2023 को हो जाने के उपरान्त उक्त भूखण्ड को बिल के आधार पर मृतक आवंटी के पुत्र SH. GOVARDHAN LAL KARAN S/O LATE SH. RAMESHWAR PRASAD उपरोक्त वर्णित भूखण्ड को पूर्ण रूप से अपने पक्ष में नामान्तरण करने हेतु प्राधिकरण में आवेदन किया है। इस नामान्तरण के सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में स्वर्गीय SH. GOVARDHAN LAL KARAN S/O LATE SH. RAMESHWAR PRASAD के स्थान पर भूखण्ड को उनके पुत्र SH. VINAY KUMAR KARAN S/O LATE SH. GOVARDHAN LAL KARAN, R/O- C-9, 9th FLOOR, TOWER-6, NEW MOTI BAGH NEW DELHI-110023 का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

विशेष कार्याधिकारी (सम्पत्ति )
ग्रेटर नौएडा औ0 वि0 प्राधिकरण


**कार्यक्रम** स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में हुआ आयोजन

# प्रगति मैदान में भारतीय उद्यमिता उत्सव आयोजित

**नई दिल्ली, 2 मार्च (देशबन्धु)। समाधान समूह और स्वावलंबी भारत अभियान के सहयोग से स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में शनिवार को दिल्ली के प्रगति मैदान में भारतीय उद्यमिता उत्सव 2024 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वावलंबी भारत अभियान के अखिल भारतीय सह समन्वयक जितेंद्र गुप्ता व समाधान ग्रुप के अध्यक्ष सीए मुकेश शुक्ला ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि लोग उद्यमिता को पहचानें और उसका जश्न मनाएं।**

प्रगति मैदान के भारत मंडपम में शुरू हुए इस कार्यक्रम में दो सत्र रखे गए थे। पहले सत्र उद्यमिता की नींव में मुख्य रूप से उद्यम की स्थापना पर फोकस किया गया, जिसमें कृषि, फूड प्रोसेसिंग, सर्विसेस, रियल स्टेट व अन्य क्षेत्रों पर चर्चा हुई। दूसरे सत्र उद्यमिता का भविष्य में स्टार्टअप, मैन्युफैक्चरिंग, महिला उद्यमी, सामाजिक उद्यम और शिक्षा पर चर्चा की गई। इस दौरान जाने माने मोटिवेशनल स्पीकर शिव खेड़ा समेत औद्योगिक क्षेत्र की कई बड़ी हस्तियों ने सत्र को संबोधित किया। इसके साथ ही विभिन्न व्यवसायों से जुड़े उत्कृष्ट उद्यमियों को अलग-अलग श्रेणी के अंतर्गत सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जूना पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि थे। कार्यक्रम में स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय संयोजक आर सुंदरम और स्वावलंबी भारत अभियान के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर प्रो. भगवती प्रसाद शर्मा भी उपस्थित रहे। मुकेश शुक्ला ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय उद्यमियों की प्रेरक यात्राओं को सामने लाना और स्टार्टअप को सफल कथाओं से युवाओं को प्रोत्साहित करना था।





- जूना पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि थे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि
- उत्कृष्ट उद्यमियों को अलग-अलग श्रेणी के अंतर्गत किया गया सम्मानित

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच** "

अभी भी सेक्टरों में बिजली की समस्याओं का पूरी तरह से समाधान नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि इन समस्याओं को जल्द से जल्द समाधान किया जाए। बिजली विभाग को अधिक से अधिक फंड दिलवाने का प्रयास किया जाएगा जिससे कि बिजली वितरण प्रणाली को मजबूत किया जा सके।

**योगेंद्र शर्मा, फोनरवा अध्यक्ष**

# किसानों को फर्जी तरीके से बांटा 117 करोड़ मुआवजा

■ एसआईटी ने 1198 फाइलों की जांच की ■ 20 प्रकरण में मिली अनियमितता

**नोएडा,** 2 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण में मुआवजा वितरण मामले में एसआईटी की रिपोर्ट में बड़ा खुलासा हुआ है। तीन अधिकारियों ने मिलकर प्राधिकरण को करीब 117 करोड़ रुपए राजस्व का नुकसान पहुंचाया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार एसआईटी ने नोएडा प्राधिकरण में 1 अप्रैल 2009 से 2023 तक कुल 15 सालों के मुआवजा वितरण संबंधित कुल 1198 फाइलों को खंगाला। जिसमें कुल 20 मामलों में मुआवजा वितरित करने में अनियमितता बरती गई। हालांकि बाकी प्रकरणों में मुआवजा वितरण सही पाया गया। एसआईटी ने अपनी रिपोर्ट में शुरुआत में 12 और बाद में 8 नए प्रकरण सामने आए थे। जिनमें मुआवजा अधिक दिया गया। एसआईटी ने रिपोर्ट में लिखा कि नोएडा प्राधिकरण पर कोई विधिक बाध्यता नहीं थी। न्याय का संतुलन नोएडा प्राधिकरण के पक्ष में था फिर भी काश्तकारों से समझौता किया गया। नोएडा प्राधिकरण के विधि विभाग के कनिष्ट सहायक, सहायक विधि अधिकारी और विधि अधिकारी द्वारा तत्यों को छुपाकर किसानों से मिली भगत करके अतिरिक्त रकम दी गई। दरअसल, गेझा-तिलपताबाद के मुआवता वितरण की अनियमितताओं की बात सामने आने पर यह जांच शुरू हुई थी। सुप्रीम कोर्ट ने 14 सितम्बर 2023 को नोएडा प्राधिकरण व शासन को फटकार लगाते हुए कहा था कि यह गड़बड़ी सिर्फ विधि अधिकारी स्तर के नहीं कर सकते। इसकी विस्तृत जांच होनी चाहिए। फिर प्रदेश सरकार ने एसआईटी का गठन किया था। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद प्रदेश सरकार ने इस मामले में बोर्ड ऑफ रेवेन्यू के चेयरमैन हेमंत राव की अध्यक्षता में एसआईटी गठित की थी। जिसके बाद ये जांच हुई।

**इन गांवों की 1198 फाइलों को एसआईटी ने चेक**

चौड़ा रघुनाथपुर, सदरपुर, इलाबांस, रसूलपुर नवादा, निठारी, चौड़ा सादमपुर, मामूरा, गिझौड़, याकूबपुर, नगलाचरण दास, गेझा तिलपताबाद, छलेरा बांगर, भंगेल बेगमपुर, मोरना, ककराला, मकपुरर खादर, कुलेसरा, होशियारपुर शामिल है।

**एसआईटी की जांच में किन फैक्ट का बनाया आधार इसे देखे**

जांच में पाया गया कि प्राधिकरण ने उच्च न्यायालय में लंबित अपील को दिखाते हुए किसानों के साथ इस आधार पर समझौता किया गया कि वे अपनी अपील वापस ले लेंगे। कोर्ट के आदेश 21 जुलाई 2014 में अपनी को निरस्त किया जा चुका था। जिसमें कोर्ट ने मुआवजा की दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं की थी। इस तथ्य को प्राधिकरण ने संज्ञान में नहीं लिया। संबंधित किसानों ने 1993 के आदेश के अनुपालन में करीब 22 सालों बाद प्रथम अपील थी। जबकि 2014 में इन अपीलो का निस्तारण करते हुए मुआवजा दर नहीं बढ़ाया गया। ये अपील प्राधिकरण से बढ़ी दर से मुआवजा लेने की मंशा से योजित की गई। इन अनियमित अपीलों को नियमित मानते हुए समझौते के आधार पर 297 प्रति वर्ग गज की दर से मुआवजा दिया गया। जबकि प्राधिकरण ने गहनता पूर्वक इसका परिक्षण नहीं किया।

**पहले वो 12 मामले जिनको बनाया गया आधार**

| किसान | गांव | भुगनात किया गया मुआवजा |
|---|---|---|
| फुंदन | गेझा तिलपताबाद | 72680427 |
| भुल्लड़ | गेझा तिलपताबाद | 91712426 |
| दलीप | गेझा तिलपताबाद | 194026437 |
| गोपी | गेझा तिलपताबाद | 15350397 |
| विद्यावती | गेझा तिलपताबाद | 38066960 |
| सोहन | गेझा तिलपताबाद | 33438825 |
| छिद्दा | गेझा तिलपताबाद | 10761110 |
| हंसराज | गेझा तिलपताबाद | 310786836 |
| रामरतन | गेझा तिलपताबाद | 81190568 |
| हो राम | गेझा तिलपताबाद | 23899744 |
| सालिगराम | गेझा तिलपताबाद | 41639607 |
| रामे | गेझा तिलपताबाद | 9641365 |

**अब जांच के बाद आठ और मामले आए समाने जिनमें बरती गई अनियमितता**

| किसान | गांव | मुआवजा |
|---|---|---|
| राधे | भूड़ा | 1,1750,188 |
| तेज सिंह | भूड़ा | 25996233 |
| करन सिंह | भूड़ा | 83,73409 |
| किशनलाल | भूड़ा | 4855452 |
| देशराज | भूड़ा | 1,8287432 |
| दिलीप | भूड़ा | 24055375 |
| उदयराज | भूड़ा | 11,14,47,592 |
| राजेंद्र प्रसाद | नगलाचरण दास | 51816704 |

## आईटी इंजीनियर महिला के साथ लाखों की ठगी

**नोएडा,** 2 मार्च (देशबन्धु)। मुंबई से ताइवान जा रहे पार्सल में ड्रग्स होने की बात कहकर जालसाजों ने महिला आईटी इंजीनियर को सात घंटे तक डिजिटल अरेस्ट कर लिया। उससे 3.75 लाख रुपए की ठगी कर ली। जेल जाने के डर से महिला ने जालसाजों द्वारा बताए गए खाते में रकम ट्रांसफर कर दी। पीड़िता के पति की शिकायत पर सेक्टर-39 पुलिस ने आईटी एक्ट और धोखाधड़ी की धारा में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सेक्टर 45 स्थित आम्रपाली सफायर सोसाइटी निवासी चिराग ने पुलिस को बताया कि उनकी पत्नी सुकीर्ति वर्मा के मोबाइल पर सुबह साढ़े दस बजे के करीब अनजान नंबर से कॉल आई। कॉल फेडेक्स कोरियर सर्विस से थी। फोन करने वाले ने बताया कि सुकीर्ति के नाम पर एक कोरियर मुंबई से ताइवान जा रहा था। जिसे कस्टम अधिकारियों ने जप्त कर लिया है। इस कोरियर से ड्रग्स और चार पासपोर्ट के अलावा आपत्तिजनक सामान मिला है।

**भरोसा दिलाने के लिए पुलिस वर्दी में की स्काइप कॉल**

इसके बाद फेडेक्स कोरियर सर्विस के कर्मचारियों ने उसकी कॉल को एक पुलिस अधिकारी के पास ट्रांसफर कर दी। पुलिस अधिकारी ने महिला इंजीनियर को जेल भेजने का डर दिखाकर उनसे अकाउंट डिटेल ले ली। नकली पुलिस अधिकारी ने बताया कि महिला के नाम से भेजे जा रहे कोरियर से ड्रग्स व आपत्तिजनक सामान मिले हैं। इस कारण उन्हें जेल हो सकती है।

## सार संक्षेप

### घरेलू विवाद में पति ने पत्नी की गला घोटकर कर दी हत्या

**गाजियाबाद।** थाना मसूरी क्षेत्र के अंबेडकर इलाके में एक पति ने घरेलू विवाद के चलते अपनी पत्नी की गला घोटकर हत्या कर दी और फरार हो गया। हालांकि पुलिस ने कुछ घंटे में ही उसको गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ कर रही है। एसीपी मसूरी नरेश कुमार ने बताया कि आज मसूरी पुलिस को कुछ लोगों ने सूचना दी कि अंबेडकर नगर में भरत नामक व्यक्ति ने अपनी पत्नी सुनीता (51 वर्ष) की गला घोटकर हत्या करदी है और फरार हो गया है। सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। साथ ही पुलिस ने भरत को गिरफ्तार कर लिया है। भरत ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि चार दिन पहले अपनी पत्नी से घरेलू विवाद में कहा सुनी हो गई थी। जिससे गुस्से में आकर उसने उसका गला घोट कर हत्या कर दी। पुलिस ने महिला के परिजनों को सूचना दे दी है और विस्तृत जांच पड़ताल कर रही है।

### घर से ट्यूशन पढ़ने गई छात्रा हुई लापता

**नोएडा।** सलारपुर में रहने वाली एक 17 वर्षीय छात्रा घर से ट्यूशन पढ़ने जाने के दौरान लापता हो गई है। इसको लेकर छात्रा के परिजनों ने सेक्टर 49 थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस को दी गई शिकायत में विपिन ने बताया कि वह परिवार के साथ सलारपुर में रहते हैं। उन्होंने बताया कि उनकी 17 वर्षीय छोटी बहन 17 फरवरी को घर से शाम को साढ़े चार बजे ट्यूशन पढ़ने के लिए गई थी। इस दौरान वह कहीं लापता हो गई है। उन लोगों ने अपनी बहन को काफी तलाश किया लेकिन उसकी कोई जानकारी नहीं मिल पाई। पीड़ित युवक ने सलारपुर में रहने वाले सुभाष नाम के एक युवक पर उनकी बहन को बहला फुसलाकर ले जाने का संदेह जाहिर किया है। थाना प्रभारी ने कि मामले में युवक की शिकायत पर गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। पुलिस की टीम लापता छात्रा की तलाश में जुटी हुई है।

### पुलिस ने दो शातिर वाहन चोरों को पकड़ा

**नोएडा।** नोएडा की थाना सेक्टर-63 पुलिस ने दो शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 6 वाहन बरामद किए गए है। इनके पास से पांच फर्जी नंबर प्लेट मिली है। ये लोग दो पहिया वाहनों पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर उनको सस्ते दामों पर बेच देते थे। मिले पैसे आपस में बांट लेते थे। इनका एक साथी फरार है। पुलिस ने टीम गठित की है। जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी। पकड़े गए बदमाश रमेश और संतोष है। इनका एक साथी सरवन अभी फरार है। मुखबीर से सूचना मिली कि बदमाश एक चोरी की बाइक को फर्जी नंबर प्लेट लगाकर बेचने जा रहे है। पुलिस ने चेकिंग शुरु की। इस दौरान एक बाइक से दो लोग आते दिखे। पुलिस को शक हुआ और रुकने का इशारा किया। पुलिस ने दोनों बदमाशों को जी-56 चौराहे के पास सी- ब्लॉक सेक्टर 63 से गिरफ्तार किया। इनके पास से बरामद स्कूटी और बाइक नोएडा के अलग-अलग थाना क्षेत्र से चुराए गए थे। पुलिस ने बताया कि रमेश, संतोष और सरवन एक साथ मिलकर नोएडा के अलग अलग क्षेत्र से मोटर साइकिल एंव स्कूटी चोरी करते थे। उनका कुछ हुलिया बदलकर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर मौका पाकर बारी-बारी से मोटर साइकिल एवं स्कूटी को बेच देते थे। मौके पर मिली मोटर साइकिल उनके व सरवन द्वारा एक साथ मिलकर करीब 5 माह पहले नोएडा के सरकारी अस्पताल के पास से चोरी की थी। इस पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर आज इसे बेचने जा रहे थे। इनका आपराधिक रिकार्ड खंगाला जा रहा है।

## निगम ने हटाया सड़क किनारे से अवैध कब्जा, 48 हजार का जुर्माना वसूला



**गाजियाबाद,** 2 मार्च (देशबन्धु)। नगर निगम ने सिटी जोन के अंतर्गत मार्गों को खाली कराया गया तथा अतिक्रमण को हटाया गया साथ ही दुकानदारों से अपनी सीमा में बैठने की अपील की गई। कार्रवाई के अंतर्गत 48 हजार रुपए का जुर्माना भी वसूला गया। शहर के पांचो जोन रोस्टर के क्रम में अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई कर रहे हैं मोहन नगर जोन तथा सिटी जोन में मार्गो को खाली करने तथा आवागमन सरल बनाने की श्रृंखला में कार्रवाई की गई। जिसमें सिटी जोन के अंतर्गत घंटाघर के मार्केट एरिया में अभियान चलाया गया तथा 48000 जुर्माना भी वसूला गया, मोहन नगर जोन के अंतर्गत शालीमार गार्डन में अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई हुई जिसमें लगभग 65000 का जुर्माना भी वसूला गया, गाजियाबाद नगर निगम के जोन प्रभारी की टीम दुकानदारों से अपील कर रही है कि वह सड़कों पर अतिक्रमण न करें तथा आवागमन को सुव्यवस्थित बनाए रखने में सहयोग करें अपील की जा रही है।

## प्राधिकरण का चला बुलडोजर, हटाया अतिक्रमण

**4200 वर्गमी जमीन कराई गई खाली, 10 करोड़ आंकी गई कीमत, पहले से थी नियोजित**

**नोएडा,** 2 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण ने लगातार अवैध अधिकरण के खिलाफ अभियान चला रही है। सेक्टर-167 गांव असदुल्लापुर क्षेत्र में बने रहे हाउसिंग परियोजना पर प्राधिकरण ने बुलडोजर चलाकर उसे ध्वस्त किया। इस कार्रवाई के दौरान मौके पर प्रबंधक और स्थानीय पुलिस मौजूद रही। इस एक्शन के बाद आसपास अवैध अतिक्रमण कर रखें लोगों में हड़कंप मच गया है। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि गांव असदुल्लापुर में खसरा नंबर 95 में प्राधिकरण की अर्जित भूमि है।



मास्टर प्लान 2031 के अनुसार ये कुछ लोग अवैध निर्माण कर इसे कब्जाने की कोशिश कर रहे थे। इस जमीन को खाली करने के लिए कई बार नोटिस भेजा गया लेकिन जमीन खाली नहीं कराई गई। सर्कल 9 के नेतृत्व में प्राधिकरण का दस्ता असदुल्लापुर गांव में पहुंचा। यहां लगभग 4200 वर्ग मीटर और दस करोड़ रुपए की भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया है। जमीन पर अवैध रूप से कंस्ट्रक्शन किया गया था। नोएडा प्राधिकरण सीईओ लोकेश एम. ने चेतावनी दी है कि प्राधिकरण के अधिसूचित एरिया में किसी भी व्यक्ति ने अवैध कब्जे की कोशिश की तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि इन कालोनाइजरों के झांसे में आकर अपनी गाढ़ी कमाई न फंसाएं। नोएडा के अधिसूचित एरिया में किसी भी व्यक्ति को अवैध निर्माण करने की इजाजत नहीं है। कहीं भी जमीन खरीदने से पहले प्राधिकरण से संपर्क कर पूरी जानकारी जरूर प्राप्त कर लें।

**पहले भी ध्वस्त किया गया था अवैध निर्माण**

प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि यहां पहले भी अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया था। लेकिन इसने दोबारा से इस जमीन पर अवैध रूप से प्लाटिंग शुरू कर दी थी। इस बार नोटिस जारी कर अवैध निर्माण ध्वस्त किया गया। साथ ही चेतावनी दी कि यदि फिर निर्माण किया तो कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## विकसित भारत की अखंडता, संप्रभुता व सुरक्षा की गारंटी है मोदी सरकार : धनकर

**भाजपा का प्रबुद्ध सम्मेलन में पहुंचे राष्ट्रीय मंत्री**

**गाजियाबाद,** 2 मार्च (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री ओम प्रकाश धनकड़ ने शनिवार को यहां कहा कि विकसित भारत की अखंडता, संप्रभुता और सुरक्षा मोदी सरकार की गारंटी है। धनकड़ भारतीय जनता पार्टी जिला महानगर इकाई की ओर से शनिवार को दिल्ली मेरठ रोड स्थित आरकेजीआईटी कॉलेज के सभागार में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे। प्रबुद्ध सम्मेलन की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। ओम प्रकाश धनकड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी आज जो अपने सर्वोच्च शिखर पर है। उसमें कार्यकर्ताओं के साथ आप सभी प्रबुद्धजनों का भी योगदान है। आप सभी समाज के बहुत ही महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। आपके द्वारा जनता में प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत अभियान से लेकर कोरोना वैक्सीन के निर्माण व टीकाकरण को समाज के हर व्यक्ति तक



पहुंचाया गया। धनकड़ ने कहा कि जब तक देश की बागडोर मोदी के हाथों में है तब तक देश की संप्रभुता, अखंडता और सुरक्षा की तरफ कोई भी देश आंख उठाकर नहीं देख सकता है। अनुच्छेद 370 का खात्मा, अयोध्या भव्य मंदिर निर्माण, तीन तलाक, लद्दाख व जम्मू कश्मीर को केंद्र शासित राज्य घोषित करने जैसे अभूतपूर्व निर्णय व कार्य हैं। उन्होने बदलते भारत की तस्वीर संतों, देशभक्तों, समाजसुधारकों की पहचान से ओत प्रोत दिखाई पड़ती है। लोकसभा संयोजक अजय शर्मा ने प्रस्तावना के दौरान लोकसभा चुनाव की सभी तैयारियां पुख्ता बताते हुए गाजियाबाद की जीत के मार्जिन को बढ़ाने की ओर चुनाव को केंद्रित करने का लक्ष्य बताया। गाजियाबाद महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने गाजियाबाद को प्रबुद्ध नगरी बताते हुए सभी का आभार जताया। लोकसभा प्रबुद्ध जन सम्मेलन को जिलाध्यक्ष सतपाल सिंह, महापौर सुनीता दयाल, राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, क्षेत्रीय मंत्री हरिओम शर्मा, एमएलसी दिनेश गोयल, लोकसभा सह प्रभारी सुभाष भाटी आदि ने भी संबोधित किया। इस मौके पर सहित विभिन्न कार्यक्षेत्र शिक्षक, अधिवक्ता, चिकित्सक, व्यवसायी, प्रोफेसर तथा विभिन्न समाज व कार्यक्षेत्र से आये प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुनील यादव ने किया।

## हैट्रिक जमाने गौतमबुद्ध नगर से उतरेंगे डॉक्टर महेश शर्मा

**भाजपा के शीर्ष नेताओं ने जताया भरोसा, दो बार से है सांसद, किसान और बिल्डर बायर्स मुद्दे को सुलझाया**

**नोएडा,** 2 मार्च (देशबन्धु)। लोकसभा सीट पर एक बार फिर से भाजपा के शीर्ष नेताओं ने वर्तमान सांसद डॉ. महेश शर्मा पर भरोसा जताया है। उनको लोकसभा 2024 के लिए गौतमबुद्ध नगर से प्रत्याशी बनाया गया है। डॉक्टर शर्मा 2019 और 2014 में भी लोक सभा से जीतकर सांसद रह चुके है। हालांकि 2009 में बसपा के सुरेंद्र सिंह नागर ने डॉक्टर महेश शर्मा को हराया था। सुरेंद्र सिंह नागर वर्तमान में राज्य सभा सांसद है।

गौतमबुद्ध नगर में भाजपा से टिकट लेने के लिए कई उम्मीदवार लाइन में थे। इसमें सबसे पहले आईएएस बीएन सिंह का नाम आ रहा था। भाजपा में कई शीर्ष नेताओं से उनके संपर्क थे। वह दो साल से ही नोएडा, ग्रेटरनोएडा में अपना प्रचार कर रहे थे। हालांकि भाजपा महानगर अध्यक्ष की ओर से सीएम को उनकी शिकायत भी की गई थी। वहीं भापजा प्रवक्ता कृष्ण गोपाल



अग्रवाल ने भी नोएडा में अपनी गतिविधि बढ़ा दी थी। इसके अलावा पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर और कई नेताओं के नाम सामने आ रहे थे।

इन सभी को दरकिनार करते हुए डॉक्टर महेश शर्मा पर पार्टी ने फिर से भरोसा जताया है। वह बीते कई दिनों से शीर्ष नेताओं के टच में थे। साथ ही नोएडा में किसान आंदोलन और बिल्डर बायर्स मुद्दों पर भी किसानों और बायर्स ने उनका कई बार घेराव किया। हालांकि उनके कार्यकाल में रहते हुए दोनों समस्याओं का हल निकलता दिख रहा है। एक तरफ रजिस्ट्री शुरू हो गई है। वहीं किसानों की समस्याओं के लिए हाई पावर कमेटी बना दी गई है। इसके अलावा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट भी डॉक्टर महेश की बड़ी उपलब्धियों में शामिल है।

**बीते तीन लोकसभा में डॉक्टर महेश शर्मा का देखते है ग्राफ**

**2019** लोकसभा चुनाव में बीजेपी से डॉक्टर महेश को 830812 वोट मिले। जबकि उनके प्रतिद्वंदी बसपा से सतवीर को 4,93,890 वोट मिले थे।

**2014** लोकसभा चुनाव में बीजेपी से डॉक्टर महेश को 599702 वोट मिले और दूसरे स्थान पर सपा के नरेंद्र भाटी को 319490 वोट मिले।

**2009** में भाजपा से डॉक्टर महेश को हार का सामना करना पड़ा उनको 229709 और बसपा से सुरेंद्र सिंह नागर को 245613 वोट मिले थे।

## बिजली व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए अधिकारियों से की बैठक

**बिजली विभाग के 22 करोड़ काम पूरे, 72 करोड़ के बचे, फोनरवा बैठक में दिया आश्वासन**

**नोएडा,** 2 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा शहर की बिजली व्यवस्था को बेहतर बनाने को लेकर फेडरेशन ऑफ नोएडा रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (फोनरवा) ने यूपीपीसीएल कि मुख्य अभियंता राजीव मोहन के साथ बैठक की। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता संजीव वैश्य, नंदलाल, नोएडा के सभी अधिशाषी अभियंता के साथ 60 से अधिक फोनरवा व आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी उपस्थित थे।

मुख्य अभियंता राजीव मोहन ने बताया कि कि हम नोएडा के निवासियों कि बिजली की समस्या के समाधान के लिए वचनबद्ध है। हमारा प्रयास रहेगा कि बिजली की समस्याओं का पूरी तरह से समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि बजट के अनुसार अभी तक 22.21 करोड़ के काम पूरे हो गए है। बाकी लगभग 72 करोड़ के काम चल रहा हैं। जिसमें से लगभग 60 प्रतिशत काम पूरे हो चुके हैं।

बचे हुए कार्यों के लिए हमें उम्मीद है कि 31 मार्च 2024 तक सभी कार्य पूरे कर लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024- 25 के लिए हमें लगभग 66 करोड रुपए का फंड मिलने की संभावना है। जिसके अंतर्गत हम बिजली की सुचारू आपूर्ति के लिए नोएडा में बुनियादी ढांचे में नवीनतम उन्नयन और बेहतर करेंगे। नोएडा के




ज्यादातर सेक्टरों के पदाधिकारियों की शिकायत थी कि उनके ट्रांसफार्मरों पर अधिक लोड, सेक्टरों में आए दिन घरों में फ्लकचुएशन होता है। यही नहीं जर्जर लाइन, जंग खाए हुए खंभों, बेकार फीडर जंक्शन/ खराब पैनल बॉक्स, मीटर बॉक्स आदि लगे है। सेक्टर वासियो ने बताया कि उनके यहां बढ़े हुए बिजली बिल आ रहे है। फोनरवा अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा ने कहा कि अभी भी सेक्टरों में बिजली की समस्याओं का पूरी तरह से समाधान नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि इन समस्याओं को जल्द से जल्द समाधान किया जाए। बिजली विभाग को अधिक से अधिक फंड दिलवाने का प्रयास किया जाएगा जिससे कि बिजली वितरण प्रणाली को मजबूत किया जा सके। महासचिव के के जैन ने कहा कि 2023-24 के लिए विभाग को लगभग 120 करोड़ रुपए का फंड स्वीकृति किए गया था। इसके अंतर्गत ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने, क्षतिग्रस्त, जर्जर पीसीसी/स्टील पोल का बदलवाना, जर्जर एलटी केबल (एबीसी) का प्रतिस्थापन, 33/11 केवी सबस्टेशन पर 11 केवी वीसीबी का प्रतिस्थापन आदि कार्य चल रहे है। इनको 31 मार्च तक पूरा कर लिया जाएगा। बिजली विभाग द्वारा धीमी गति से कार्य किया जा रहा है जिसके कारण नोएडा के अधिकांश सेक्टरों में बिजली से संबंधित समस्या में कुछ विशेष सुधार नहीं हुआ है।

**बिजली समस्या से निजात के लिए 31 मार्च तक पूरे हो काम**

सभी पदाधिकारियों का कहना था कि गर्मी का मौसम शुरू हो गया है। हर साल कि तरह नोएडा निवासियों को बिजली की समस्याओं से जुझना ना पड़े इसके लिए जरूरी है कि बिजली विभाग द्वारा 31 मार्च 2024 तक सभी आवश्यक कार्य पूरे किये जाए। बैठक में उपस्थित सभी अधिशाषी अभियंताओं ने अपने डिवीजन से संबंधित सेक्टरों में किए जा रहे कार्यों का विवरण दिया और पदाधिकारियों द्वारा बताई गई समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

## कानून व्यवस्था के विरोध में कांग्रेसियों का प्रदर्शन

**कांग्रेसियों ने उपजिला अधिकारी को राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा**



**बुलंदशहर,** 2 मार्च (देशबन्धु)। शनिवार को शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर उत्तर प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था के विरोध में प्रदेश भर में जिला व तहसील मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन के क्रम में अनूपशहर तहसील परिसर में उपजिला अधिकारी अनूपशहर के कार्यालय पर जिला महासचिव ज्ञानेंद्र सिंह राघव, महिला मोर्चा के अध्यक्ष प्रज्ञा गॉड के नेतृत्व में नगर व क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर सरकार के विरोध में धरना देते हुए प्रदर्शन व नारेबाजी की धरने की अध्यक्षता सलाम खान, संचालन ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने किया धरने को संबोधित करते हुए जिला महासचिव ज्ञानेंद्र सिंह राघव, एडवोकेट नटवरलाल शर्मा, प्रज्ञा गॉड, सलाम खान प्रदेश में महिलाओं, दलित व महिला जज को न्याय मांगने का जिक्र करते हुए कानून व्यवस्था का हाल दयनीय बताते हुए प्रदेश व देश की भाजपा सरकार को जाति धर्म में लोगों को बाँटकर चुनाव की राजनीति में वोट हथियाने का आरोप लगाया उन्होंने धरने के उपरांत ज्ञापन महामहिम राज्यपाल के नाम संबोधित करते हुए उप जिला अधिकारी नवीन कुमार को सौंपा। ज्ञापन में बीएचयू में छात्र के साथ भाजपा नेताओं द्वारा किए गए गैंगरेप महिला जज को न्याय पाने के लिए इस्तीफा दिए जाने की पेशकश इट से कुचलकर की गई हत्या नाबालिक बहनों को न्याय ना मिलने पर की गई पेड़ से लटक कर आत्महत्या आदि बिंदुओं की चर्चा कर शीघ्र कानून व्यवस्था दुरुस्त ना होने पर पार्टी द्वारा बड़े आंदोलन की चेतावनी दी, धरना प्रदर्शन देने वालों में युवा के विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष दीपक कुशवाहा, ब्लॉक अध्यक्ष सलमान सिद्दीकी, मंडल अध्यक्ष बिरोली नेपाल सिंह, मंडल अध्यक्ष मलकपुर इमरान सैफी, प्रवेंद्र शर्मा, टिंकू शर्मा नवीन चौहान, राजेंद्र शर्मा, एडवोकेट नटवरलाल शर्मा, रोहित पाल प्रधान, इंतजार अली शहीद दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मिलित रहे।

उवाच “

आपकी एक-एक वोट राष्ट्र के निर्माण के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। सही मायनों में यदि कहा जाए तो कल के भारत के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करने वाले आप ही हैं। आप देश के सच्चे कर्णधार हैं।

**डा. ध्रुव गलगोटियास, गलगोटियास विवि सीईओ**



# मॉडल उचित दर दुकानों का लोकार्पण के साथ ई-वेईंग स्केल युक्त ई-पॉस मशीन से खाद्यान्न वितरण शुरू

**ग्रेटर नोएडा,** 2 मार्च (देशबन्धु)। लखनऊ के लोक भवन में खाद्य रसद विभाग द्वारा संचालित 1100 अन्नपूर्णा भवनों और 79000 उचित दर दुकानों पर ई-वेइंग स्केल युक्त ई पोस मशीनों का लोकार्पण और शुभारंभ किया गया।

इस कार्यक्रम का गौतम बुद्ध नगर जिले में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सजीव प्रसारण किया गया। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में जनपद गौतम बुद्ध नगर में भी 5 मॉडल उचित दर दुकानों का लोकार्पण करते हुए उचित दर विक्रेताओं को प्रतीकात्मक चाबी सौंपी गई, जिसमें विधानसभा दादरी की ग्राम खटाना धीरखेड़ा, सथैंली, प्यावली, ताजपुर तथा विधानसभा जेवर की नगर पंचायत दनकौर एवं ग्राम बीरमपुर की मॉडल उचित दर दुकान सम्मिलित है।



- **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ से किया शुभारम्भ**
- **मॉडल उचित दर दुकानों से खाद्यान्न वितरण व जन्म-मृत्यु, आय, जाति प्रमाण पत्र भी बनेंगे**

ग्राम पंचायत खटाना धीरखेड़ा खेड़ा में दादरी विधानसभा विधायक तेजपाल नागर ने ग्राम खटाना धीरखेड़ा, सैंथली व प्यावली ताजपुर की मॉडल उचित दर दुकानों का लोकार्पण करते हुए उचित दर विक्रेताओं को अन्नपूर्णा भवन की प्रतीकात्मक चाबी सौंपी, जिसमें ग्राम प्रधान, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी बृजेश पाल, पूर्ति निरीक्षक अखिलेश द्विवेदी उपस्थित रहे। जेवर क्षेत्र के ग्राम बीरमपुर में माननीय विधायक धीरेंद्र सिंह के द्वारा नगर पंचायत दनकौर एवं बीरमपुर की मॉडल उचित दर दुकानों का लोकार्पण करते हुए अन्नपूर्णा भवनों की प्रतीकात्मक चाबी सौंपी, गई। जनप्रतिनिधियों ने अन्नपूर्णा भवनों के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि अब राशन कोटे के लिए अन्नपूर्णा भवन स्थाई भवन हो गए हैं। अब कोटेदार के बदलने पर भी राशन की दुकान नहीं बदलेंगी। राशन के साथ ही अन्नपूर्णा भवनों से अन्य सुविधाएं भी मिलेगी। यहां से सस्ती जेनेरिक दवाई और घर की अन्य आवश्यक वस्तुओं की भी पूर्ति की जाएगी।

यहां राशन के लिए गोदाम भी रहेगा। इसके अलावा यहीं पर कॉमन सर्विस सेंटर भी होगा, जहां से जन्म-मृत्यु, आय, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, बिजली बिल जमा करना एवं खतौनी जैसी सुविधाएं भी मिलेगी।

# जीबीयू के महत्वाकांक्षी एआई केंद्र की स्थापना को लेकर आईआईडीसी ने किया दौरा

**ग्रेटर नोएडा,** 2 मार्च (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर एंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कमिश्नर (आईआईडीसी), मनोज सिंह के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय का दौरा किया। अधिकारियों का उद्देश्य विश्व स्तरीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने के लिए जीबीयू की तैयारियों का आकलन करना था। उम्मीद है कि यह केंद्र उत्तर प्रदेश को वैश्विक एआई मानचित्र पर ला खड़ा करेगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार, एसीईओ आशुतोष द्विवेदी और विश्व बैंक के अधिकारियों सहित प्रतिनिधिमंडल का जीबीयू के कुलपति प्रो. आर. के. सिन्हा और रजिस्ट्रार डॉ. विश्वास त्रिपाठी ने स्वागत किया। प्रो. सिन्हा ने जीबीयू की उपलब्धियों और एआई के क्षेत्र में विश्वविद्यालय के प्रयासों के बारे में बताया।

डॉ. अरुण सोलंकी ने प्रो. संजय के शर्मा, डॉ. नीता सिंह, डॉ. राजू पाल और डॉ. राजेश मिश्रा सहित एआई के क्षेत्र में काम कर रहे



- **प्रदेश सरकार ने जीबीयू में उच्च स्तरीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स केन्द्र स्थापित करने के लिए बजट में फंड को किया था घोषित**

विश्वविद्यालय के प्रतिभावान शिक्षकों से प्रतिनिधिमंडल को मिलवाया। उन्होंने एआई के क्षेत्र में जीबीयू की पूरी क्षमता को साकार करने के लिए अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे की आवश्यकता पर भी बल दिया। मनोज सिंह, जो कृषि उत्पादन आयुक्त, कई प्रमुख विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव के पद पर भी कार्यरत हैं, ने केंद्र के विकास में सहयोग करने और इसे उच्चतम विश्व स्तर तक ले जाने के लिए ईटीएच-एआई ज्यूरिख, सैमसंग, माइक्रोसॉफ्ट, वाधवानी-एआई और एचसीएल जैसी वैश्विक दिग्गज कंपनियों को साथ लाने की राज्य सरकार की योजना के बारे में बताया। लखनऊ में जीबीसी एट द रेट 4.0 कार्यक्रम के दौरान इन कंपनियों के साथ पहले ही समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं। मनोज सिंह ने विश्व स्तर पर शीघ्र पहुंचने के लिए सर्वश्रेष्ठ संस्थानों से सीधे जुड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रतिनिधिमंडल ने केंद्र के लिए संभावित स्थानों की पहचान करने के लिए जीबीयू परिसर का दौरा किया।

# सतीश तोमर इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया जिला शाखा के बने अध्यक्ष



**ग्रेटर नोएडा,** 2 मार्च (देशबन्धु)। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की गौतमबुद्धनगर शाखा के नए कार्यकरिणी समिति का चुनाव वर्ष 2024-25 के लिए सम्पन्न हुआ। समिति की एक वर्ष के लिए चुना गया है। नई कार्यकरिणी समिति में अध्यक्ष पद पर सीए सतीश तोमर, सीए गौरव गर्ग उपाध्यक्ष, सीए विमल कुमार सचिव, सीए पवन चौहान कोषाध्यक्ष, सीए मयंक गर्ग, सीकासा अध्यक्ष और सीए दिलीप कुमार सिंह, सीए श्वेता अग्रवाल, सीए अलोक मिश्रा, सीए के. सी. गुप्ता, कार्यपालिका सदस्य बने। गौतमबुद्धनगर ब्रांच की नए कार्यकारी सदस्यों ने कहा कि पिछले वर्ष शाखा को जो गति मिली है उसको आगे बढ़ाने का जिम्मा अब उनके पास है और ये प्रतिज्ञा है कि शाखा और भी अच्छा कार्य करने का प्रयास करेगी। निवर्तमान अध्यक्षा सीए श्वेता अग्रवाल ने सबको उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। ये जानकारी ब्रांच प्रमुख मीरा किशोर ने दी है।

# हिस्से से अधिक भूमि बेचकर लगाया लाखों का चूना, मां बेटा के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**जेवर,** 2 मार्च (देशबन्धु)। कस्बे के मोहल्ला बनीइसराईल मंगरौली रोड निवासी एक महिला ने कुरैव गांव के रहने वाले मां बेटा पर अपने हिस्से से अधिक भूमि बेचकर लाखों रूपए हड़पने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपित मां बेटा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जेवर के मंगरोली रोड की रहने वाली पीड़िता नेहा तालान पत्नी शिवकुमार तालान ने पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि उसने 21 दिसम्बर 2012 को कुरैव गांव की रहने वाली विद्या देवी उर्फ विद्यावती पत्नी चतरी व उसके पुत्र इन्द्रपाल से करीब दस लाख रूपए में 0.1756हे0 भूमि का बैनामा कराया था। एयरपोर्ट के लिए भूमि अधिगृहण की प्रक्रिया के दौरान कुरैव गांव की जमीन का अधिगृहण होने पर जब प्रार्थिया ने अपनी फाइल तैयार हुई तो उसके मालुम हुआ की विक्रेताओं द्वारा जितनी भूमि का बैनामा किया था उतनी भूमि उनके हिस्से में ही नहीं थी तथा आरोपितों ने अपने हिस्से से करीब 730 वर्गमी अधिक भूमि का बैनामा किया था। पीड़िता ने बताया कि आरोपितों द्वारा अपने हिस्से से अधिक बेची गई भूमि की फिलहाल कीमत 25 लाख रूपए के करीब की है।

पीड़िता ने जब आरोपितों से जब हिस्से से अधिक बेची गई जमीन की कीमत लौटाने को कहा तो उन्होंने मना कर दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने शुक्रवार को रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने रामपुर की घटना को लेकर दिया ज्ञापन

**ग्रेटर नोएडा,** 2 मार्च (देशबन्धु)। जनपद रामपुर के सिलाईबारा गांव के एक पार्क में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति लगाने को लेकर हुए विवाद में अनुसूचित जाति के एक 17 वर्षीय लड़के सुमेश की उत्तर प्रदेश पुलिस ने गोली मारकर हत्या कर दी



जो 10वीं बोर्ड की परीक्षा देकर घर लौट रहा था, जिसके विरोध में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री के निर्देश पर जिला अध्यक्ष दिनेश शर्मा के नेतृत्व में शनिवार को तहसील मुख्यालय दादरी में धरना एवं विरोध प्रदर्शन किया कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि सुमेश के हत्यारे के खिलाफ शख्स से सख्त कार्रवाई करें और परिवार को उचित मुआवजा दिया जाए। उप जिला अधिकारी के माध्यम से उत्तर प्रदेश के राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन दिया। इस मौके पर एससी एसटी का जिला अध्यक्ष धर्म सिंह बाल्मीकि सेवादल के जिला अध्यक्ष वासिल अहमद, महिला अध्यक्ष राधा रानी, जिला उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा, कैलाश बंसल, जिला उपाध्यक्ष आरपी सिंह, एमएल वर्मा, दादरी विधानसभा अध्यक्ष जीतू पंडित, जिला सचिव डॉ प्रदीप कुमार, धर्म सिंह थापखेड़ा जिला सचिव निजामुद्दीन अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

# जिम्स में पैरामेडिकल नए बैच के छात्रों के स्वागत में आयोजित हुआ कार्यक्रम



**ग्रेटर नोएडा,** 2 मार्च (देशबन्धु)। राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ग्रेटर नोएडा के पैरामेडिकल स्कूल के तीसरे बैच के नए छात्रों का आगमन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि मेजर जनरल के.एम. अधिकारी, निदेशक ब्रिगे. डॉ. राकेश गुप्ता, पैरामेडिकल स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ. शिवानी कल्हन एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सौरभ श्रीवास्तव ने मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। पैरामेडिकल स्कूल के प्रथम एवं द्वितीय बैच के छात्रों ने नवागत छात्रों का स्वागत किया एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। मुख्य अतिथि मेजर जनरल के.एम. अधिकारी ने छात्रों को पढ़ाई के प्रति समर्पित रहने एवं भवष्यि के लिए शुभकामनाएं दी। निदेशक ब्रिगे. डॉ. राकेश गुप्ता ने भी छात्रों को बेहतर पढ़ाई-लिखाई हेतु समस्त सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के अन्त में पैरामेडिकल स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ. शिवानी कल्हन ने सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए छात्रों को शुभाशीष दिया। कार्यक्रम में संकायाध्यक्ष डॉ. रम्भा पाठक, डॉ. अर्चना गुप्ता, उप प्रधानाचार्य डॉ. भुवन अधलखा, डॉ. विकास शर्मा, डॉ. अनुराग भार्गव, ललित कुमार सिंह, रिया पाण्डेय, मनदीप सिंह आदि उपस्थित रहे।

# भैंसा बुग्गी दौड़ में बुग्गी पेड़ से टकराई, एक की हालत नाजुक

**दनकौर,** 2 मार्च (देशबन्धु)। दनकौर क्षेत्र में शुक्रवार को भैसा बुग्गी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें भाग लेने के लिए कई जिलों के काफी युवक अपने भैंसा बुग्गी के साथ पहुंचे। सभी के द्वारा दौड़ प्रतियोगिता में भाग लिया गया। लेकिन इस दौरान एक बुग्गी पेड़ से टकरा गई जिसके चालक को गम्भीर चोटें आईं। घायल को उपचार के लिए ग्रेटर नोएडा के एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस का कहना है कि बगैर अनुमति दौड़ प्रतियोगिता करने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, जनपद बुलंदशहर, गौतमबुद्ध नगर और अलीगढ़ समेत अन्य स्थानों से लोग शुक्रवार को भैंसा बुग्गी दौड़ प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए दनकौर कोतवाली क्षेत्र के धनोरी गांव के नजदीक जंगल में पहुंचे। तय समय पर प्रतियोगिता शुरू होनी थी, लेकिन उससे पहले ही सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई।





- **बिना अनुमति कई जिले के लोगों ने लिया भैंसा बुग्गी दौड़ में भाग**

प्रतियोगिता की अनुमति नहीं होने के चलते पुलिस ने सभी को भगा दिया। इसके बाद सभी लोग पुलिस को चकमा देते हुए क्षेत्र के नानुआ का राजपुर गांव के नजदीक निर्माणधीन सड़क पर पहुंच गए। उक्त स्थान पर सभी के द्वारा प्रतियोगिता शुरू की गई। लोगों ने बताया कि करीब 20 भैंसा बग्गियों की दौड़ हुई जिसके चलते राहगीरों को काफी समस्या का सामना करना पड़ा। करीब सौ से अधिक लोग इस प्रतियोगिता को देखने के लिए सड़क पर जमा हुए। इसके अलावा यातायात के नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए कुछ बाइक सवार युवाओं द्वारा रील्स बनाई गईं। इन्हें बाद में अपने इंटरनेट मीडिया एकाउंट्स पर अपलोड किया गया जो अब जमकर प्रसारित हो रहे हैं। इस दौरान बाइक सवार दम्पति को बचाने के चक्कर में एक भैंसा बुग्गी पेड़ से टकरा गई। हादसे में भैंसा भी चोटिल हो गया जबकि बुग्गी चालक को गम्भीर चोटें आईं। हादसे के बाद प्रतियोगिता को तुरंत बंद कर दिया गया और उसमें भाग लेने वाले लोग भाग गए।

कोतवाली प्रभारी संजय कुमार सिंह का कहना है कि धनोरी क्षेत्र में प्रतियोगिता शुरू होने से पहले ही पुलिस ने मौके पर पहुंच कर सभी को भगा दिया था। अन्य स्थान पर प्रतियोगिता होने की जानकारी नहीं है। मामले की जांच कर सभी दोषियों के खिलाफसख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने को लेकर जिला न्यायाधीश ने की बैठक

**ग्रेटर नोएडा,** 2 मार्च (देशबन्धु)। जनपद मुख्यालय, दीवानी न्यायालय एवं तहसील न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 मार्च को किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना प्रतिकर अधिनियम वाद, वैवाहिक वाद, भारतीय उत्तराधिकारी अधिनियम के वाद, दीवानी वाद, एमवीएक्ट व ई-चालान के वाद, आर्बिटेशन के वाद, लघु शमनीय वाद, एनआईएक्ट की धारा 138 के वाद, विद्युत अधिनियम के वाद, भू-राजस्व वाद, सेवा सम्बन्धी मामले, पेंशन के मामले व अन्य प्रकृति के मामले एवं प्री-लिटीगेशन स्तर पर बैंक ऋण के मामलें, विद्युत एवं बीएसएनएल बिल सम्बन्धित अन्य मामलों का निस्तारण की सहमति व आपसी समझौते के माध्यम से किया जाएंगा। आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक विभिन्न वादों का निस्तारण समझौतों के आधार पर सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जनपद के जनपद न्यायधीश अवनीश सक्सैना ने संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक करते हुए कहा कि आम नागरिकों को सुलभ एवं शीघ्रता के साथ न्याय दिलाने के उद्देश्य से निरंतर स्तर पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

सभी संबंधित अधिकारीगण आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने एवं इस अवसर पर अधिक से अधिक सुलह एवं समझौते के आधार पर विभिन्न



प्रकार के वादों का निस्तारण करते हुए जन सामान्य को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से सभी विभागीय अधिकारियों के द्वारा अपने अपने स्तर पर तैयारी सुनिश्चित करते हुए राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित होने वाले वादों का चिन्हीकरण करते हुए राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन अधिक से अधिक वाद निस्तारित करने की कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे ताकि सरकार एवं न्यायालय के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आम नागरिकों को अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने इस अवसर पर संबंधित विभागीय अधिकारियों का यह भी आह्वान किया है कि सभी विभागीय अधिकारियों के द्वारा अपने-अपने विभागों के वादों का निस्तारण सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार भी सुनिश्चित किया जाए ताकि संबंधित वादकारी राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठाते हुए अपने वादों का निस्तारण करा सकें।


पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009


# जिला कारागार में बंदियों में सुधार के लिए श्रीराम कथा का आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,** 2 मार्च (देशबन्धु)। जिला कारागार में बंदियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के उद्देश्य से तीन दिवसीय श्रीराम कथा के दूसरे दिन अयोध्या से पधारी कथा वाचिका देवी राज राजेश्वरी ने श्रीराम कथा के श्रीराम जन्म प्रसंग की रोचक प्रस्तुति की गई जिसे सुनकर कारागार के बंदी व कार्मिक गण भक्ति रस के आनंद में भाव विभोर हो गए। जेलर जे पी तिवारी ने बताया



कि बंदियों में सकारात्म बदलाव के लिए समय समय पर कार्यक्रम आयोजित होते रहे हैं ताकि उनके अंदर सुधार हो और बाहर निकलने के बाद अच्छे नागरिक बन सकें। इस अवसर पर अधीक्षक अरुण प्रताप सिंह, जेलर जितेन्द्र प्रताप तिवारी, सुनील दत्त मिश्रा, राम प्रकाश शुक्ला, मनोरमा सिंह, मुकुल गोयल, नितिन तायल, चाचा हिंदुस्तानी के साथ देश के बड़े क्रिकेटर के हमशक्ल भी शामिल हुए।

# यमुना एक्सप्रेस वे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की छह बैटरी चोरी

**दनकौर,** 2 मार्च (देशबन्धु)। दनकौर क्षेत्र में स्थित यमुना एक्सप्रेस वे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की 6 बैटरी होने का मामला सामने आया है। मामले की जानकारी होने पर इस संबंध विभाग के एक अधिकारी ने शनिवार को दनकौर कोतवाली में अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। जेवर टोल प्लाजा के कंट्रोल रूम के अधिकारी नीरज शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि दनकौर कोतवाली क्षेत्र में कई जगह पर लगे सीसीटीवी कैमरों से 6 बैटरी अज्ञात चोरों ने चुरा ली। जिसकी जानकारी उनको हुई तो उन्होंने इस समय में कोतवाली में मामले की शिकायत दर्ज कराई है। उनका कहना है कि बैटरी करीब 90 हजार रुपए कीमत की है। कोतवाली प्रभारी संजय सिंह का कहना है कि इस मामले में केस दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही चोरों का सुराग लगाकर उनको गिरफ्तार कर लिया जाएगा।


पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida


# मेरा पहला वोट देश के लिए, कार्यक्रम में युवाओं ने ली शपथ

**ग्रेटर नोएडा,** 2 मार्च (देशबन्धु)। 'मेरा पहला वोट, देश के लिए' कार्यक्रम का आयोजन गलगोटिया कॉलेज में किया गया, जिसमें एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस के छात्रों को कार्यक्रम के तहत शपथ दिलायी गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को राजनीतिक रूप से जागरूक करना और लोकतंत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान करने की प्रेरणा देना था। यह अभियान चुनावों के उत्सव के महत्व और दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में मतदान के गौरव का प्रतीक है। यह अभियान युवा मामलों के मंत्रालय के सहयोग से शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित किया गया है, जिसका उद्देश्य चुनावों में युवाओं की सार्वभौमिक और प्रबुद्ध भागीदारी को बढ़ावा देना है। शपथ ग्रहण समारोह के साथ छात्रों ने एक साथ उत्साह और



उत्सव के साथ इस महत्वपूर्ण मोमेंट को खुशी के साथ मनाया। इस दौरान युवाओं ने देश की तरक्की व विकास के लिए प्राथमिकता दी।

शपथ ग्रहण समारोह की शुरुआत महाविद्यालय के प्रमुख ने की, जिन्होंने छात्रों को राष्ट्रभक्ति और लोकतंत्र के महत्व के बारे में विस्तार बात की। गलगोटियास विवि के सीईओ डा. ध्रुव गलगोटियास ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आपकी एक-एक वोट राष्ट्र के निर्माण के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। सही मायनों में यदि कहा जाए तो कल के भारत के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करने वाले आप ही हैं। आप देश के सच्चे कर्णधार हैं। आज भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। आज भारत की बागडोर आप युवाओं के ही हाथों में हैं। आप चाहें तो अपनी ईमानदारी और कठिन परिश्रम के बल पर भारत को फिर से सोने की चिड़िया बना सकते हैं। आपके अथक

- **शिक्षा मंत्रालय व युवा मामले के मंत्रालय की तरफ से युवाओं को किया जा रहा है जागरुक**
- **कार्यक्रम के तहत आयोजित होगें, श्लोगन, निबंध, गीत कविता प्रतियोगिताएं**

प्रयासों से भारत एक बार फिर से विश्व-शिरोमणि बन सकता है। पूरी दुनिया का सरताज बन सकता है। जरूरत है आपको आगे आकर पूरी ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की। यह कार्यक्रम डॉ. बिपिन कुमार श्रीवास्तव के संरक्षण में संपन्न किया गया। इस दौरान अभिनव भारद्वाज, निखिल गौतम, आर्यनपंडित, प्रियांशु पांडे, आदित्य जायसवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# शिव महापुराण कथा का शुभारंभ कलश यात्रा निकाली

**रबूपुरा,** 2 मार्च (देशबन्धु)। कस्बे स्थित सोलंकी मार्केट में शनिवार से सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का शुभारंभ किया गया। कथा से पूर्व कस्बे में भव्य तरीके से कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में सैकड़ो महिलाओं ने भाग लिया। कलश यात्रा कथा स्थल से प्रारंभ होकर कस्बे के मुख्य-मुख्य मार्ग से होती हुई कथा परिसर पर आकर संपन्न हुई। कथा का शुभारंभ व्यास गद्दी में शिव पूजन के साथ किया गया। वृंदावन से पधारे कथावाचक स्वामी विकाशानंद (सखी राधिका) ने कहा कि शिव पुराण कथा



सुनने से सारे कष्ट व दुख दूर हो जाते हैं। भगवान शिव कण-कण में व्याप्त है इसलिए प्रभु सुमरन में अपना ध्यान लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उज्जैन की महाकाल मंदिर से रुद्राक्ष मांगे गए हैं जो महिलाएं कलश यात्रा में शामिल होंगी उन्हें रुद्राक्ष का एक मोती दिया जाएगा। मनुष्य को रुद्राक्ष धारण करना चाहिए इसे पहनने से इंसान की मानसिक और शारीरिक परेशानियां दूर होती हैं। इस दौरान संजीव सोलंकी, सतीश भाटी, दीपक कुमार, प्रवीण बंसल, गुड्डू , सोनू सैकड़ो श्रद्धालु मौजूद रहे।

# इन बिन

## (कुछ अंश)

■ पद्मा सचदेव

जब भी युग बदलता है वह अपने साथ नया बाँकपन, नये विधान, नये लोग, नयी मुहब्बतें लेकर आता है। हर चीज़ पुरानी होते हुए भी नये तेवर के साथ जैसे नया जन्म ले लेती है। अगर कहीं कुछ नहीं बदला तो वह है बच्चे की मुस्कान, माँ की ममता और मुहब्बतों का दीवानापन। हाँ, कभी-कभी रिश्ते भी जन्मों तक साथ देते हैं।

गुजरे हुए वक़्तों में हैसियत वाले लोगों के घरों में काम करनेवाले नौकर-चाकर, पीढ़ी-दर-पीढ़ी अपने मालिकों के साथ रहते हुए उस घर के सदस्य जैसे हो जाते थे। उनके बच्चे भी वहीं आँगनों में खेल-खेलकर बड़े हो जाते, वहीं मालिकों के बाग़ों से अमरूद, सेब, इमली या सन्तरे चुराते, उनके बच्चों की उतरन पहनते, उनके आँगनों में सर्दियों में ठिठुरते हुए कोई पुराना बूट, स्वेटर या घिसा कम्बल भी पा जाते थे। नौकरों का पूरा परिवार ही अपनी सेवाओं से मालिक-मालकिनों को खुश करने की कोशिश करता। रात को मालिक के पाँव दबाते-दबाते ऊँघने पर वहीं कहीं पलंग के नीचे ढेर हो जाता।

बहुत से घरों में तो बुज़ुर्ग हो जाने पर ये नौकर घरेलू मामलों में सलाह भी दे सकते थे। घर की बेटी की विदाई पर इन्हीं नौकरों की पत्नियाँ घर की बिगड़ैल बेटी को ससुराल में जमाने की भरसक कोशिश करती थीं। मालिक और नौकर का यह रिश्ता निरन्तर मज़बूत होता जाता था। इन रिश्तों के और भी बहुत पहलू हैं, पर मैं तो सिर्फ यह जानती हूँ कि आज भी इनके बिना घर-गृहस्थी के संसार से पार होना बड़ा मुश्किल है। घर में इन लोगों को अपना समझते-समझते कई बार इनके जाने पर मैं उदास रही, पर जितने भी दिन जो भी घर में रहा, मैंने उसे घर का सदस्य ही समझा और उसके जाने पर खूब दुखी भी हुई। आज भी अगाहे-बगाहे कोई मिलने को आ जाता है तो मन में एक आन्तरिक खुशी सर उठा लेती है। मैं उन सब लोगों पर लिखकर शायद हल्का होना चाहती हूँ और शायद एक कर्ज़ भी उतारना चाहती हूँ।

घरेलू कर्मचारियों में जिसका नम्बर घर में और ज़िन्दगी में पहला है उसका नाम लब्भू था। माँ बताती थीं, जब मैं पैदा हुई तब उसे आये कोई बरस-भर हुआ था। बचपन में उसने मुझे गोद में खिलाया, कन्धे पर बिठाकर सैरें करवायीं और घुटनों पर बिठाकर झूले झुलाये थे। घर में अक़्सर उसका ज़िक्र होता था। कुछ बरस पहले उसने मुझे देखा तो मेरी माँ से पूछा, ''चाची, क्या यही हमारी पद्दो है ?'' माँ ने कहा, ''क्या पहचान नहीं पा रहा ?'' वह बोला, ''पहचान लिया। इसका नाम तो रामबन के रेडियो पर भी आता है।'' वह मेरी नक़ल लगाता हुआ कहने लगा—

''हुन तुस डोगरी च ख़बराँ सुनो।''

(अब आप डोगरी में खबरें सुनिए)

माँ मुझे कभी-कभी पद्दो भी कहती थी पर यह घटना तभी होती जब माँ को मुझ पर बहुत प्यार आता था, पर इसका मौक़ा मैं उन्हें बहुत कम देती थी। मेरी हरक़तों से अक्सर माँ गुस्सा रहतीं। घर में उनका हाथ बँटाने के लिए मैं कभी कुछ न करती थी। पर बाहर या बाज़ार में कोई भी काम करने को मैं हमेशा तैयार रहती थी। माँ बड़ी कर्मठ औरत थीं। उन्हें सब खुद करना अच्छा लगता था। लब्भू भैया जब भी मिलते कोई न कोई पुरानी बात ज़रूर सुनाते थे। मुझे सुनाते हुए कहते, ''जब पद्दो पैदा हुई तो हमारी दादी ने खूब नाक-भौं सिकोड़ी थी। बेबे का कहना था कि बहू ने आते ही मेरे बेटे पर बेटी लाद दी। उधर मेरे पिताजी बहुत प्रसन्न थे। पिताजी ने बेबे को कहा, ''यह लक्ष्मी है मैं इसे सरस्वती बनाऊँगा। ये विदुषी होगी।

माँ बताती थी—लब्भू भैया को गठिया हो गया था। पिताजी ने लाहौर के किसी अस्पताल में दाखि़ल करवाकर अँग्रेज़ डॉक्टरों से लब्भू भैया का इलाज करवाया था। लब्भू भैया पिताजी का यह एहसान कभी न भूले। पिताजी ने बाद में उन्हें एक हलवाई की दुकान पर नौकर रखवा दिया था। उसके बाद उन्होंने रामबन में चिनाब नदी के किनारे दूध-दही की अपनी दुकान खोल ली थी। हमारे यहाँ जब भी आते कलाड़िया (दूध-दही से बना एक तरह का पनीर) ज़रूर लाते। कई और पहाड़ी सौगातें लाना भी न भूलते। माँ को चाची-चाची कहकर अपना पसन्दीदा खाना बनवाते। माँ प्रसन्न होकर लब्भू भैया की फरमाइशें पूरी करतीं। उनके ब्याह के कई चर्चे होते पर ब्याह कभी न हुआ इस बात का दु:ख उन्हें हमेशा रहा।

लब्भू भैया ने पहाड़ की एक औरत कई बरस तक घर में रखी पर उससे शादी करना न चाहते थे। माँ कहती, ''इस मुए को कहा था इसी पहाड़िन से शादी कर लो पर ब्राह्मण होने का इतना दम्भ मैंने किसी भी ब्राह्मण में नहीं देखा। पता नहीं इसे ब्राह्मणों ने क्या दिया। अपने बाप ने तो नाम तक दिया नहीं। रहा ब्राह्मण का ब्राह्मण ही। ब्राह्मणी ने कभी घर की देहरी न लाँघी। मुआ कुँआरा ही मरकर भूत बनकर इस दुनिया में रहेगा।''

असल में जो बात बताने से मैं बच रही हूँ वह यह है कि लब्भू भैया रिश्ते में हमारे भाई ही लगते थे। हमारे एक दूर के ताऊ अपनी ज़मीनों पर कई-कई दिन रहते तो वहीं की एक स्त्री से इन्होंने किसी क़िस्म की शादी कर ली थी। उनकी पत्नी—हमारी ताई—उनको घास न डालती थी। इसलिए ताऊ जी भी उनसे बचने के लिए ज़्यादा समय खेती-बाड़ी की देखभाल पर लगाने लगे। फसलें तो अच्छी हुईं ही लब्भू भैया भी दुनिया में आ गये। उस गाँव में सब जानते थे पर ताई को बताने की हिम्मत किसी में न थी। जब ताऊ भगवान को प्यारे हुए तो हमारी ताई ने लब्भू भैया की माँ को उनके अन्तिम दर्शन भी न करने दिये। लब्भू भैया को लेकर वह ज़मीनों पर ही किसी तरह गुज़र कर रही थी। उनकी मृत्यु के समय लब्भू भैया दस-बारह बरस की उम्र में ही जब यतीम हो गये तो मेरे पिताजी उन्हें घर ले आये। अन्त तक हमारे परिवार से लब्भू भैया जुड़े रहे।

बहुत साल पहले माँ ने एक जगह टिप्पस भिड़ायी भी थी। बड़े अच्छे घर की विधवा थी। उसकी एक बेटी भी थी। उस औरत के ससुराल वाले उससे इसलिए नाराज़ थे कि अपने पति की पेंशन उसे मिल गयी थी और वह अकेली रहती थी। शहर में अपनी लड़की को स्कूल में डाला था उसने। लब्भू भैया मेरी माँ से पूछकर उसे 'नल-दमयन्ती' फिल्म दिखाने भी ले गये थे पर बात इससे आगे न बढ़ी। उस औरत ने एक दिन मेरी माँ को आकर कहा, ''मेरी बेटी की सोचिए, कल जब इसकी शादी होगी तो बाप की जगह मैं लब्भू को तो खड़ा नहीं कर सकती, मुझे माफ़ करिए।'' वह अपनी लाड़ली बेटी को लेकर चली गयी और माँ ने उसे माफ़ कर दिया।

लब्भू भैया ने पहाड़ की एक औरत कई बरस तक घर में रखी पर उससे शादी करना न चाहते थे। माँ कहती, ''इस मुए को कहा था इसी पहाड़िन से शादी कर लो पर ब्राह्मण होने का इतना दम्भ मैंने किसी भी ब्राह्मण में नहीं देखा। पता नहीं इसे ब्राह्मणों ने क्या दिया। अपने बाप ने तो नाम तक दिया नहीं। रहा ब्राह्मण का ब्राह्मण ही। ब्राह्मणी ने कभी घर की देहरी न लाँघी। मुआ कुँआरा ही मरकर भूत बनकर इस दुनिया में रहेगा।''

मरने से पहले ही लब्भू भैया ने पड़ोस के एक लड़के नाम अपनी दुकान करवा दी थी। उन्होंने कहा, ''तुम साल-भर मुझे नेति (रोज़ एक वक्त का खाना किसी दरख़्त के नीचे रख देना) देना, मेरा दाह संस्कार करना और साल बाद मेरी बरसी कर देना। उस लड़के ने लब्भू भैया का क्रिया-करम एक पुत्र की तरह से ही किया और मेरा ख़्याल है हर बरस श्राद्ध भी करता ही होगा। लोग ज़िन्दा मनुष्यों से उतना नहीं डरते जितना मरे हुओं से डरते हैं। मेरी माँ कहती—''जीने से ज़्यादा उसे मरने की चिन्ता थी, बस उसी का इन्तज़ाम सारी उम्र करता रहा।!''

पिछले दिनों घर में शादी थी तो भी लब्भू भैया आये थे और उन्होंने बताया था कि मैं तो हाथ में गठरी लिये रहता हूँ अब जब भी उसका बुलौआ आ जाय। चिनाब दरिया की लहरों को देखता रहता हूँ। दुकान का काम भी चलता ही रहता है। यह पहला घरेलू कर्मचारी था जिसके बारे में मैंने जाना। उनकी इज़्ज़त करना माँ ने ही सिखाया था।

आज न माँ हैं, न भैया। पर उनका वह सम्बन्ध आज भी क़ायम है।

# किताबें पढ़ने का महत्व

■ डॉ लोक सेतिया

हम भटक गए हैं इधर उधर से सुनकर अथवा सोशल मीडिया से लेकर टीवी सीरियल यहां तक कि हर किसी के भाषण उपदेश से प्रभावित होकर अपनी सोच को किसी सकरी गली में धकेल रहे हैं । अधिकांश लोगों ने किताबें पढ़ना छोड़ दिया है खरीदना तो शायद ही ज़रूरी लगता है । किताबें सबसे विश्वसनीय दोस्त तो होती ही हैं और इनकी विशेषता ये भी है कि आप जब चाहें इनसे जीवन की सभी समस्याओं परेशानियों का हल ढूंढ सकते हैं । क्या आपको लगता है कि किताब पढ़ना सिर्फ परीक्षा में उत्तीर्ण होने अथवा अपने कार्य में उपयोग करने को ही उपयोगी है तो आपकी जानकारी सही नहीं है । अपने मतलब की ज़रूरी किताबों के साथ आपको अपने देश समाज की विविध जानकारी को हासिल करने ही नहीं समझने को भी पढ़ना बेहद आवश्यक है । शिक्षक से पंडित मौलवी पादरी से उपदेशक तक सभी किताबों ग्रंथों का अर्थ अपनी सुविधा से घड़ते हैं और समझाते हैं तभी ये लोग आपको धार्मिक ग्रंथ से अन्य वास्तव में जीवन उपयोगी पुस्तकों को हर किसी को खुद पढ़ने और समझने को नहीं कहते हैं । हमारी समझ धर्म संविधान और नैतिक आदर्श से अपने सामाजिक मूल्यों तक सिमित दायरे में सिमटी हुई है । किताबें हमारी सोच और बुद्धि का भोजन होती हैं और उनको पढ़ना आपको किसी खुले आसमान में विचरण करवाता है । देखते हैं आजकल लोग पढ़ने की आदत को तिलांजलि दे चुके हैं दूसरे शब्दों में अपनी सोचने की क्षमता पर रोक लगा दी है , बोलते अधिक हैं पढ़ते नहीं और सुनते हैं सिर्फ अर्थहीन बहस गप शप इधर उधर की ऐसी बातें जिन से कुछ सार्थक नहीं मिलता है । कहने को हम आज़ाद हैं मगर वास्तविकता में हमारी मानसिकता आज भी गुलामी की है और हम किसी न किसी को अपना भगवान बना कर उसका गुणगान करते हैं । क्या आपको लगता है ईश्वर का गुणगान उसकी स्तुति करने से ईश्वर मिलते हैं तो अपने ईश्वर की परिकल्पना को जाना नहीं समझा नहीं । भगवान को हमने दाता से भिखारी ही नहीं बना दिया बल्कि उसे बेबस समझ लिया है जिसे इंसान से कुछ चाहिए , सोचना सब बनाने वाले को आदमी से क्या चाहिए पैसा भोजन या कोई घर रहने को । आदमी भगवान से बड़ा समझने लगा है या ऐसा तो नहीं कि हमने मान लिया है कि कोई ईश्वर विधाता नहीं सिर्फ आडंबर करते हैं आस्तिकता का । और कुछ लोग खुद को नास्तिक कहते हैं और ज़िद पर अड़े रहते हैं संवाद भी नहीं करते बस अपनी मनवाना चाहते हैं ।



अच्छा साहित्य आपको अच्छा इंसान बनाता है अगर आप पढ़ते हैं ध्यान पूर्वक और पढ़ने के बाद उस पर चिंतन भी करते हैं । कैफ़ी आज़मी की इक कविता है , आदत , मैं इक अंधे कुंवे में कैद था और शोर मचा रहा था मुझे आज़ादी चाहिए मुझे रौशनी चाहिए , जब मुझे बाहर निकाला गया तो मैंने घबरा कर फिर वापस उसी अंधे कुंवे में छलांग लगा दी , और फिर वही आवाज़ लगाने लगा मुझे आज़ादी चाहिए मुझे रौशनी चाहिए । आजकल सभी की हालत ऐसी लगती है । कैसी खेदजनक हालत है हर कोई जिन बातों पर घंटों तक बोलना जानता है खुद उनका अर्थ तक नहीं समझता ये अज्ञानता की पराकाष्ठा है , कोई भी कितना भी जानकर हो दुनिया की जानकारी के अथाह समंदर के इक कतरे जैसा है । कुछ कार्य ऐसे होते हैं जिन में आपका पाठन कभी थमता नहीं है आपको निरंतर अध्यन करना होता है अन्यथा आप पिछड़ जाते हैं । ये जितना भी हमारा पुरातन साहित्य और इतिहास है वही हमारी असली विरासत है जिस को केवल कहीं रखना सुरक्षित बंद अलमारी में उचित नहीं है बल्कि उसे हमेशा वक़्त के साथ जोड़ते रहना उपयोगी बनाता है । किताबों की विशेषता है कि उनमें लिखा बदलता नहीं है और वो आपसे कोई शिकायत भी नहीं करती चाहे कितने अंतराल तक अपने उनको देखा पढ़ा नहीं । जब भी चाहो उठाओ और उनसे सीख सकते हैं , युग चाहे कोई भी हो पुस्तकों का महत्व कभी कम नहीं होता है।

जीवन साल दिन और आयु से नहीं निर्धारित किया जा सकता , आपने क्या सार्थक जिया ये आपकी सोच और बुद्धिमता पर निर्भर करता है । बहुत लोग हुए हैं जिन्होंने छोटी सी ज़िंदगी में खुद अपने ही लिए नहीं परन्तु समाज की खातिर बहुत कुछ किया है।

कुछ लिखने वाले जितना भी लेखन कार्य किया उस से ऐसे शिखर पर पहुंच गए जहां अन्य सैंकड़ों किताबें लिख कर भी नहीं पहुंच पाए । उच्च कोटि का साहित्य वही होता है जो अपने समय की सही तस्वीर पूरी ईमानदारी से दिखलाता है । साहित्य का मकसद मनोरंजन नहीं बल्कि मार्गदर्शन करना और सत्य की राह चलना बताना होता है । आधुनिक सिनेमा टीवी सीरियल से लेकर सोशल मीडिया तक अपने ही मार्ग से भटके हुए हैं और हर कोई उपदेशक बना फिरता है जिस राह पर कभी पांव नहीं रखा उस पर चलने की नसीहत सभी को देता है । ख़ुदपरस्ती का आलम है हर ज़र्रा अपने को आफ़ताब समझता है।

व्यंग्य

# सियासत की चौसर और अंतरात्मा की आवाज

■ सुधाकर आशावादी

सुना है कि अंतरात्मा की भी कोई आवाज होती है। यह आवाज दलगत राजनीति को स्वीकार नहीं करती। जब खास अवसर आते हैं, तब यह अधिक बुलंद होती है और क्रॉस वोटिंग करने वालों की ढाल बन कर बचाव करती है। सारे आरोप प्रत्यारोप अंतरात्मा की आवाज के सम्मुख मौन धारण करने के लिए विवश हो जाते हैं। ऐसी होती है अंतरात्मा की आवाज।

अपने एक मित्र बड़े आशावादी थे। बड़ी हवेली में प्रवेश के लिए चौथी बार अपना भाग्य आजमा रहे थे। उन्हें प्रवेश दिलाने के लिए सुरक्षित मार्ग चुना गया था। उन्हें बताया गया था, कि उनके लिए बड़ी हवेली का प्रवेश मार्ग निष्कंटक है। उनके मार्ग में अनेक बंधु बांधवों ने फूल ही नहीं पलकें भी बिछा रखी हैं, जिन पर सवार होकर वह सुगमता से गंतव्य तक पहुँच सकते हैं। कुछ बंधु उनके साथ रात्रिभोज में भी सम्मिलित हुए। उन्होंने उन्हें आश्वस्त भी किया, कि मित्र भले ही तुम्हें वाया पर्यटक स्थल बड़ी हवेली में भेजने की व्यवस्था की गई हो और पर्यटक स्थल के निवासियों की इच्छा का अनादर किया गया हो, मगर हम आपके साथ हैं, हम आपको बड़ी हवेली तक पहुँचा कर ही दम लेंगे। कुछ बंधु सुबह नाश्ते के समय भी साथ में बैठकर ब्रेड बटर का सेवन कर रहे थे, मगर उस बस से दूर ही खड़े रह गए, जिसमें मित्र महोदय को सवार होना था। बहरहाल कभी कभी भाग्य भी खेला कर देता है। एक सवारी वाली बस में यदि दो चढ़ जाएँ, तो लॉटरी के सहारे फैसला कराता है, जिसके नाम की लॉटरी निकलती है, वही सुरक्षित सीट पर सफर तय करके गंतव्य तक पहुँच पाता है। मित्र महोदय के साथ भी यही हुआ। इसमें भाग्य को दोषी माना जाए या उन बंधु बांधवों को, जिन्होंने बस में सीट सुरक्षित कराने में रुचि नहीं ली। इसका जवाब किसी के पास नहीं है।

वैसे बैकडोर से बड़ी हवेली में प्रवेश करने वालों की चतुराई के किस्से कम नहीं हैं। ताश की बाजी खेलने वाले जानते हैं, कि कमजोर पत्तों से कैसे जीत सुनिश्चित की जाती है। अपने एक मित्र बाजी पलटने में माहिर हैं। शकुनि के पासों की तरह उनके फेंके हुए पासे कभी बेकार नहीं जाते। उन्हें पता था कि उनके पास मजबूत पासे नहीं हैं, फिर भी उन्होंने दॉव खेल दिया। बड़ी हवेली तक जाने वाली बस में अपनी उस सवारी को सवार करा ही दिया, जिस पर टिकट के लिए पर्याप्त पैसे भी नहीं थे। बहरहाल जब खुदा मेहरबान होता है, तो गधा भी पहलवान बन जाता है। सारे पासे मनोनुकूल पड़ने लगते हैं। उसके बाद कोई चाहे अंतरात्मा की आवाज को पासों की अनुकूलता से जोड़े या किसी लालच का आरोप लगाकर अपनी हार की खीज मिटाए।

सब जानते हैं कि मौलिक अधिकार स्वतन्त्रता का सम्मान करते हैं। किसी के मन में क्या है, कौन भविष्य में कौन सा आचरण करने वाला है, यह किसी को नहीं बताया जाता। गोपनीयता मन की बात उजागर करने की आज्ञा नहीं देती। मन चंचल होता है, न जाने कब भटक जाए और कब अपना मार्ग परिवर्तित कर ले। कोई कह रहा था कि बिना जनता के आशीर्वाद के बड़ी हवेली में प्रवेश करने के लिए जुगत भिड़ानी पड़ती है। समीकरण बिठाने पड़ते हैं, तब जाकर कहीं बड़ी हवेली में प्रवेश सुनिश्चित होता है। इसके लिए उन लोगों को साधना पड़ता है, जिनकी कृपा से बड़ी हवेली के मार्ग प्रशस्त होते हैं। उसके बाद अंतरात्मा की आवाज, बंधुआ मुक्ति, स्वतंत्र चिंतन जैसे शब्दों से अभिप्रेरित करने का प्रयास किया जाता है, तब जाकर कहीं अंतरात्मा की आवाज बुलंद होती है, क्रॉस वोटिंग जैसी स्थिति निर्मित होती है। यह स्थिति निराशा, हताशा जैसी स्थिति को आशा में परिवर्तित करती है। सियासत की चौसर पर यही खेल महाभारत काल से खेला जाता रहा है और आज भी खेला जा रहा है।

## नवगीत

बिखर गए सब रंग

सतीश उपाध्याय

होली ने जब खोली गठरी
बिखर गए सब रंग

अंतर्मन की धुंध मिट गई
सूरज हुआ गुलाल।
रंगों ने सब धो दिया
दिल का छुपा मलाल।
चारों ओर रंगीन नजारा
और मचा है शोर।
पूछ रही है राधा सबसे
छुपा कहां चितचोर।
सुर -तालों में झूमते
ढोलक,झांझ, मृदंग।

होली ने जब खोली गठरी
बिखर गए सब रंग।।

रिश्ते मधुबन हो गए
मन चंदन है आज
सभी दूरियां सिमट चली
करे रंग संवाद
इंद्रधनुष भी उतर गया
अपने रंगों के साथ
हंसी खुशी और मस्ती वाली
मन की ये बरसात।
रंगों ने बांटी हैं खुशियां
मचले आज उमंग ।।

होली ने जब खोली गठरी
बिखर गए सब रंग ।।

मनभावन अठखेलियां
बिखर रही मुस्कान
ठुमरी सी मीठी लगे
अधरों का हर गान ।
ढोल मंजीरों के थापों पर
थिरक रहे हैं पांव
रंगों की पतवार लिए
होली खेते नांव।
मन मंदिर में बजी घंटियां
गूंजे कितने शंख ।।
होली ने जब खोली गठरी
बिखर गए सब रंग।



प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

## पाकिस्तान एयरलाइंस का एक और कर्मचारी कनाडा से लापता

**रावलपिंडी।** पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस का एक और केबिन कर्मचारी कथित तौर पर कनाडा से लापता हो गया। एक सप्ताह में यह इस तरह की दूसरी घटना है। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, 47 वर्षीय जिब्रान बलूच कराची से टोरंटो की उड़ान पीके-783 में केबिन क्रू का हिस्सा थे। जिब्रान बलूच को गुरुवार को इस्लामाबाद के लिए वापसी उड़ान पीके-782 के लिए रिपोर्ट करना था। प्रवक्ता ने आगे कहा कि जब जिब्रान बलूच ने वापसी उड़ान के लिए रिपोर्ट नहीं की, तो कर्मचारियों ने उसका होटल कमरा खोला, लेकिन, वह वहां नहीं था।

# देश विदेश

# पाकिस्तान ने चुनाव में धांधली की जांच पर अमेरिकी 'निर्देशों' को किया खारिज

**इस्लामाबाद,** 2 मार्च (एजेंसियां)। पाकिस्तान ने चुनावी विसंगतियों की जांच करने के अमेरिका के सुझाव को खारिज कर दिया है और इस बात पर जोर दिया है कि वह बाहरी आदेशों के आगे नहीं झुकेगा। समाचारपत्र 'डॉन' की शनिवार को प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने अपनी साप्ताहिक प्रेस वार्ता में स्पष्ट रूप से कहा कि कोई भी देश पाकिस्तान को निर्देश नहीं दे सकता, जो एक स्वतंत्र और संप्रभु देश है। गत आठ फरवरी को हुए चुनावों में कदाचार के आरोपों के संबंध में अपने अमेरिकी समकक्ष द्वारा की गई टिप्पणियों का जवाब देते हुए सुश्री बलूच ने कहा, हम पाकिस्तान के आंतरिक मामलों के बारे में निर्णय लेने के अपने संप्रभु अधिकार में विश्वास करते हैं। इस सप्ताह की शुरुआत में अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि हस्तक्षेप या धोखाधड़ी के किसी भी दावे की 'पाकिस्तान के अपने कानूनों और प्रक्रियाओं के अनुसार पूरी तरह और पारदर्शी तरीके से जांच की जानी चाहिए।' एक अन्य अवसर पर उन्होंने कहा, रिपोर्ट की गई अनियमितताओं की जांच के संबंध में, हम उन जांचों को आगे बढ़ते हुए देखना चाहते हैं। साथ ही जितनी जल्दी हो सके समाप्त भी हो जाएं।

**पाकिस्तान ने कहा, वह बाहरी आदेशों के आगे नहीं झुकेगा**



**'कोई भी देश पाकिस्तान को निर्देश नहीं दे सकता, जो एक स्वतंत्र और संप्रभु देश है'**

## पाकिस्तान में सादिक चुने गए नेशनल असेंबली के निचले सदन के अध्यक्ष



*__इस्लामाबाद।__ पाकिस्तान में पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के सरदार अयाज सादिक को शुक्रवार को नेशनल असेंबली या देश की संसद के निचले सदन का अध्यक्ष चुना गया। यह जानकारी नेशनल असेंबली के निचले सदन के निवर्तमान अध्यक्ष राजा परवेज अशरफ ने दी। श्री अशरफ के मुताबिक श्री सादिक को 336 सदस्यीय सदन में पड़े कुल 291 वोटों में से 199 वोट मिले और उन्होंने सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) के उम्मीदवार मलिक मुहम्मद अमीर डोगर को हराया। श्री डोगर को 91 वोट मिले। वहीं, सदन के सदस्यों द्वारा गुप्त मतदान के जरिए वोट डालने के बाद एक वोट खारिज कर दिया गया। सदन के नए संरक्षक को शपथ दिलाने से पहले निवर्तमान अध्यक्ष ने कहा, सादिक को पाकिस्तान की नेशनल असेंबली का अध्यक्ष घोषित किया जाता है। मुझे उम्मीद है कि वह देश के संविधान के अनुसार सदन को चलाने में अपनी भूमिका निभाएंगे।*

**पाक राष्ट्रपति चुनाव**

## आसिफ अली जरदारी, महमूद अचकजई ने नामांकन पत्र दाखिल किए

**इस्लामाबाद,** 2 मार्च (एजेंसियां)। पीपीपी और पीएमएल-एन के संयुक्त उम्मीदवार आसिफ अली जरदारी और पीटीआई समर्थित सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल के उम्मीदवार महमूद खान अचकजई ने पाकिस्तान में 9 मार्च को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किये हैं।

नामांकन पत्रों की जांच सोमवार को होगी। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, नामांकन पत्र वापस लेने की आखिरी तारीख 5 मार्च है और उम्मीदवारों की अंतिम सूची 6 मार्च को प्रकाशित की जाएगी।

इससे पहले दिन में, सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) ने पश्तूनख्वा मिल्ली अवामी पार्टी (पीकेएमएपी) के प्रमुख महमूद खान अचकजई को अपने राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में नामित किया। महमूद खान अचकजई ने बलूचिस्तान के किला अब्दुल्ला-सह-चमन में एनए-266 निर्वाचन क्षेत्र से नेशनल असेंबली सीट जीती थी। विभिन्न मामलों में जेल में बंद पीटीआई के संस्थापक इमरान खान ने अपने सांसदों से महमूद खान अचकजई के लिए वोट करने का आग्रह किया है।



राष्ट्रपति का चुनाव एक निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है जिसमें सीनेट, नेशनल असेंबली और चार प्रांतीय विधानसभाओं के सदस्य शामिल होते हैं।

मतदान गुप्त मत प्रणाली के माध्यम से होता है।

हालाँकि पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी का कार्यकाल 8 सितंबर को पूरा हो गया, राष्ट्रपति का चुनाव करने के लिए आवश्यक निर्वाचक मंडल की अनुपस्थिति के कारण वह अब तक पद पर हैं।

## सुडोकू 6484

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 3 | | | | | |
| 7 | | | | 1 | 4 | | 8 | |
| 6 | | | | | | | | |
| 1 | 8 | | | 4 | | | 5 | |
| 2 | | | 1 | | 5 | | | 6 |
| | 9 | | | 8 | | | 2 | 3 |
| | | | | | | | | 2 |
| | 1 | | 4 | 5 | | | | 9 |
| | | | | | 7 | | 1 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : रविवार 3 मार्च, 2024 फाल्गुन कृष्ण पक्ष 8**

### राशिफल

मेष - आप का आज का दिन आध्यात्मिक दृष्टि से आपको अनूठी अनुभूति कराने वाला रहेगा। आपको रहस्यमयी विद्या आपको आकर्षित करेगी। आज आध्यात्मिक सिद्धि मिलने का भी योग हैं।

वृषभ - आज का दिन शुभ फलदायी है। आज आप शारीरिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। मानसिक प्रसन्नता का अनुभव होगा। परिजन तथा निकट के लोगों के साथ अधिक समय गुजरेगा।

मिथुन - आज आप का दिन बहुत अच्छा गुजरने वाला है। घर में शांति और आनंद का वातावरण रहेगा। सुखमय प्रसंग बनेगा। खर्च होगा, लेकिन वह निरर्थक नहीं होगा। आर्थिक लाभ की संभावना है। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

कर्क - आज का दिन आपके लिए थोड़ी सावधानी रखने का है। शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। किसी भी नए काम की शुरुआत के लिए दिन अच्छा नहीं है। मानसिक अशांति और उद्वेग आपके मन पर छाया रहेगा। खिन्नता रहेगी।

सिंह - आज आप शारीरिक रुप से अस्वस्थ तथा मानसिक रूप से चिंतित रहेंगे। घर में स्वजनों के साथ गलतफहमी हो सकती है। माता के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। घर की महिलाओं के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

कन्या - किसी भी काम में सोच समझकर आगे बढ़ें। भाई-बहनों के साथ प्यारभरा संबंध बना रहेगा। मित्रों, स्वजनों के साथ मुलाकात होगी। प्रत्येक काम में सफलता मिलने की संभावना है। आर्थिक लाभ की संभावना भी अधिक है।

तुला - आज आप का मनोबल कमजोर रहेगा। किसी निर्णय पर जाना कठिन हो सकता है। नए काम की शुरुआत ना करें और महत्वपूर्ण निर्णय आज न लें। परिजनों के साथ वाद-विवाद हो सकता है।

वृश्चिक - आज का दिन आपके लिए शुभ है। शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। परिवार के सदस्यों के साथ आनंदपूर्वक समय बिताएंगे। स्वजनों से भेंट या उपहार मिल सकता है।

धनु - आज का दिन आपके लिए कठिनता भरा हो सकता है। परिजनों के साथ बहस होगी। किसी से उग्र व्यवहार के कारण मनदु-ख हो सकता है। वाणी पर संयम रखना पड़ेगा। मन के आवेश पर अंकुश रखना पड़ेगा।

मकर - मित्रों, सम्बंधियों से की गई भेंट से आपका दिन आनंदपूर्वक गुजरेगा। सामाजिक क्षेत्र, व्यापार तथा आर्थिक दृष्टि से आपके लिए आज का दिन लाभदायी रहेगा। जीवनसाथी की खोज करने वालों का रिश्ता पक्का होने के योग हैं।

कुंभ - आज का दिन शुभ फलदायी है। आज प्रत्येक काम में सरलता से सफलता प्राप्त होगी। आप मानसिक रूप से प्रफुल्लित रहेंगे। नौकरी में अधिकारियों की प्रसन्नता के कारण पदोन्नति के योग हैं।

मीन - मन की अस्वस्थता के कारण आप आज चिंतित रहेंगे। शरीर में थकान और आलस्य का अनुभव होगा। अधिकारियों के साथ बातचीत में सावधानी रखें। संतान के विषय में आपको चिंता रहेगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1575-मुग़ल बादशाह अकबर ने तुकारोई की लड़ाई में बंगाली सेना को हराया था।

1707-भारत के मुग़ल बादशाह औरंगजेब का निधन।

1839-भारतीय उद्योगपति जमशेद जी टाटा का जन्म।

1939-महात्मा गाँधी, भारत के मुंबई शहर में निरंकुश शासन के विरोध में तेज़ी लाये।

1955-प्रसिद्ध हास्य अभिनेता जसपाल भट्टी का जन्म।

1971-भारत-पाकिस्तान युद्ध की शुरुआत हुई।

1976-परमवीर चक्र से सम्मानित भारतीय सैनिक राइफ़लमैन संजय कुमार का जन्म।

1999-अब्दुल रहमान अरब मूल के ऐसे प्रथम व्यक्ति बने जिन्हें इस्रायली सुप्रीम कोर्ट का न्यायाधीश बनाया गया।

2000-अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायाधिकरण द्वारा क्रोएशिया के जनरल तिहोमिर ब्लास्किय को 45 साल क़ैद की सज़ा।

2002-प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष जी.एम.सी. बालायोगी का निधन।

2005-यूक्रेन के राष्टपति विक्टर यूशचेंकों की अध्यक्षता वाली राष्ट्रीय रक्षा परिषद ने इराक से अपने सैनिक वापस बुलाने का निर्णय लिया।

2006-फिलीपींस में आपातकाल हटा।

2007-पाकिस्तान ने हत्फ़-2 अब्दाली बेलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया।

2008-मेघालय में नई विधानसभा के लिए चुनाव में 75त्न मतदान हुआ। कन्या भ्रूण हत्या रोकने के केन्द्र सरकार ने धन लक्ष्मी नामक नई योजना शुरू की।

## चाड में संघर्ष में सात की मौत , 20 गिरफ्तार

**याउंडे,** 1 मार्च (एजेंसियां)। चाड में सरकारी बलों और विपक्षी सोशलिस्ट पार्टी विदाउट बॉर्डर्स (पीएसएफ) के सदस्यों के बीच गोलीबारी में कम से कम सात लोग मारे गए और 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। देश के संचार मंत्री एवं सरकार के प्रवक्ता अब्देरमन कौलामल्ला ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने झड़पों में जब्त किए गए हथियारों को संवाददाताओं के समक्ष प्रदर्शित किया। उन्होंने कहा कि बुधवार को चाड की राजधानी एन%जामेना में हुई झड़पों के दौरान पीएसएफ नेता याया डिल्लो सहित चार सैनिक और तीन पीएसएफ सदस्य मारे गए। श्री कौलामल्लाह ने कहा कि पूर्व जनरल और चाड के संक्रमणकालीन राष्ट्रपति महामत इदरीस डेबी इटनो के चाचा सालेह डेबी इटनो सहित 20 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा, व्यवस्था बहाल कर दी गई है और चाडवासी अपनी दैनिक गतिविधियां कर सकते हैं। इस दिन से, सभी चाडवासियों को, चाहे वे किसी भी मूल या समुदाय के हों, यह जानना होगा कि कोई भी कानून से ऊपर नहीं है। उन्होंने कहा, हम सभी आयामों में कानून की स्थिति बहाल करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। डिल्लो की मौत सरकार द्वारा उन पर देश की खुफिया एजेंसी पर घातक हमले का आरोप लगाने के बाद हुई। डिल्लो महामत इदरीस डेबी इटनो के चचेरे भाई हैं, जिन्होंने अप्रैल 2021 में एक हमले में अपने पिता इदरीस डेबी इटनो की मृत्यु के बाद उनकी जगह ली थी।

## मिस्त्र ने रमजान के दौरान गाजा में युद्धविराम का किया आह्वान

**अंकारा,** 1 मार्च (एजेंसियां)। मिस्त्र के विदेश मंत्री समेह शौकरी ने शुक्रवार को इस साल 11 मार्च के आसपास शुरू होने वाले रमजान के पवित्र महीने से पहले गाजा में संघर्ष विराम का आह्वान किया। श्री शौकरी ने दक्षिणी तुर्की में अर्ध-आधिकारिक अनादोलु एजेंसी से कहा, मेरा मानना है कि हर कोई मानता है कि फिलिस्तीनियों की सुरक्षा के लिए और इसकी धार्मिक प्रकृति के कारण रमजान से पहले युद्धविराम तक पहुंचना आवश्यक है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि रमजान के दौरान सैन्य कार्रवाइयों से न केवल गाजा और वेस्ट बैंक में नागरिक प्रभावित होंगे, बल्कि अरब और मुस्लिम जगत में भी तनावपूर्ण माहौल पैदा होगा। उन्होंने कहा, हम इस पर काम कर रहे हैं और हम हर संभव प्रयास करना जारी रखेंगे। हम खतरों और शत्रुता को समाप्त करने में आवश्यक लचीलेपन और समझ की उम्मीद करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी योजना पर चर्चा करना उचित नहीं है, जो इजरायल को नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए सैन्य अभियान चलाने की अनुमति देगी।



## लेबनान पर इजरायली हमले में चार लोगों की मौत

**बेरूत।** लेबनान के सीमावर्ती क्षेत्र के एक गांव पर किए गए इजरायली हवाई हमलों में शुक्रवार को चार हिज्बुल्लाह लड़ाके मारे गए और तीन अन्य लोग घायल हो गए। लेबनानी सैन्य सूत्रों ने यह जानकारी दी है। सूत्रों ने कहा कि दक्षिणी लेबनान के बेंट जेबिल जिले के राम्याह गांव पर कई लोग इजरायली हमलों के कारण हताहत हुए। सैन्य सूत्रों के अनुसार, इज़रायल ने राम्याह पर चार और ऐता अल-शाब और जबल बलात गांवों पर तीन हवाई हमले किए, जिसमें पांच घर नष्ट हो गए और 15 अन्य को नुकसान पहुंचा।

## यूक्रेन, नीदरलैंड ने सुरक्षा सहयोग पर किया समझौता

**कीव,** 2 मार्च (एजेंसियां)। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की और डच प्रधानमंत्री मार्क रुटे ने दोनों देशों के बीच सुरक्षा सहयोग पर एक समझौते पर हस्ताक्षर किया है।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की शुक्रवार की रिपोर्ट के अनुसार, यह समझौता 10 साल के लिए है, जो यूक्रेन के लिए समर्थन की जी7 की संयुक्त घोषणा पर आधारित है। समझौते पर पूर्वी यूक्रेन के खार्किव शहर में हस्ताक्षर किए गए।

दस्तावेज़ में कहा गया है कि नीदरलैंड 2024 में यूक्रेन को 2 बिलियन यूरो (लगभग 2.17 बिलियन डॉलर) की सैन्य सहायता प्रदान करेगा और भविष्य में भी अपना समर्थन जारी रखेगा।

सौदे के तहत, नीदरलैंड ने यूक्रेन को वायु रक्षा साधन, तोपखाने और बख्तरबंद वाहनों सहित आधुनिक सैन्य उपकरण प्रदान करने की प्रतिबद्धता जताई।

इसके अलावा, नीदरलैंड यूक्रेन की वायु सेना के साथ-साथ समुद्री क्षमताओं का भी समर्थन करेगा।



नीदरलैंड ने यूरोपीय संघ और नाटो में शामिल होने की यूक्रेन की आकांक्षाओं का समर्थन करने की अपनी प्रतिबद्धता की भी पुष्टि की है।

पिछले साल, नीदरलैंड ने यूक्रेन को 1.6 बिलियन यूरो (लगभग 1.73 बिलियन डॉलर) की सैन्य सहायता दी थी।

## ब्रिटेन में कई वाहनों की टक्कर में करीब 34 लोग घायल

**लंदन,** 2 मार्च (एजेंसियां)। ब्रिटेन में एम23 मोटरवे पर व्यस्त समय में 15 वाहनों की टक्कर में करीब 34 लोग घायल हो गए हैं। ब्रिटेन की ससेक्स पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने शुक्रवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कई वाहनों की टक्कर के बाद एम23 का दक्षिण की ओर जाने वाला मार्ग फिर से खुल गया है। उत्तर की ओर जाने वाले जंक्शन 10 और 11 बंद हैं। एम्बुलेंस सेवा द्वारा लगभग 34 लोगों का इलाज किया जा रहा है, जिनमें कोई भी जानलेवा चोट नहीं है। पुलिस ने कहा कि टक्कर के बाद जंक्शन 10 और 11 के बीच मोटरवे को दोनों तरफ से बंद कर दिया गया था। आपातकालीन सेवाओं ने शाम 5÷40 बजे (जीएमटी) पर कॉल का जवाब दिया। चिकित्सकों ने मौके पर ही कई हताहतों का इलाज किया।

ब्रिटेन के साउथ ईस्ट कोस्ट एम्बुलेंस सेवा ने शुक्रवार को एक्स पर कहा कि पीज़ पोटेज गांव के पास मोटरवे पर दुर्घटनास्थल पर कई एम्बुलेंस भेजी गई थीं। सेवा ने कहा कि चार लोगों को गैर-जानलेवा चोटों के साथ अस्पताल ले जाया गया, जबकि दुर्घटना स्थल पर मामूली चोटों के लिए लगभग 30 लोगों का इलाज किया गया।

**नजर** *एनपीसी व सीपीपीसीसी की होने वाली हैं वार्षिक बैठकें*

## यूरोपीय व्यापार जगत के लोगों की चीन में होने वाली बैठक पर नजर

**बीजिंग, 2 मार्च (एजेंसियां)। चीन के दो सत्र यानी एनपीसी और सीपीपीसीसी की वार्षिक बैठकें आयोजित होने वाली हैं, और यूरोपीय व्यापारिक मंडल के लोग इस इवेंट पर ध्यान दे रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि बैठकों में जारी होने वाली आर्थिक नीति और विकास के लक्ष्य वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक संकेत देंगे और अस्थिर अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों में स्थिरता की शक्ति भरेंगे। जर्मनी के हैनोवर इंडस्ट्रियल एक्सपो के आयोजक, जर्मन ट्रेड फेयर कंपनी के बोर्ड चेयरमैन डॉ. जोचेन कॉकलर ने कहा, मैं उम्मीद कर रहा हूं कि चीनी अर्थव्यवस्था निरंतर स्थिर विकास करेगी।**

यह और अधिक गति के स्तर तक पहुंचेगी। क्योंकि हम चीन में एक्सपो आयोजित कर रहे हैं, यह हमारे लिए निश्चित रूप से एक अच्छी खबर है। इसलिए मेरा सबसे ज्यादा ध्यान दो सत्र में घोषित करने वाली आर्थिक विकास के लक्ष्यों पर है, यह जर्मनी और चीन के बीच आर्थिक और व्यापारिक संबंधों, विशेष रूप से जर्मनी की निर्यात में वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण है। वर्षों से चले आ रहे विश्वासपात्र सहयोग ने जर्मनी-चीन, यूरोप-चीन दोनों को



लाभ पहुंचाया है, हमें सहयोग को गहराने की आवश्यकता है। नॉर्वे इनोवेशन एजेंसी के निर्यात निदेशक पेर नीडरबाच भी मानते हैं कि वैश्विक चुनौतियों और भू-राजनीतिक अनिश्चितता ने विभिन्न देशों के बीच आर्थिक सहयोग के महत्व को और भी महत्वपूर्ण बना दिया है। चीन के दो सत्र से प्रसारित संकेत वैश्विक आर्थिक बहाली और स्थिरता में योगदान देंगे। उन्होंने कहा, हम चीन के मजबूत आर्थिक विकास की उम्मीद रखते हैं, क्योंकि न केवल यूरोप और वैश्विक व्यापार चीन के विकास से लाभान्वित होते हैं, बल्कि हम सहयोग की शक्ति में भी विश्वास रखते हैं, क्योंकि यह विभिन्न देशों के बीच वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने का एकमात्र तरीका है।

## 2023 में चीन में उच्च शिक्षा प्राप्तकर्ताओं की संख्या 4.7 करोड़ के पार

**बीजिंग।** चीनी शिक्षा मंत्रालय ने एक मार्च को एक प्रेस सम्मेलन का आयोजन किया, जिसमें साल 2023 में चीन के शिक्षा क्षेत्र के विकास की मूल जानकारी प्रस्तुत की गई। बताया गया है कि साल 2023 में चीन में विभिन्न प्रारूपों की उच्च शिक्षा को प्राप्त करने वालों की संख्या 4 करोड़ 76 लाख 31 हजार 900 तक जा पहुंची, जो साल 2022 से 10 लाख 81 हजार 100 अधिक थी, यानी 2.32 प्रतिशत की वृद्धि हुई। साल 2023 में, चीन में सामान्य और व्यावसायिक ग्रेजुएट और स्नातकोत्तर के संयुक्त प्रवेशों की कुल संख्या 1 करोड़ 4 लाख 22 हजार 200 थी, जो साल 2022 की तुलना में 2.73 प्रतिशत की वृद्धि हुई। पूरे देश में कुल 13 लाख 1 हजार 700 पोस्ट ग्रेजुएट छात्र प्राप्त किए गए, जो साल 2022 की तुलना में 4.76 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

## वर्ग पहेली 6484

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | ■ |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. कम पढ़ा-लिखा, कट्टर अक्षर पूजक, मुल्ला का मौलवी
३. पहाड़ के नीचे की भूमि
५.पति (उर्दू)
६. विवाह विच्छेद (उर्दू)
७. वैद्यों को मिलने वाली एक उपाधि९.
९. दिखलाना
१०.गुत्थी, फंसाव या किसी समस्याका दूर हो जाना
१२. कमल
१३. जिसके पास कोई हथियार न हो, निशस्त्र
१४. नशे में अंट-शंट बकना, पथ भ्रष्ट होनाॉ
१६. झुका हुआ
१८. जिसमेंमन न लगे, अरुचिकर (उर्दू)
२०. सरस्नती, दुर्गा
२१. किसी भाषा के अक्षरों की क्रमबद्ध सूची
२३.भारत में स्थित एक विश्वप्रसिद्ध ऐतिहासिक इमारत

**ऊपर से नीचे:-**

१.हथेली
२. वीणी (उर्दू)
३. आवेश में आना,, क्रुद्ध होना
४. कातिल
५. क्रय करना, मोल लेना (उर्दू)
८. पेचीदगी, कठिनता, घुमावदार होना
१०. संधि, मेल, समझौता
११. पेड़ के पत्तों का टूटकर गिरना, या बालों का गिरना, बरसना
१२. उठना, उठाना, बढ़ती, उन्नति
१३. ममतारहित, निष्ठुर
१४. ताकतवर
१५. वर देना वाला
१७. अनुवाद (उर्दू)
१८. पत्नी (उर्दू)
१९. नया, नवीन
२२. मुंह से निकलने वाला लसदार तरल पदार्थ

### वर्ग पहेली-6483

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ म | स | २ ख | रा | ■ | ■ | ३ वि | मा | ४ नि | त |
| णि | ■ | ब | ■ | ५ मो | ह | क | ■ | र्जी | ■ |
| ६ बं | द | र | गा | ह | ■ | ७ ल | ब्ध | व | ८ र |
| ध | ■ | दा | ■ | ९ पा | त्र | ता | ■ | ■ | वि |
| ■ | १० प | र | ११ व | श | ■ | ■ | १२ अ | त्य | न्त |
| ■ | ह | ■ | र्ण | ■ | १३ प्र | ति | बा | ■ | न |
| १४ मू | ल | १५ ध | न | ■ | वा | ■ | १६ व | १७ ल | य |
| ल्यां | ■ | न्य | ■ | १८ ब | ह | १९ रा | ■ | ल | ■ |
| २० क | ले | वा | ■ | ढ़ि | ■ | २१ क्ष | यं | क | २२ र |
| न | ■ | २२ द | कि | या | नू | स | ■ | ■ | द्द |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### शनचो-17 के अंतरिक्ष यात्रियों ने दूसरी बार अंतरिक्ष यान से बाहर निकलकर काम किए

**बीजिंग,** 2 मार्च (एजेंसियां)। चीनी मानवयुक्त अंतरिक्ष इंजीनियरिंग कार्यालय से शनिवार को मिली खबर के अनुसार, दोपहर बाद 1 बजकर 32 मिनट पर, अंतरिक्ष केबिन से बाहर निकलकर 8 घंटे की गतिविधि में चीनी मानवयुक्त अंतरिक्ष यान शनचो-17 के अंतरिक्ष यात्री थांग होंगपो, थांग शंगच्ये और च्यांग शिनलिन ने सहयोग करते हुए अंतरिक्ष स्टेशन के रोबोटिक आर्म और ग्राउंड वैज्ञानिक शोधकर्ताओं के सहयोग व समर्थन से, सभी निर्धारित कार्यों को पूरा किया है। अंतरिक्ष यात्री थांग होंगपो और च्यांग शिनलिन सुरक्षित रूप से वनथ्येन प्रायोगिक केबिन में लौट आए हैं, और शनचो-17 अंतरिक्ष यात्री दल की केबिन से बाहर निकल कर दूसरी गतिविधि पूरी तरह सफल रही। 21 दिसंबर 2023 को शनचो-17 अंतरिक्ष यात्रियों ने केबिन से निकलकर अपनी पहली अंतरिक्ष गतिविधि सफलतापूर्वक पूरी की। लगभग 7.5 घंटे की गतिविधियों में, तीनों अंतरिक्ष यात्रियों ने अंतरिक्ष स्टेशन के रोबोटिक हाथ और ग्राउंड वैज्ञानिक शोधकर्ताओं के समर्थन से थ्येन-ह कोर मॉड्यूल सौर विंग रखरखाव परीक्षण जैसे निर्धारित कार्य पूरे किए।

# प्रादेशिकी

## बम-बम भोले के जयकारों के साथ शारदीय कांवड़ यात्रा शुरू

**हरिद्वार।** धर्मनगरी में शारदीय कांवड़ यात्रा शुरू हो गई है। महाशिवरात्रि से पहले कांवड़िया हरिद्वार पहुंचने लगे हैं और हरकी पैड़ी से गंगाजल भरकर अपने-अपने गंतव्य के लिए रवाना हो रहे हैं। कावड़ यात्रा शुरू होने पर हरिद्वार में बम-बम भोले के जयकारे गूंज रहे हैं। हालांकि अभी कम संख्या में कांवड़िया हरिद्वार से गंगाजल भरकर रवाना हो रहे हैं, लेकिन आने वाले तीन-चार दिनों में कांवड़ यात्रा जोरों पर चलेगी। कांवड़ यात्रा को देखते हुए पुलिस और प्रशासन ने भी कमर कस ली है। यातायात प्लान तैयार किया है, ताकि शिव भक्तों को परेशानी न हो। एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल ने बताया कि 8 मार्च को महाशिवरात्रि से पहले हरिद्वार पुलिस द्वारा व्यवस्थाओं को देखते हुए कई प्लान तैयार किए गए हैं। जिसमें ट्रैफिक प्लान पर ज्यादा फोकस है।

# सहकारिता से जुड़ा है देश का हर किसान परिवार : डॉ. धन सिंह

### सहकार भारती की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक शुरू

■ अमरनाथ तिवारी

**हरिद्वार,**2 मार्च (देशबन्धु)। प्रेमनगर आश्रम में सहकार भारती की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पहुंचे सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह ने कहा कि सच में यदि हम किसानों के लिए, महिलाओं के लिए और स्वरोजगार के लिए कुछ करना चाहते हैं तो सहकारिता के माध्यम से हो सकता है। उत्तराखण्ड में 31.50 लाख लोग सहकारिता से जुड़े हैं। हर किसान का परिवार सहकारिता से जुड़ा है। दीनदयाल किसान योजना के अन्तगर्त 5 लाख का ऋण 0 प्रतिशत पर 9 लाख को दिया गया है।

लखपति दीदी का कांसेप्ट उत्तराखंड से है। महिला यदि कुछ करना चाहती है तो उसे सहयोग दिया जाएगा, 10 लाख तक का ऋण दिया जाएगा। सोलर पर युवाओं को सहयोग किया जा रहा हैं। सादे आठ हजार लोगो ने भाग लिया है। उन्होंने कहा कि आगे का समय युग परिवर्तन का है। उन्होंने कहा कि शक्तिवान कार्यकर्ताओं के कंधे पर देश का बोझ है। देश का पहला समेकित सहकारिता विकास प्रोजेक्ट उत्तराखंड सरकार ने



आने वाला युग सहकारिता का युग है। प्रकृति को हमे बचाना है या हमे प्रकृति बचाएगी : डॉ. धन सिंह

किया है। प्रधानमंत्री ने विश्व की पहली अन्न भंडारण योजना शुरू की है। हमे आम जन को सरकारी चक्र से बचाना है। आने वाला युग सहकारिता का युग है। प्रकृति, को हमे बचाना है या हमे प्रकृति बचाएगी। उस युग को संभालने के लिए संस्कार की आवश्यकता होती है। इसे संस्कारवान कार्यकर्ता सहकार भारती के है। इससे हमे अपनी क्षमता का विकास करना होगा। उन्होंने कहा कि बंजर जमीन लीज पर लेकर सामूहिक खेती होगी जिसका सारा खर्च सरकार करेगी। उन्होंने कहा कि मंडुआ ,रागी को प्रोत्साहित किया। उत्तराखण्ड में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वास्तविक किसान सहकारिता में नही आ रहा है। सहकारिता में उन्हें ही आगे लायेंगे जो हकीकत में किसानी कर रहा है। हर जिले के 10-10 किसानों को वर्ष में दो बार भ्रमण के लिए भेजते हैं। उन्होंने कहा कि कृषि भूमि, ऑर्गेनिक भूमि पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उत्तराखंड के सहकारिता मंत्री धनसिंह राव का सहकार भारती महिला सहकारिता प्रकोष्ठ की प्रमुख शताब्दी पांडे ने स्वागत किया। बैठक के दौरान महिला प्रकोष्ठ प्रमुख रेवती शेंदुरानिकार, मधुबाला साबू, राष्ट्रीय सह प्रमुख हरनीत आर सिंह, संगीता तेंदुलकर, राष्ट्रीय मंत्री नंदिनी रॉय, नयना मकवाना, मीनाक्षी राय, लतारिशी चंद्राकर, उपस्थित सभी प्रमुख राष्ट्रीय महिला पदाधिकारियों ने उत्तराखंड में सहकारिता में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के निर्णय का अभिनंदन किया और सम्पूर्ण मातृशक्ति की ओर से हरिद्वार में आभार व्यक्त किया।

## मनरेगा मज़दूरों की गैर कानूनी तौर पर रोकी वित्तिय सहायता: भूपेंद्र

**शिमला,** 2 मार्च (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं श्रमिक कल्याण बोर्ड के नए अध्यक्ष सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में शिमला में उनके कार्यालय में राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड की 44वीं बैठक आयोजित की गई। हालांकि ये बैठक 29 फ़रवरी को रखी गई थी लेकिन प्रदेश सरकार पर छाए संकट के कारण ये नहीं हो पाई और यह बैठक जल्दबाजी में केवल रस्म अदायगी के रूप में ही हुई और लंबित मुद्दों पर निर्णय नहीं हो सके।

बोर्ड सदस्य व संयुक्त ट्रेड यूनियन संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र सिंह, इंटक की हेमा तंवर, बीएमएस के प्रदीप कुमार, एटक के जगदीश भारद्धाज और टीयूसीसी से रविन्द्र कुमार रवि ने कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि इस बैठक में गत डेढ़ साल से बोर्ड की रुकी हुई कार्यप्रणाली व सहायता जारी करने बारे निर्णय होने की उम्मीद थी लेकिन मुख्यमंत्री केवल दस मिनट के लिए ही बैठक में आये। यही नहीं सुक्खू सरकार के बजट में की गई दो घोषणाओं को बोर्ड में लागू करने के बारे में बोल कर चले गए जिसपर सभी मज़दूर संगठनों के सदस्यों ने एतराज़ जताया है और बोर्ड के सचिव को दस दिन में रोकी गयी वित्तिय सहायता राशी जारी करने का अल्टीमेटम दिया है।

# सामाजिक-आर्थिक विकास में नए विचारों व खोजों का प्रयोग करें : मान

### नौजवानों को जिंदगी के हर क्षेत्र में लगन के साथ मेहनत की जरूरत

**चंडीगढ़,** 2 मार्च (एजेंसियां)। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने नौजवानों को राज्य के सामाजिक-आर्थिक विकास में सक्रिय हिस्सेदार बनने के लिए अपने नये विचारों और खोजों का प्रयोग करने का न्योता दिया।

मान ने शनिवार को यहां टी.आई.ई. सी.ओ.एन. को संबोधित करते हुये कहा कि वह हमेशा नये विचारों और खोजों के पक्षधर रहे हैं और आम आदमी को अधिक अधिकार देना समय की मुख्य ज़रूरत है। उन्होंने कहा कि इसलिए सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों में उद्यमी हुनर को बढ़ावा देने के लिए बिज़नस बलास्टरज़ स्कीम शुरू की गई है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि नौजवानों के कॅरियर के लिए मार्गदर्शन यकीनी बनाना समय की मुख्य ज़रूरत है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में शिक्षा क्रांति के युग की



नौजवानों के कॅरियर के लिए मार्गदर्शन बनाना समय की मुख्य जरूरत है, जिससे उनको बड़े स्तर पर सशक्त बनाया जा सके : भगवंत सिंह मान

शुरुआत करते हुये पंजाब सरकार ने राज्य में 'स्कूल आफ एमिनेंस' की स्थापना की है। उन्होंने कहा कि यह हाई-टैक स्कूल नौजवानों के लिए अत्याधुनिक सहूलतों के साथ लैस हैं, जिससे वह जीवन के हर क्षेत्र में उत्कृष्टता को यकीनी बनाते हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह अत्याधुनिक स्कूल विद्यार्थियों को मानक शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रेरक के तौर पर काम कर रहे हैं।

### सड़क सुरक्षा के लिए पलाकशा यूनिवर्सिटी के साथ एमओयू

**चंडीगढ़।** पंजाब में ट्रैफ़िक प्रबंधन में सुधार करने और कीमती जानें बचाने के लिए कृत्रिम बौद्धिकता (ए. आई.) जैसी प्रौद्योगिकी को लागू करने के उद्देश्य से पंजाब पुलिस ने पलाकशा यूनिवर्सिटी पंजाब के साथ एक महत्वपूर्ण समझौते (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये हैं। यह एमओयू., एडीजीपी ( ट्रैफ़िक एंड रोड सेफ्टी) ए एस राय और पलाकशा यूनिवर्सिटी, पंजाब के रजिस्ट्रार संजय भटनागर ने डीजीपी पंजाब गौरव यादव की मौजूदगी में हस्ताक्षर किये। इस दौरान प्रोफ़ैसर श्रीकांत श्रीनिवासन और आई. ओ. टी. लैब के टीम के सदस्यों सहित पंजाब रोड सेफ्टी और यातायात अनुसंधान केंद्र के रिर्सच एसोसिएट भी उपस्थित थे।

**सार** संक्षेप

### चंपावत के एडीओ कोऑपरेटिव को किया सस्पेंड

**देहरादून।** चंपावत के जिला सहायक निबंधक कार्यालय में सहकारी निरीक्षक वर्ग-2 राजकिशोर को रजिस्ट्रार कोआपरेटिव ने निलंबित कर दिया है। उनकी जांच बैठाते हुए 15 दिन के भीतर रिपोर्ट मांगी गई है। एडीओ राजकिशोर को समय- समय पर बिना बताए या बिना अवकाश प्रार्थनापत्र कार्यालय से अनुपस्थित रहने, अफसरों के निर्देशों की अवहेलना, बार-बार निर्देश के बाद भी कार्य व्यवहार में सुधार न लाने, अनाधिकृत रूप से कार्य से अनुपस्थित रहने और अफसरों के आदेशों की अवहेलना के आरोप में रजिस्ट्रार कोऑपरेटिव ने निलंबित किया है। शुक्रवार को अपर निबंधक सहकारी समितियां आनंद एडी शुक्ल ने उप निबंधक अल्मोड़ा हरीश चंद्र खंडूरी को जांच अधिकारी नियुक्त कर उन्हें राजकिशोर के विरुद्ध 15 दिनों के भीतर आरोपपत्र तैयार करने के निर्देश दिए। एडीओ राजकिशोर पर उत्तराखंड सहकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली 2003 के प्रावधानों के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है।

### बोर्ड परीक्षा में फ्लाइंग दस्ते ने तीन नकलची पकड़े

**रामनगर।** उत्तराखंड में इन दिनों बोर्ड की परीक्षाएं चल रही हैं। शनिवार को फ्लाइंग दस्ते ने बोर्ड परीक्षाओं में नकल करते हुए 3 नकलचियों को पकड़ा। तीनों नकलची नैनीताल जिले के हैं। तीनों ही परीक्षार्थी 10वीं में विज्ञान विषय की परीक्षा में नकल कर रहे थे। 4 दिन पूर्व उत्तराखंड बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हुई हैं। इस बार 10वीं और 12वीं में कुल 210354 परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं। जिसमें 10वीं में 115606 परीक्षार्थी जबकी 12वीं में 94748 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। बता दें परीक्षा 27 फरवरी से शुरू होकर 16 मार्च को समाप्त होंगी। बोर्ड परीक्षा के चैथे दिन 3 नकलची पकड़े गए हैं। उत्तराखंड बोर्ड के अपर सचिव बृजमोहन सिंह रावत ने बताया परीक्षा केंद्र संख्या 1230 महबुबिया इंटर कॉलेज हजारा ग्रांट, हरिद्वार में 10वीं के विज्ञान विषय में कक्ष निरीक्षक ने दो छात्र और एक छात्रा का नकल करते हुए पकड़े गये हैं। उन्होंने कहा इन नकल करने वाले परीक्षार्थियों का परीक्षाफल रोका जाएगा।

### मुख्य सचिव राधा रतूड़ी को मिला सेवा विस्तार

**देहरादून।** उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी का कार्यकाल एक अप्रैल से 30 सितंबर 2024 तक छह महीने के लिए बढ़ा दिया गया है। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी राधा रतूड़ी प्रदेश की पहली महिला मुख्य सचिव हैं। हाल ही में उन्होंने विधिवत रूप से मुख्य सचिव पद की कमान संभाल ली थी। 1988 बैच की रतूड़ी को पूर्व मुख्य सचिव डॉ.एसएस संधु ने कार्यभार सौंपा था। राधा रतूड़ी अपर मुख्य सचिव पद पर थीं।

### सुडोकू 6484 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 1 | 3 | 7 | 8 | 6 | 9 | 4 |
| 7 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 8 | 5 |
| 6 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 7 |
| 2 | 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 8 | 4 | 6 |
| 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 | 3 |
| 9 | 6 | 4 | 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 2 |
| 8 | 1 | 7 | 4 | 5 | 2 | 3 | 6 | 9 |
| 3 | 5 | 2 | 9 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 |

# बेरोजगारों का सरकार के खिलाफ हल्ला बोल

**देहरादून,** 2 मार्च (देशबन्धु)। अपनी 18 सूत्रीय मांगों को लेकर शनिवार दो मार्च को उत्तराखंड बेरोजगार संघ के बैनर तले बेरोजगारों ने मुख्यमंत्री आवास कूच किया। हालांकि पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को सुभाष रोड पर पेसिफिक होटल के पास रोक दिया। लेकिन प्रदर्शनकारी रूकने को तैयार ही नहीं थे, जिसके बाद मौके पर ही पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का मुक्की हुई।

हालांकि जब पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को आगे नहीं जाने दिया तो प्रदर्शनकारी पेसिफिक होटल के सामने ही सरकार के खिलाफ सड़क पर ही धरने पर बैठ गए। इस दौरान उत्तराखंड बेरोजगार संघ के प्रदेश अध्यक्ष बॉबी पवार ने सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होती तब तक उनका आंदोलन आगे भी जारी रहेगा। बॉबी पवार का कहना है कि राज्य में बेरोजगारी की दर लगातार बढ़ती जा रही है, लेकिन सरकार




- सीएम आवास कूच का किया प्रयास
- पुलिस के रोकने पर हुई धक्का-मुक्की

आंकड़ों का खेल खेलकर बेरोजगारी कम दिख रही है, वो सरकार को बेरोजगारों के साथ किए गए वायदे याद दिलाना चाहते हैं। बॉबी पवार ने कहा कि जब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सीएम पद की शपथ ली थी, तब उन्होंने राज्य के युवाओं को रोजगार देने के लिए 24000 पदों पर विज्ञप्ति जारी करने का वायदा किया था, लेकिन जो भर्तीयां चल रही है वह पूर्व की भर्तियां हैं। घोटालों के चलते कुछ भर्तियां निरस्त की गई थी, अब वही भर्ती चलाई जा रही है। उन्होंने उत्तरांचल पुलिस कांस्टेबल, कनिष्ठ सहायक, पटवारी के पदों पर वेटिंग लिस्ट जारी किए जाने की मांग उठाई। इसके साथ ही उन्होंने आचार संहिता से पहले सभी चयनित युवाओं को नियुक्ति दिए जाने की भी मांग उठाई है। उन्होंने सरकार को चेताया कि उनकी मांगों को अगर अनसुना किया गया तो प्रदेश के तमाम बेरोजगार नौजवान राज्य की पांचो लोकसभा सीटों पर सत्ता पक्ष के प्रत्याशियों के खिलाफ मतदान करने से भी पीछे नहीं हटेंगे।

बेरोजगारों ने एलटी, प्रवक्ता प्राथमिक शिक्षक और शारीरिक शिक्षक भर्ती की विज्ञप्ति जारी करने के साथ ही पिटकुल, यूपीसीएल, उत्तरांचल जल विद्युत निगम में जेई और टीजी 2 की भर्तियों को निकाले जाने की भी सरकार से मांग उठाई है। आचार संहिता लागू होने से पूर्व लोक सेवा आयोग एवम अधीनस्थ सेवा चयन आयोग में समस्त भर्ती को पूर्ण करने की मांग की।

## लाखों की प्रतिबन्धित लकड़ी सहित चार गिरफ्तार

**टिहरी,**2 मार्च (देशबन्धु)। प्रतिबन्धित लकड़ी की तस्करी कर रहे चार लोगों को पुलिस ने कल देर रात गिरफ्तार कर लिया है। जिनके पास से दस लाख की लकड़ी व तस्करी में प्रयुक्त वाहन भी बरामद किया गया है। बीते रोज थाना नरेन्द्रनगर पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में कुछ वन तस्कर वन सम्पदा की तस्करी हेतू आने वाले है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने क्षेत्र में जांच अभियान चला दिया। इस दौरान पुलिस को चैकी जाजल के समीप एक संदिग्ध बुलेरो वाहन आता हुआ दिखायी दिया। पुलिस ने जब उसे रूकने का इशारा किया तो वाहन में सवार लोग भागने का प्रयास करने लगे। इस पर उन्हे घेर कर दबोचा गया। वाहन की तलाशी के दौरान उसमें रखी काजल की लकड़ी के 101 गुटके बरामद हुए।

# लोकसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग सख्त

### शराब बिक्री पर सख्त, मॉनिटरिंग सिस्टम मजबूत करने पर फोकस

**देहरादून,** 2 मार्च (देशबन्धु)। उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव को देखते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों के सत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान चुनाव के नोडल अधिकारियों को निष्पक्ष चुनाव करवाने के लिए विभागों को विस्तृत कार्य योजना तैयार करने के लिए भी कहा है। दूसरी तरफ जिले और स्टेट कंट्रोल रूम को जल्द से जल्द एक्टिव करने और ड्राई रन शुरू करने के भी आदेश हुए हैं।

निर्वाचन आयोग फिलहाल चुनाव को लेकर विभिन्न अधिकारियों और कर्मचारियों को सभी तैयारियां मुकम्मल करने के लिए कह चुका है। इस बीच विभागीय स्तर पर भी निष्पक्ष



चुनाव कराने के लिए जरूरी कदम उठाने के लिए कहा गया है। इससे पहले मुख्य निर्वाचन अधिकारी वर्क पुरुषोत्तम ने आबकारी विभाग को प्रदेश में शराब की बिक्री और अवैध शराब की धर पकड़ पर मॉनिटरिंग सिस्टम को मजबूत करने के लिए कहा है। उधर दूसरी तरफ तमाम चेक पोस्ट पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने के भी निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान जिला स्तर पर भी मॉनिटरिंग टीम का गठन करने के लिए कहा गया है।

# मुख्यमंत्री ने 27 डिप्टी जेलरों तथा 285 बंदी रक्षकों को दिए नियुक्ति पत्र

**देहरादून,** 2 मार्च (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 27 डिप्टी जेलरों व 285 बंदी रक्षों को नियुक्ति पत्र वितरित किये।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास परिसर में कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा विभाग के अंतर्गत लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित 27 डिप्टी जेलरों तथा 285 बंदी रक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित किये। इस प्रकार आज कुल 312 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये। मुख्यमंत्री ने सभी नवनियुक्त अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं तथा बधाई देते हुए कहा कि आज का दिन आप सभी के लिए काफी खुशी का दिन है, क्योंकि कड़ी मेहनत व परिश्रम के बाद आप इस मुकाम पर पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि आप पहले दिन से ही अपने लिए नियम निर्धारित कर लें कि आपको पद के अनुरूप जो जिम्मेदारी दी गई है, उसका निर्वहन आप पूर्ण जिम्मेदारी से करेंगे। उन्होंने कहा कि नवाचार को धरातल पर उतारने में युवाओं



नवाचार को धरातल पर उतारने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका : पुष्कर सिंह धामी

की महत्वपूर्ण भूमिका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है, उसी के अनुरूप हम सबको पगकृपग पर, जिसको भी जो भी जिम्मेदारी मिली है, उसको पूर्ण मनोयोग से पूरा करना सुनिश्चित करते हुए, अपनी अपनी सहभागिता निभाते हुए, देश तथा राज्य को आगे बढ़ाएंगे।

## सांसद ने स्पेशल आस्था ट्रेन को किया रवाना

**देहरादून,** 2 मार्च (देशबन्धु)। टिहरी लोकसभा सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह ने स्पेशल आस्था ट्रेन को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना । सांसद ने संबोधित करते हुए कहा कि आज पुनरू उत्तराखंड वासियों के लिए सौभाग्य की बात है की देश क प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भारतीय जनता पार्टी के अथक प्रयासों एवम संकल्पों के परिणामस्वरूप आज हम सभी को यह दिन देखने को मिल रहा है, कि 500 वर्षों का संघर्ष सफल हुआ है।

भारत के आराध्य भगवान राम अपने भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं। ऐसे समय में प्रत्येक नागरिक उनके दर्शन करना चाहता है। इस शुभ अवसर पर देवभूमि वासियों को आस्था ट्रेन की यह सौगात निश्चित ही प्रशंसनीय है। मैं प्रधानमंत्री मोदी एवम युवा मुख्यमंत्री धामी का आभार व्यक्त करती हूं।

# सुक्खू ने विधायकों को जलील किया कोई समझौता नहीं होगा : राणा

### थम नहीं रहा सियासी गलियारों में मचा तूफान

**शिमला,** 2 मार्च (एजेंसिया)। हिमाचल प्रदेश में राज्यसभा चुनाव में हुई क्रॉस वोटिंग के बाद सियासी गलियारों में मचा तूफान थम नहीं रहा। हर दिन नई सियासत देखने को मिल रही है। कांग्रेस से बागी हुए सुजानपुर के निष्कासित विधायक राजेंद्र राणा ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने मुख्यमंत्री पर विधायकों को जलील करने और झूठ बोलने का आरोप लगाया है। साथ ही उन्होंने कांग्रेस हाईकमान को भी निशाने पर लिया है।

राणा ने कहा है कि कई बार



प्रदेश के कई कांग्रेस विधायक संपर्क में हैं और वो आना चाहते हैं जिससे जल्द यह सरकार गिर जाएगी : राजेंद्र राणा

हाईकमान को अवगत करवाया गया कि प्रदेश सरकार में कुछ भी ठीक नहीं चल रहा है। मुख्यमंत्री चुने हुए विधायकों को अपमानित करते हैं तथा उनके काम नहीं करते। हाईकमान के संज्ञान में यह भी लाया गया कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार की बजाय सुक्खू के मित्रों की सरकार रह गई है। लेकिन कई बार यह मुद्दा उठाने के बावजूद भी पार्टी हाईकमान पर कोई असर नहीं हुआ। मंत्री विक्रमादित्य सिंह से मुलाकात पर राणा ने कहा कि वीरभद्र सिंह के परिवार व उनके समर्थकों के साथ सुक्खू ने जलालत की है। उसे पूरा प्रदेश जानता है। छह बार सीएम रहे वीरभद्र सिंह की प्रतिमा लगाने के लिए दो गज जमीन नहीं देने से यह साबित हो गया है कि मुख्यमंत्री छोटे दिल का आदमी है।

# उत्तराखंड के कई हिस्सों में बारिश व बर्फबारी जारी

**देहरादून,** 2 मार्च (देशबन्धु)। उत्तराखंड में मौसम विभाग ने कई जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा कुछ जिलों में येलो अलर्ट भी जारी किया है। मौसम विभाग की मानें तो प्रदेश के पांच जनपदों में भारी बारिश की संभावना है। उधर राज्य में ओलावृष्टि और तेज हवाएं भी लोगों को परेशान कर सकती हैं।

उत्तराखंड में अधिकतर जिलों में हल्की बारिश के साथ तेज हवाओं के चलने की संभावना व्यक्त की गई है। मौसम विभाग की मानें तो 2800 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी भी संभव है। प्रदेश में उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों के लिए मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया है। जबकि इन जिलों में 3200 मीटर या इससे ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भारी बर्फबारी की भी संभावना व्यक्त की गई है। इतना ही नहीं राज्य के गढ़वाल मंडल के कुछ जिलों में और कुमाऊं मंडल में कुछ क्षेत्रों



- 5 जिलों में औरेंज तो 4 के लिए येलो अलर्ट
- ओलावृष्टि व तेज हवाओं से मौसम में बढ़ी ठिठुरन
- 3200 मीटर या इससे ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भारी बर्फबारी की भी संभावना

में बिजली गिरने और ओलावृष्टि के साथ तेज हवाओं के चलने की संभावना व्यक्त की गई है।

उत्तराखंड में कुछ जिलों के लिए येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। इनमें टिहरी, देहरादून, हरिद्वार और नैनीताल जिलों के लिए मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। इन क्षेत्रों में भी हल्की बारिश की संभावना व्यक्त गई है। वैसे मौसम विभाग ने शनिवार को प्रदेश भर में आसमान में बादल छाए रहने की संभावना व्यक्त की है।

राजधानी देहरादून समेत प्रदेश भर के कई जिलों में देर रात से ही बारिश का सिलसिला जारी रहा। इसके अलावा आसमान में सुबह से ही बदल भी छाए हुए हैं। शनिवार की सुबह रुक रुक कर बारिश भी देखने को मिली है। यमुनोत्री धाम सहित आसपास के इलाकों में दोपहर बाद से ही बारिश शुरू हो गई थी। वही हहर्षिल और मां गंगा की शीतकालीन धाम मुखबा में भी काफी बर्फबारी हुई है। यहां पर अभी तक 6 इंच से ज्यादा बार जम चुकी है। भारी बर्फबारी के कारण यमुनोत्री क्षेत्र में ठंड में भी बढ़ोतरी हुई है। जानकी चट्टी, खरसाली, नारायणपुरी, फूल चट्टी क्षेत्र में भी काफी बर्फबारी हुई है।

## मदद मांगने के नाम पर ठगी, 6 गिरफ्तार

**पिथौरागढ़,** 2 मार्च (देशबन्धु)। मदद मांगने के नाम पर 79000 रुपये की ठगी करने के मामले का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। ठगी करने वाले 6 आरोपियों को छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार करने के बाद सभी आरोपियों को कोर्ट में समय से पेश होने की हिदायत दी गई।

जानकारी के अनुसार गंगोलीहाट पुलिस स्टेशन में एक फरवरी को राजेन्द्र सिंह नाम के व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई कि लगभग दस



माह पूर्व उन्हें मंदिर में दो महिलाएं मिली, जिन्होंने मंदिर के बारे में जानकारी ली और तथा फोन ले लिया। उसके बाद लगभग दो माह पूर्व पीड़ित एक फोन आया। तब एक महिला ने बताया कि वह हरिद्वार में टीचर है और काफी परेशानी में हैं, क्योंकि मेरी बहन काफी बीमार है। जिससे उसके इलाज के लिये पैसे की जरूरत है। मैं राजस्थान जल्दबाजी में आ गई हूं।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

### वीरांगना विमला देवी को किया सम्मानित

**चमोली**, 2 मार्च (देशबन्धु)। पज्याणा गांव में 8 मार्च को महाशिवरात्रि होने के कारण शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस और महिला सम्मान समारोह का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में महिला मंगल दल पज्याणा, ब्लॉक प्रमुख शशी सौंरियाल और ब्रह्माकुमारी प्रजापिता ने शिरकत की। इसी बीच महिला मंगल दल और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं और छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।



साथ ही कारगिल शहीद कृपाल सिंह रावत की वीरांगना विमला देवी को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महिला मंगलदल द्वारा स्वागत गीत गाकर किया गया। कार्यक्रम में मटकोट, ढांगा डुंगरी, कोठार, गांवली, बुखाली, कुंजापानी और कुलागाड़ के लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में महिलाओं ने विभिन्न परंपरागत गीत व नृत्य प्रस्तुत किए जिसमें झूमेलो, चांचड़ी, लोकगीत और लोकनृत्य की शानदार प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया।

# प्रादेशिकी

## फर्रुखाबाद में छात्रवृत्ति घोटाले में इंस्टीट्यूट संचालक गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद,** 2 मार्च (देशबन्धु)। प्रवर्तन निदेशालय ने चर्चित छात्रवृत्ति घोटाले में डॉ.ओम प्रकाश गुप्ता इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलाजी के चेयरमैन शिवम गुप्ता को गिरफ्तार किया है। ईडी ने उसे सात दिनों की पुलिस रिमांड पर लेकर नए सिरे से पूछताछ की है। ईडी ने शिवम गुप्ता को कई नोटिस जारी किए थे पर वह सामने नहीं आए थे। जांच एजेंसी ने लुक आउट नोटिस भी जारी किया था। ईडी अधिकारियों के अनुसार आरोपित शिवम गुप्ता बचकर दुबई भागने की फिराक में था, जिसे लखनऊ स्थित एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया गया। वर्ष 2014 से 2022 के मध्य डा.ओम प्रकाश गुप्ता इंस्टीट्यूट में फर्जी छात्रों का दाखिला दिखाकर 7.70 करोड़ रुपये हड़पे जाने का मामला सामने आया है।

# हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ा देश : योगी

## मुख्यमंत्री ने 1006 करोड़ की 48 विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास व लोकार्पण

**लखनऊ/गोरखपुर,** 2 मार्च (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की भाजपा सरकार न तो जाति का सहारा लेती है और न ही झूठे वादे करती है। हमने जो कहा उसे करके दिखाया। आगे भी जो कहेंगे, उसे भी करके दिखाएंगे। महंत दिग्विजयनाथ पार्क में शनिवार को आयोजित समारोह के 1006 करोड़ रुपये की 48 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज देश तेजी से विकास करते हुए हर क्षेत्र में आगे बढ़ा है। सुरक्षा, आर्थिक समृद्धि, आस्था के सम्मान, आजीविका, हरेक क्षेत्र में दुनिया नए भारत का दर्शन कर रही है, भारत की ताकत को प्रतिष्ठित कर रही है।

देश के विकास की ही तरह यूपी का तीव्र विकास हुआ है। लोगों की उत्तर प्रदेश के प्रति धारणा बदल चुकी है। अब कोई यूपी को हेय दृष्टि से नहीं देखता। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी में इतने विकास कार्य इसलिए हो रहे हैं कि यहां डबल इंजन की सरकार है। डबल इंजन की सरकार डबल स्पीड में काम करती है और इस कारण देश उत्साह और उमंग से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि जिस तरह जनता जनार्दन ने मोदी जी के नेतृत्व में 2014, 2017, 2019 और 2022 में आंख बंद कर समर्थन दिया, वैसे ही तीसरी बार भी केंद्र में मोदी सरकार बनाने को संकल्पित है। योगी ने कहा कि नौजवानों के लिए रोजगार के अवसर और तेजी से बढ़ें, नागरिक सुविधाओं का विस्तार हो, गरीबों



**न जाति का सहारा लेती है और न ही झूठे वादे करती है पार्टी : योगी आदित्यनाथ**

को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले, किसानों सम्मान बढ़े, इसके लिए हर स्तर पर समान विचारधारा की सरकार आवश्यक है। जिस तेजी से विकास के कार्य हुए हैं, उसी तेजी से चुनाव में मोदी जी के प्रति समर्थन में आशीर्वाद की बरसात भी होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास के लिए बैरियर नहीं, ब्रेक थ्रू की जरूरत होती है। बैरियर की बजाय ब्रेक थ्रू के लिए तीसरी बार भी मोदी सरकार आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि समान विचार के लोग शासन के सभी स्तरों पर नहीं होंगे तो वे विकास में बैरियर का काम करेंगे। इसलिए केंद्र, राज्य, नगर निकाय, जिला पंचायत, विकास खण्ड और ग्राम पंचायत स्तर पर समान विचार वाला नेतृत्व होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जातिवादी सरकारें न घर की रहीं न घाट की। उन्होंने सिर्फ अपने परिवार और उसमें भी भाई, बेटा, भतीजा आदि की ही चिंता की।

### मोदी का वाराणसी से चुनाव लड़ना प्रदेश के लिए गर्व की बात : योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वाराणसी से लगातार तीसरी बार लोकसभा चुनाव लड़ना पूरे उत्तर प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। भाजपा ने 2024 के लिए अपने प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार वाराणसी से लोकसभा प्रत्याशी बनाया गया है। योगी ने इस पर हर्ष व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री का प्रदेशवासियों की ओर से अभिनंदन किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुन: देश की सांस्कृतिक राजधानी वाराणसी से लोक सभा चुनाव का प्रत्याशी बनने पर 25 करोड़ प्रदेश वासियों की ओर से हार्दिक अभिनंदन। यह काशी समेत पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात है। मोदी की गारंटी पूरे देश में गूंजने जा रही है। आपके यशस्वी नेतृत्व में तीसरी बार एनडीए की पुन: ऐतिहासिक विजय सुनिश्चित है। हर हर महादेव। इसके अलावा उन्होंने आगामी लोक सभा चुनाव में उत्तर प्रदेश के लिए घोषित हुए सभी प्रत्याशियों को भी बधाई दी।

## स्मार्ट फोन पाकर खिले विद्यार्थियों के चेहरे

**मेरठ,** 2 मार्च (देशबन्धु)। बागपत रोड स्थित विद्या नॉलेज पार्क में डिजी शक्ति के तहत विद्या इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिऐटिव टीचिंग के बी.बी.ए., बीसीए व बी.कॉम विभाग के 712 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन का वितरण किया गया। इस मौके पर विद्या नॉलेज पार्क के प्रबंध निदेशक विशाल जैन, निदशक डॉ. राजीव कुमार चेची व डा. वसुधा शर्मा के साथ कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी योजना के तहत बागपत रोड स्थित विद्या इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिएटिव टीचिंग के बी.बी.ए., बी.सी.ए. व बी.कॉम विभाग के विद्यार्थियों को स्मार्टफोन प्रदान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और विद्यागान के साथ हुआ।

सभी अतिथियों का स्वागत पौध भेंट कर किया गया। कॉलेज के निदेशिका डा. वसुधा शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। निदशक डॉ. राजीव कुमार चेची ने अपने उद्बोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह तकनीकी का युग है और क्षमता संवर्धन के लिए सभी युवाओं को तकनीकी उपकरणों से लैस होना होगा। उन्होंने कहा कि सभी युवा समय का सदुपयोग करते हुए स्मार्टफोन का सबसे बेहतर इस्तेमाल करेंगे।

## जन शिकायतों का तुरंत निस्तारण करें अधिकारी : वीके सिंह

### संपूर्ण समाधान दिवस में पेशकार पर गिरी गाज

**फर्रुखाबाद,** 2 मार्च (देशबन्धु)। तहसील में 5 साल से डटे पेशकार पर जिलाधिकारी की गाज गिरने पर कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। शनिवार को जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में तहसील कायमगंज में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। डीएम द्वारा इस दौरान तहसील के विभिन्न पटलों का निरीक्षण भी किया गया। तहसील में अलमारियों में रिकॉर्ड अव्यवस्थित तरीके से रखे हुए देखें गए। व्यवस्था देखकर डीएम ने पर नाराजगी जताते हुए हुए कर्मचारियों से कहा की शिकायतों का तुरंत ही निस्तारण किया जाना चाहिए। उन्होंने उप जिलाधिकारी कोर्ट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम को रिकॉर्ड में कटिंग आदि की अनियमिताये मिली। सहायक रजिस्ट्रार कानूनगो आर के सक्सेना अपनी ही राइटिंग को तुरंत नहीं पढ़ सके। तब डीएम ने कर्मचारी सक्सेना को डांटते हुए जिम्मेदार रजिस्टर कानून को राजेश कुमार से जानकारी की तो वह भी सही जानकारी देकर



डीम को संतुष्ट नहीं कर सके। नायब तहसीलदार भी इस मामले में कुछ नहीं बता पाए। डीएम ने दोनों कर्मचारियों का स्पष्टीकरण मांगने का निर्देश देकर एसडीएम से से भी नाराजगी जताते हुए कहा की क्या देखते हो। डीएम को पता चला की एसडीएम का पेशकार सर्वेश श्रीवास्तव पांच सालों से इसी पद पर डटा है। इस बात से नाराज डीएम ने पेशकार को हटाने की हिदायत दी। डीएम का कड़ा रुख देख कर्मचारियों में हड़कंप मच कर भय व्याप्त हो गया। तहसील के अधिवक्ता फहीम खां ने पेशकार सर्वुश के एक ही पटल पर 5 सालों से तैनात होने की शिकायत की थी। तहसील दिवस में कुल 156 शिकायते प्राप्त हुई।

## सार संक्षेप

### चार दिवसीय प्रशिक्षण बैच का शुभारंभ

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन मेरठ और नाफेड संस्थान लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में समूह सखी एम-4 का चार दिवसीय प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस उपयुक्त स्वत रोजगार आजीविका मिशन मेरठ ने विधिवत उद्घाटन कर समूह सखी एम-4 के दोनों बैचों का किया मूल्यांकन। स्काउट भवन-306 बैंक स्ट्रीट लाल कुर्ती मेरठ में चल रहे समूह सखी एम-4 प्रशिक्षण में उपयुक्त स्वत रोजगार बब्बन राय ने दोनों बैचों का विधिवत उदघाटन कर सभी प्रतिभागियों से पृथक पृथक बात कर प्रशिक्षण का मूल्यांकन किया। समूह सखियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा की आप सब अब इस प्रशिक्षण के उपरांत पूर्ण रूप से समूह सखी बन जाएंगी ।आपका व्यवहार समूह में सखी जैसा होना चाहिए ।आप सब आजीविका मिशन की रीढ़ की हड्डी हैं ।आपके व्यवहार से अब आपके गांव का समग्र विकास होना चाहिए ।आप पूरी निष्ठा से किर्याशील रहें तथा आजीविका मिशन में नित्य नए कीर्तिमान स्थापित करें ।ग्राम संगठन को मजबूत कर अपने क्षेत्र में अब विकास की गंगा बहाने में अपना योगदान दें। हम आपके सहयोग हेतु सदैव तत्पर हैं।

### बैडमिंटन व टेबल टेनिस के खेले गए मैच

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में चल रहे सीसीएसयू हॉस्टल फेस्ट 2024 के अंतर्गत वीर शिरोमणि छात्रावास के तत्वाधान में इवेंट कोऑर्डिनेटर डॉ.यशवेंद्र वर्मा तथा डॉ. अनिल कुमार यादव की देखरेख में बालक व बालिका वर्ग में बैडमिंटन तथा टेबल टेनिस के एकल और युगल मैच खेले गए। बालिका वर्ग में एकल टीटी मैच में दुर्गा भाभी छात्रावास की खिलाड़ी प्रतिभा ने रानी लक्ष्मीबाई छात्रावास के खिलाड़ी निकिता को करीबी मैच मे हराया । वही बालिका वर्ग के ही युगल मैच में दुर्गा भाभी छात्रावास की खिलाड़ियों दिव्या व प्रतिभा ने रानी लक्ष्मीबाई छात्रावास की खिलाड़ियों पलक और निकिता को हराकर विजय प्राप्त की।

### राष्ट्रीय लोक अदालत संपन्न कराने को लेकर हुई बैठक

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्र व राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के अनुसार 9 मार्च को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में वादो को चिन्हित करते हुए निस्तारित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त के अनुकम में राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में वादो का निस्तारण किए जाने हेतु ब्रजेश मणि त्रिपाठी, अपर जिला न्यायाधीश/नोडल अधिकारी, लोक अदालत द्वारा समस्त मजिस्ट्रेटगण (न्यायिक) के साथ चौदह न्यायालय भवन के सभागार कक्ष में प्री-ट्रायल बैठक आहूत की गयी। बैठक में उपस्थित न्यायिक अधिकारीगण को राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादो का निस्तारण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया, ताकि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक जनता को लाभान्वित किया जा सकें। उक्त बैठक में उपस्थित न्यायिक अधिकारीगण द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाए जाने व अधिक से अधिक संख्या में वादो का निस्तारण किए जाने का आश्वासन दिया गया।

## छह कन्याओं को लहंगे व उनके वरों को दिए कपड़े



**मवाना,** 2 मार्च (देशबन्धु)। भारत विकास परिषद मवाना विराट एवं संस्कार शाखा के संयुक्त तत्वावधान में छह कन्याओं के सरल सामूहिक विवाह का आयोजन 10 मार्च 2024 दिन रविवार को प्रात: 10: 00 बजे उत्सव मंडप मवाना में होगा। शनिवार को उत्सव मंडप मवाना में 6 कन्याओं को लहंगे एवं उनके वरों को सूट लेंथ प्रदान की गई। दूल्हा एवं दुल्हन दोनों पक्षों से 30-30 व्यक्ति शादी में आमंत्रित हैं। रविवार को चढ़त होगी तथा जयमाला के पश्चात विवाह वैदिक रीति रिवाज से संपन्न कराई जाएगी। इस शादी में आमंत्रित कोई भी व्यक्ति शराब पीकर नहीं आए। इस कार्यक्रम में राजीव रस्तोगी, संजीव रस्तोगी, राजवीर सिंह, दीपक गुप्ता, शैवाल दुबलिश, अनुराग दुबलिश, अदित दुबलिश, नीता दुबलिश व अनिल जैन का विशेष सहयोग रहा।

## चुनावों को लेकर भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई

### हस्तिनापुर विस चुनाव संचालन समिति की बैठक आहूत की

**मवाना,** 2 मार्च (देशबन्धु)। तहसील रोड स्थित नगर पालिका के आरओ प्लांट पर बने सभागार में भारतीय जनता पार्टी बिजनौर लोकसभा क्षेत्र के हस्तिनापुर विधानसभा चुनाव संचालन समिति की बैठक आहूत की गई, जिसमें बैठक की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष अखिल कौशिक ने की और संचालन लोकसभा सहसंयोजक राजीव अग्रवाल ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा प्रभारी व निवर्तमान मंत्री श्रम विभाग सुनील भराला ने भारत माता की जय व वंदे मातरम के उद्घोष के साथ बैठक आरंभ की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में देश दिन प्रतिदिन नवनीत कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। भगवान श्रीराम का मंदिर बनना, धारा 370 हटाना, देश में हाईवे का जाल बिछाना, हर गांव को सड़क से जोड़ना, उज्ज्वला योजना के द्वारा हर घर गैस पहुंचाना आदि अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं जन-जन को लाभान्वित



कर रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ पर 370 मतदाताओं को जागरूक करने का लक्ष्य रखा गया है। इसका उद्देश्य यह है कि युवाओं को धारा 370 हटाने के लिए किया गया संघर्ष याद रहे। इसके पीछे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यही सोच है। इस बैठक में कई निष्क्रिय पदाधिकारियों को जिम्मेदारी से मुक्त किया गया, वहीं जोश, उत्तेजक व सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपे जाने को कहा गया। आने वाले लोक-सभा चुनाव के लिए सभी कार्यकर्ताओं का मार्ग दर्शन के लिए जिला समिति एवं सभी को अपने अपने प्रभाग सोंपे गए।

## मैनेजमेंट फेस्ट मंथन आयोजित



**मेरठ,** 2 मार्च (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के आचार्य विष्णुगुप्त कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स में मैनेजमेंट फेस्ट मंथन 2024 का आयोजन किया गया। जिसमे मेरठ के डिग्री महाविद्यालयों के 250 से अधिक विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रबंधन उन्मुखी गतिविधियों की प्रतिस्पर्धाओं में भाग लिया। फेस्ट में प्रबंधन प्रश्नोत्तरी, एड-मैड शो, स्थितिजन्य विश्लेषण, लोगो री-डिजाइन, स्किट, पेपर प्रेजेंटेशन, एक्सटेम्पोर, न्यूजपेपर ड्रेस, गैसो-मैनिया, मॉडलिंग, बिन्गो मिनट टू विन, कोलाज मेकिंग, इत्यादि रहे। कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी. के. थपलियाल ने प्रबंधन के महत्व पर जोर दिया एवं विभिन्न प्रकार के प्रबंधन में भावी प्रबंधकों से अपने कौशल एवं सामर्थ्य वृद्धि करने की दिशा में अग्रसर होने का आवाहन किया जिससे वे देश के निर्माण एवं विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सके।

## बाल श्रम पर पोस्टर व स्लोगन बनाए गए, क्विज प्रतियोगिता

### राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर का रहा पहला दिन

**मवाना,** 2 मार्च (देशबन्धु)। लक्ष्मी देवी आर्य कन्या डिग्री कॉलेज मवाना में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना का एक विशेष शिविर प्राचार्या शक्ति साहनी के संरक्षण में और कार्यक्रम अधिकारी सरोज चौहान के नेतृत्व में किया गया। शिविर के प्रथम सत्र में बाल श्रम पर पोस्टर एवं स्लोगन बनाए गए। शिविर के द्वितीय सत्र में बाल श्रम पर क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बाल श्रम से जुड़े अनेक प्रश्न पूछे गए। यह सभी प्रश्न जागरूकता अभियान का हिस्सा थे। इसके पश्चात छात्राओं ने बाल



श्रम पर आधारित लघु नाटिकाओं का मंचन किया। प्राचार्या डॉक्टर शक्ति साहनी ने शिविर का निरीक्षण किया। कार्यक्रम अधिकारी सरोज चौहान ने शिविर के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। अनम, प्रियंका, लवीशा, शीबा व साना ने लघु नाटिका में अपने जीवंत अभिनय से बाल श्रम की समस्या को उजागर किया। अंजलि अग्रवाल, साक्षी, मीनू ने बाल श्रम के विरोध में विचार व्यक्त किए। प्राचार्या डॉक्टर शक्ति साहनी ने कहा कि समाज को जागरूक करने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना एक सशक्त माध्यम है। बाल श्रम हमारे संविधान में शोषण के विरुद्ध अधिकार के अंतर्गत प्रतिबंधित है, लेकिन भारत में आज भी बच्चे आर्थिक मजबूरी में बाल श्रम करते हुए दिखाई देते हैं।

## ग्राम सिवाया में नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन का किया लोकार्पण



**मेरठ,** 2 मार्च (देशबन्धु)। प्रदेश में 1100 नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन (मॉडल उचित दर दुकान) का वर्चुअल लोकार्पण मुख्यमंत्री जी, उत्तर प्रदेश द्वारा लोकभवन सभागार, उप्र सचिवालय लखनऊ से किया गया है, जिसके क्रम में जनपद में ग्राम सिवाया, वि.ख. दौराला में नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन का लोकार्पण स्थानीय जनप्रतिनियों की उपस्थिति में किया गया है। जनपद स्तरीय कार्यक्रम में लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी देखा गया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मनिन्दर पाल सिंह, एसडीएम सरधना पंकज प्रकाश राठौर, जिला पूर्ति अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी व आमजन उपस्थित रहे।

**लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का देखा गया सजीव प्रसारण**



■ शनिवार को मवाना नगर पालिका के चेयरमैन अखिल कौशिक का जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया। इस मौके पर उन्होंने कैक काटा और अपने सभी शुभचिंतकों को खिलाया। चेयरमैन के जन्मदिन पर लोकसभा प्रभारी निवर्तमान मंत्री श्रम विभाग उत्तर प्रदेश सरकार सुनील भराला, लोकसभा संयोजक पूर्व विधायक चांदपुर कमलेश सैनी, नगर अध्यक्ष सचिन कौशिक, सभासद विनीत चौधरी, मधुर कौशिक, दीपक शर्मा, भूपेंद्र त्यागी, विनोद गुप्ता, अभियुक्त, संजय चौहान, आलोक चौहान, निपुण, अनिल चिकारा, राजेन्द्र, सुनील पोसवाल, नीरज गोयल आदि ने बधाई दी। **फोटो : देशबन्धु**

**आयोजन** *शोभित इंस्टीट्यूट में अमेजन वेब सेवाएं सत्र का हुआ आयोजन*

## अमेजन वेब सेवाएं विभिन्न उद्योगों की क्रांति लाने को तैयार : नौशाद

**मेरठ, 2 मार्च (देशबन्धु)। शोभित इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में विशेषज्ञ सैयद नौशाद इमाम अमेजन वेब सेवाएं के सत्र का आयोजन कर रहा है। इस आयोजन में प्रतिभागियों को अमेजन वेब सेवाएं प्रौद्योगिकी का व्यावहारिक अन्वेषण करने का मौका मिलेगा, जिसमें एडब्ल्यूएस के साथ सीधा संवाद शामिल होगा। लोगों को अमेजन वेब सेवाएं की व्यावहारिक दृष्टिकोण के बारे में सिखाया गया।**

सैयद नौशाद ने नवाचार को प्रोत्साहित करने और लोगों को अमेजन वेब सेवाएं के समाधानों का वास्तविक दुनिया में लाभ उठाने के लिए महत्व दिया। अमेजन वेब सेवाएं विभिन्न उद्योगों को क्रांति लाने के लिए तैयार है, और यह सत्र छात्रों और पेशेवरों के लिए उनके कौशल में सुधार का एक उचित मौका प्रदान करता है। इस आयोजन का उद्देश्य प्रतिभागियों के बीच सहयोग और ज्ञान विनिमय को सुनिश्चित करना है, जो अमेजन वेब सेवाएं प्रौद्योगिकी की परिवर्तनात्मक क्षमता की खोज को प्रोत्साहित करता है। प्रतिभागियों को उद्योग के विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में एक धारावाहिक शिक्षा अनुभव की उम्मीद है, जो उन्हें उनके संबंधित क्षेत्रों में मायने रखने के लिए व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करता है। सभी छात्र कार्यशाला में उत्साहपूर्वक शामिल हुए और पूरे सत्र में सक्रिय रहे. कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) जयानंद ने छात्रों को ऐसे तकनीकी सत्रों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। सीएसई निदेशक डॉ. निधि त्यागी ने कहा कि क्लाउड कंप्यूटिंग सहयोग और वैश्विक पहुंच को बढ़ावा देते हुए कंप्यूटिंग संसाधनों तक स्केलेबल, लचीली और लागत प्रभावी पहुंच, उद्योगों में नवाचार, चपलता और दक्षता को सक्षम बनाता है। इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संकाय के डीन प्रो. वी.के. त्यागी ने सत्र में सक्रिय भागीदारी के लिए छात्रों की सराहना की। कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी की महत्वता को उजागर किया, और छात्रों के करियर के निर्माण में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को बताया। कार्यक्रम का संचालन विजय माहेश्वरी, राजीव कुमार ने किया। डॉ. विनीत विश्नोई, राजेश पांडे, अविनव पाठक, डॉ. प्रमोद गोयल, सुश्री.सुरभि सरोहा एवं विश्वविद्यालय के छात्रों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।



■ **प्रतिभागियों को अमेजन वेब सेवाएं प्रौद्योगिकी का व्यावहारिक अन्वेषण करने का मिलेगा मौका**

## सपा शीघ्र बनाएगी निगरानी समिति

**फर्रुखाबाद,** 2 मार्च (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिला कार्यकारिणी की मासिक बैठक का आयोजन जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर आने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से पार्टी पदाधिकारीयों के बीच चर्चा हुई।

चर्चा के दौरान सर्वप्रथम यह निर्णय लिया गया कि चुनाव के दौरान एक निगरानी समिति का गठन किया जाएगा, यह निगरानी समिति इस बात पर पूरे जनपद में निगरानी रखेगी की पार्टी का कोई भी पदाधिकारी, नेता अथवा कार्यकर्ता दूसरी पार्टी के नेताओं के बीच में बैठकर अपनी पार्टी को कमजोर ना करें ऐसे लोगों को चिन्हित कर तत्काल पार्टी से निष्कासित किए जाने का भी प्रस्ताव पारित किया गया।

साथ ही इस पर चर्चा की गई की पार्टी संगठन के सभी लोग किस प्रकार से प्रत्याशी के साथ लगकर कंधे से कंधा मिलाकर पार्टी के पक्ष में माहौल बनाने व प्रत्याशी को जीत दिलाने के लिए एकजुट हों।

### कॉमेडियन रोहन जोशी बोले, मुंबई ने उन्हें विनम्र रहना सिखाया

**मुंबई।** कॉमेडियन रोहन जोशी ने साझा किया है कि कैसे मुंबई शहर ने उन्हें प्रसिद्धि मिलने के बावजूद जमीन से जोड़े रखा है। रोहन जोशी अब बंद हो चुके कॉमेडी ग्रुप एआईबी के संस्थापकों में से एक रहे हैं। कॉमेडियन-लेखक ने हाल ही में सोशल मीडिया सनसनी उर्फी जावेद के साथ उनके पॉडकास्ट 'अनकैंसिलेबल विद उर्फी जावेद' पर बात की। उन्होंने कहा कि देश की मनोरंजन राजधानी ने उन्हें विनम्र रहना सिखाया है। पॉडकास्ट के दौरान रोहन ने कहा कि मुंबई में रहने के बारे में मुझे जो चीजें पसंद हैं उनमें से एक यह है कि इसने मुझे बहुत पहले ही लोकप्रियता के बारे में बहुत विनम्र होना सिखाया है। मैं एक ऐसे शहर में रहता हूं जहां मैंने वास्तविक प्रसिद्धि देखी है।

## काशी विश्वनाथ के दर्शन करने पहुंची तमन्ना, एथनिक ड्रेस में आईं नजर

**वाराणसी,** 2 मार्च (एजेंसियां)। एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की तस्वीरें शेयर की है। तमन्ना शहर में अपनी अपकमिंग तेलुगु प्रोजेक्ट 'ओडेला 2' की शूटिंग कर रही हैं।

एक्ट्रेस को इससे पहले वेब सीरीज 'आखिरी सच' में देखा गया था। एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक काशी विश्वनाथ मंदिर की अपनी यात्रा की तस्वीरें शेयर की हैं, जिसे खूब पसंद किया जा रहा है।

तमन्ना इन तस्वीरों में हरे रंग का चिकनकारी सूट पहने और मंदिर परिसर में पोज़ देते हुए दिखीं। उन्होंने कोई मेकअप नहीं किया है और बाल खुले छोड़े हुए हैं। उनके गले में फूलों की माला है।

तमन्ना की शिवलिंग के सामने बैठकर प्रार्थना करते हुए तस्वीर भी है। उन्होंने वाराणसी के दिव्य घाटों में से एक पर बैठकर मंत्रमुग्ध कर देने वाले दृश्य का आनंद लेते हुए अपनी एक तस्वीर भी साझा की।

भोला शंकर फेम अभिनेत्री ने दीवार पर बने चित्रों की कई फोटोज भी शेयर



की, जिसमें भगवान शिव, गणेश और हनुमान जी की ग्राफिक कलाकृतियां दिखाई दे रही हैं। पोस्ट का शीर्षक है 'हर हर महादेव।'

स्टोरीज़ सेक्शन में, तमन्ना ने 'काशी गंगा घाट' और प्रसिद्ध गंगा आरती की एक झलक दिखाई। एक अन्य वीडियो में उनकी नई फिल्म 'ओडेला 2' की मुहूर्त पूजा की झलक दिखाई गई है। इस बीच तमन्ना के पास पाइपलाइन में 'अरनमनई 4', 'वेदा' और 'स्त्री 2' भी हैं।

### रोबोटिक सर्जरी एक गेम-चेंजर के रूप में उभरी

# उन्नत तकनीकों में अधिक सर्जनों को प्रशिक्षित करने की जरूरत

**नई दिल्ली,** 2 मार्च (एजेंसियां)। रोबोटिक-असिस्टेड सर्जरी (आरएएस) भारत में एक गेम-चेंजर के रूप में उभरी है, जिसने नरम टिश्यू सर्जरी करने के तरीके में क्रांति ला दी है। रोबोटिक प्रणालियों की सटीकता और निपुणता के साथ, सर्जन बेहतर परिणाम, कम जटिलताएं और रोगियों के लिए कम रिकवरी समय प्राप्त कर सकते हैं। हालांकि हाल के दिनों में सर्जनों द्वारा ऐसी तकनीकों को अपनाने में वृद्धि हुई है, लेकिन बढ़ती जरूरत को पूरा करने के लिए ऐसी तकनीकी प्रगति के लिए और अधिक डॉक्टरों की जरूरत है। क्लिनिकल रोबोटिक सर्जरी एसोसिएशन (सीआरएसए) के प्रमुख रोबोटिक सर्जनों ने ऐसी उन्नत सर्जिकल तकनीकों में अधिक सर्जनों को प्रशिक्षित करने की आवश्यकता पर जोर दिया है ताकि इसे देश भर के सभी योग्य रोगियों के लिए उपलब्ध कराया जा सके। सीआरएसए के अध्यक्ष डॉ. विवेक बिंदल, ने कहा कि आरएएस एक उन्नत तकनीक है, जो रोगियों के लिए फायदेमंद है। यह



■ कम दर्द निवारक, कम एंटीबायोटिक्स, कम जटिलताएं और कम आईसीयू में रहना रोगियों के फायदे

बेहतर परिणाम, न्यूनतम पहुंच लाभ और चिकित्सक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं। आरएएस में अपने वर्षों के अनुभव से, मैं स्पष्ट रूप से कह सकता हूं कि आरएएस के रोगियों के लिए कई फायदे हैं। जैसे जल्दी छुट्टी, कम समय तक अस्पताल में रहना, कम दर्द निवारक, कम एंटीबायोटिक्स, कम जटिलताएं और कम आईसीयू में रहना। रोबोट-सहायक सर्जरी की एक और खूबी यह है कि इसमें सीखने की अवधि कम होती है, और उत्कृष्ट स्टैंडर्ड होता है। हालांकि, इस तकनीक को सभी पात्र रोगियों के लिए उपलब्ध कराने के लिए, अधिक सर्जनों को रोबोट-सहायता सर्जरी में प्रशिक्षित होने की आवश्यकता है। इससे देश भर में रोबोटिक कार्यक्रमों को अपनाने में भी वृद्धि होगी। डॉ. बिंदल ने कहा कि हमारे मौजूदा सर्जनों को प्रशिक्षित करने के साथ-साथ, हमारे उभरते सर्जनों को ऐसी तकनीकों से परिचित कराना महत्वपूर्ण है। वर्तमान में, सर्जन एसोसिएशन और इंटुएटिव जैसे वैश्विक प्रौद्योगिकी नेता रोबोट-सहायता सर्जरी पर परिचय कार्यक्रम चला रहे हैं। हालाँकि, उभरते सर्जनों को इस तकनीक से परिचित कराने के लिए, चिकित्सा पाठ्यक्रम और प्रशिक्षण संस्थानों में उन्नत सर्जिकल तकनीकों को शामिल करना बहुत महत्वपूर्ण है।

## दिल्ली आने के लिए हमेशा उत्साहित रहती है आकांशा रंजन कपूर

**मुंबई,** 2 मार्च (एजेंसियां)। अभिनेत्री आकांशा रंजन कपूर का कहना है कि दिल्ली उनके लिए दूसरा घर है और वह यहां आने के लिए हमेशा उत्साहित रहती है।

आकांशा रंजन कपूर ने हाल ही में दिल्ली का दौरा किया, जहां ढ़ेर सारे उत्साही प्रशंसकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। एमिटी विश्वविद्यालय में उनकी यात्रा एक यादगार घटना में बदल गई क्योंकि छात्रों ने उनके आगमन पर खुशी मनाई, जिससे एक शानदार माहौल बन गया।

उत्साही छात्रों द्वारा गर्मजोशी से किए गए स्वागत पर, आकांशा ने अपना आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दिल्ली मेरे लिए हमेशा विशेष रही है क्योंकि मेरी दादी और मेरे चचेरे भाई यहां रहते हैं। यह मेरे लिए दूसरा घर है और मैं यहां आने के लिए हमेशा उत्साहित रहती हूं। मैं वास्तव में एमिटी यूनिवर्सिटी की आभारी हूं कि उन्होंने मुझे एक सम्माननीय अतिथि के रूप में आमंत्रित किया और यहां दिल्ली में आकर यहां की सर्द सर्दियों का अनुभव लिया। मैं छात्रों के बीच आकर और उनकी जीवंत ऊर्जा में डूबने से बहुत रोमांचित था। भारी भीड़ को हूटिंग करते हुए देखकर, यह बस अद्भुत लगा। छात्रों के बीच रहना और उनके साथ बातचीत करना हमेशा बहुत अच्छा लगता है।

## 'चलते फिरते मंगल कार्यालय' ने 'शार्क टैंक इंडिया 3' में विवाह उद्योग को दी तेजी

**मुंबई,** 2 मार्च (एजेंसियां)। 'शार्क टैंक इंडिया' सीजन 3 के नए एपिसोड में छोटे शहरों के स्टार्टअप का एक और चमत्कार देखा गया। 'चलते फिरते मंगलकार्यालय', जो न केवल शादी उद्योग को नया आकार देने की कोशिश कर रहा है, बल्कि समारोहों को और अधिक सुलभ बना रहा है। महाराष्ट्र के लातूर के रहने वाले 50 वर्षीय व्यवसायी दयानंद दारेकर ने एक मोबाइल कंटेनर को एक अनोखे विवाह स्थल में परिवर्तित कर इस कल्पना को हकीकत में बदल दिया है।

उनके पास इवेंट मैनेजमेंट में दो दशकों से अधिक का अनुभव है और वह ओंकार दरेकर और संगीता दरेकर के साथ इस प्रयास का नेतृत्व करते हैं। इसका उपयोग आपातकालीन अस्पताल सेटअप, कार्यों और आयोजनों के लिए भी किया जा सकता है। एक



ट्रक के मजबूत फ्रेम के ऊपर स्थित, 'चलते फिरते मंगलकार्यालय' 1,200 वर्ग फुट के एक विशाल विवाह हॉल में खुलता है, जो 150 मेहमानों के बैठने या फर्श पर 300 मेहमानों की मेजबानी करने में सक्षम है।

पूरी तरह से वातानुकूलित हॉल एक मंच, मंडप और ध्वनि प्रणाली से सुसज्जित है, जो एक यादगार शादी के अनुभव के लिए सभी आवश्यक चीजें प्रदान करता है। पहले से ही 40 से अधिक शादियों की मेजबानी करने के बाद, पिचर्स ने 10 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी के लिए 2 करोड़ रुपए के निवेश की मांग करते हुए शार्क के सामने अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत किया।

200 लोगों के लिए किराये और भोजन की कीमत लगभग 80,000 रुपए प्रति दिन है।

अमन गुप्ता ने कहा कि जब यहां शादी आयोजित की जाती है तो लोग क्या कहते हैं? क्या उन्हें यह पसंद है? दयानंद ने उत्तर दिया कि जब हम इसमें कोई कार्यक्रम आयोजित करते हैं, तो उन्हें यह स्थान बहुत पसंद आता है। इसी तरह मुझे बुकिंग मिलती है। लेकिन वे और अधिक की मांग करते हैं, और हमारी अपनी सीमाएं हैं। हालांकि, वे शार्क के साथ सौदा करने में सफल नहीं हो पाते हैं। अनुभव के बारे में बात करते हुए सह-संस्थापक ओमकार ने कहा कि शार्क टैंक में प्रदर्शित होना मेरे लिए एक अवास्तविक और समृद्ध अनुभव था। मुझे बहुमूल्य ज्ञान प्राप्त हुआ जो केवल शार्क टैंक जैसे मंच के माध्यम से ही संभव हो सकता था। उन्होंने कहा कि शार्क्स द्वारा प्रदान की गई अंतर्दृष्टि ने मुझे समग्र दृष्टिकोण हासिल करने में मदद की और निश्चित रूप से भविष्य में मेरे व्यवसाय में मदद मिलेगी।

## 'उड़ने की आशा' के लिए नेहा हरसोरा बनीं मराठी 'मुल्गी'



**मुंबई,** 2 मार्च (एजेंसियां)। अभिनेत्री नेहा हरसोरा मराठी रीति-रिवाजों और त्योहारों के बारे में ज्ञान हासिल करके शो 'उड़ने की आशा' के लिए खुद को एक महाराष्ट्रियन लड़की सैली के रूप में ढाल रही हैं। नेहा, जो 'ध्रुव तारा' में अपने काम के लिए जानी जाती हैं, ने कहा कि मैं गुजराती हूं, लेकिन हर गुजरते दिन के साथ मैं खुद को सैली के किरदार में ढाल रही हूं। वास्तविक जीवन में भी मैं अपनी मां को आई कहकर बुलाती हूं। मैं वही पोशाक पहनती हूं, जो कोई महाराष्ट्रियन लड़की पहनती है, असल जिंदगी में मैं जैसी हूं, उससे यह बिल्कुल अलग है। यह कहते हुए कि उन्हें मराठी मुलगी का किरदार निभाने में मजा आ रहा है, नेहा ने कहा कि अधिक पूर्णता प्राप्त करने के लिए मैंने मराठी रीति-रिवाजों और त्योहारों के बारे में ज्ञान प्राप्त किया है। शो में सचिन की भूमिका में कंवर ढिल्लों भी हैं। राहुल कुमार तिवारी द्वारा निर्मित उड़ने की आशा 12 मार्च से रात 9 बजे स्टार प्लस पर प्रसारित होगा।

## रैपर इक्का का खुलासा, फैशन एक्सेसरीज के लिए दिल्ली के पालिका बाजार से करते थे खरीदारी

**मुंबई,** 2 मार्च (एजेंसियां)। हिप-हॉप रियलिटी शो 'एमटीवी हसल 3.0' में स्क्वाड बॉस के रूप में काम कर चुके रैपर इक्का ने बताया कि वह कहां से खरीदारी करते थे। उनका कहना है कि वह और उनके साथी रैपर रफ्तार, फैशन एक्सेसरीज के लिए दिल्ली के पालिका बाजार जाते थे और खरीदारी करते थे। रैपर इक्का ने खुलासा किया कि फैशन का कीड़ा मुझे हिप-हॉप की वजह से ही लगा। मैं बचपन में हमेशा अंतरराष्ट्रीय हिप-हॉप वीडियो में देखी गई चीजों को सोर्स करने के बारे में सोचता था। आखिरकार तलाश दिल्ली के कनॉट प्लेस इलाके के पालिका बाजार पर खत्म हुई।

रैपर ने बताया कि बचपन में मैं हिप-हॉप शैली के फैशन ट्रेंड से बहुत आकर्षित होता था। टोपियां, जैकेट और जूते मुझे हमेशा आकर्षित करते थे। मैं सोचता था कि मुझे इतनी अच्छी चीजें कहां मिल सकती हैं। इसके बाद मैंने पालिका बाजार में एक जगह ढूंढी जहां मुझे कपड़े और सामान मिले।

रैपर इक्का ने आगे कहा कि मैं वहां रफ़्तार और लिल गोलू के साथ जाता था। फैशन का कीड़ा मुझे हिप-हॉप की वजह से



ही लगा था। मुझे याद है कि मैं दिल्ली की गर्मियों में दो टी-शर्ट पहनता था। मुझे हिप-हॉप पूरी तरह से पसंद है, जिसमें इस शैली से जुड़ा फैशन भी शामिल है। इक्का अपकमिंग रॉयल स्टैग बूम बॉक्स में प्रदर्शन करने के लिए तैयार है।

## मलाइका अरोड़ा ने 'झलक दिखला जा 11' शो की फेयरवेल पार्टी में बेली डांस किया



**मुंबई,** 2 मार्च (एजेंसियां)। 'झलक दिखला जा 11' की जज मलाइका अरोड़ा ने शो की फेयरवेल पार्टी में अपने मशहूर ट्रैक 'छैया छैया' पर बेली डांस किया। शो का ग्रैंड फिनाले शनिवार को प्रसारित होगा, जिसमें पांच फाइनलिस्ट धनश्री वर्मा, मनीषा रानी, अद्रिजा सिन्हा, श्रीराम चंद्रा और शोएब इब्राहिम शामिल होंगे।

डांस वीडियो को कोरियोग्राफर-फिल्म निर्माता फराह खान ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। वीडियो में मलाइका अरोड़ा को चमकदार ब्लैक फ्लेयर्ड जींस और स्लीवलेस क्रॉप टॉप में डांस फ्लोर पर डांस करते हुए दिखाया गया है। एक्ट्रेस फाइनलिस्ट शोएब इब्राहिम के साथ थिरक रही थीं।

वहीं वीडियो में जज अरशद वारसी को होस्ट ऋत्विक धनजानी के साथ 'आंख मारे' गाने पर डांस करते हुए भी दिखाया गया है। उन्होंने वीडियो के कैप्शन में लिखा कि झलक दिखला जा के जज जानते हैं कि पार्टी में कैसे धूम मचानी है! कंटेस्टेंट्स भी जानते हैं। एक बहुत ही खास सीज़न के लिए क्या शानदार फेयरवेल (विदाई) है।

इंस्टाग्राम स्टोरीज सेक्शन में, फराह ने 'जमाल कुडु' हुक स्टेप करते हुए अपना एक वीडियो साझा किया, जिसे 'एनिमल' में बॉबी देओल पर फिल्माया गया था। वह ब्लैक कलर की ड्रेस में नजर आईं। उन्होंने कैप्शन में लिखा कि जीवन में संतुलन बहुत महत्वपूर्ण है। ग्रैंड फिनाले शनिवार को रात 8 बजे सोनी पर प्रसारित होगा।

## 'हीरामंडी' के प्रोमो में शरारा सूट में सोनाक्षी का जलवा

**मुंबई,** 2 मार्च (एजेंसियां)। एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा की एक तस्वीर खासा सुर्खियों में है, जिसमें वो जलवा बिखेरती हुई नजर आ रही हैं। फिलहाल, अभिनेत्री अपनी आने वाली वेब सीरीज 'हीरामंडी द डायमंड बाज़ार' के निर्माण में जुटी है। यह वेब सीरीज फिल्म निर्देशक संजय लीला भंसाली की अगुवाई में बनाई जा रही है। यह भंसाली द्वारा बनाई गई पहली वेब सीरीज होगी। अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कई तस्वीरें साझा की हैं जिसमें वो पेस्टल गुलाबी रंग का भारी जटिल शरारा सूट सेट पहनी हुई नजर आ रही है। अभिनेत्री ने इसके साथ मैचिंग वाला पारदर्शी दुपट्टा भी पहना है।

तस्वीरों में अभिनेत्री सूक्ष्म मेकअप लुक के साथ नजर आ रही है। इसके अलावा अभिनेत्री के गुलाबी होंठ, स्मोकी आंखें, लाल और हाइलाइट किए हुए गाल हैं। उनके बाल लो बन में बंधे हैं, जिस पर सफेद गुलाब लगे हुए हैं।

ऋचा चड्ढ़ा ने पोस्ट पर टिप्पणी कर



कहा कि 'बहुत सुंदर'। ऋचा शो का हिस्सा भी हैं। श्रृंखला में मनीषा कोइराला, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल और संजीदा शेख भी हैं।

यह श्रृंखला 1940 के दशक के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की उथल-पुथल भरी पृष्ठभूमि पर आधारित वेश्याओं और उनके संरक्षकों की कहानियों के माध्यम से एक चमकदार जिले हीरामंडी की सांस्कृतिक वास्तविकता की पड़ताल करती है। हीरामंडी द डायमंड बाज़ार का प्रीमियर जल्द ही नेटफ्लिक्स पर होगा।

## संगीतबद्ध गीतों के जरिए आनंद जी ने सिने प्रेमियो का किया मनोरंजन

**(जन्मदिन के अवसर पर)**

**मुंबई,** 2 मार्च (एजेंसियां)। बॉलीवुड में आनंद जी का नाम ऐसे संगीतकार के रूप में शुमार है जिन्होंने अपने संगीतबद्ध गीतों के जरिये करीब चार दशक तक सिने प्रेमियों का मनोरंजन किया। आनंदजी का जन्म 2 मार्च 1933 को हुआ जबकि उनके बड़े भाई कल्याणजी वीरजी शाह का जन्म 30 जून 1928 को हुआ था। बचपन के दिनों से ही कल्याणजी और आनंदजी संगीतकार बनने का सपना देखा करते थे। हालांकि उन्होंने किसी उस्ताद से संगीत की शिक्षा नहीं ली थी। अपने इसी सपने को पूरा करने के लिए कल्याणजी मुंबई आ गए, जहां उनकी मुलाकात संगीतकार हेमंत कुमार से हुई। कल्याणजी, हेमंत कुमार के सहायक के तौर पर काम करने लगे। बतौर संगीतकार सबसे पहले 1958 में प्रदर्शित फिल्म 'सम्राट चंद्रगुप्त' में उन्हें संगीत देने का मौका मिला लेकिन फिल्म की असफलता के कारण वे कुछ खास पहचान नहीं बना पाए। अपना वजूद तलाशते कल्याणजी को बतौर संगीतकार पहचान बनाने के लिए लगभग 2 वर्ष तक फिल्म इंडस्ट्री में संघर्ष करना पड़ा। इस दौरान उन्होंने कई बी और सी ग्रेड की फिल्में भी कीं। वर्ष 1960 में उन्होंने अपने छोटे भाई आनंदजी को भी मुंबई बुला लिया। इसके बाद कल्याणजी ने आनंदजी के साथ मिलकर फिल्मों में संगीत देना शुरू किया।

वर्ष 1960 में ही प्रदर्शित फिल्म 'छलिया' की कामयाबी से बतौर संगीतकार कुछ हद तक कल्याणजी-आनंदजी अपनी पहचान बनाने में सफल हो गए। फिल्म 'छलिया' में उनके संगीत से सजे गीत 'डम-डम डिगा-डिगा', 'छलिया मेरा नाम' श्रोताओं के बीच आज भी लोकप्रिय हैं। वर्ष 1965 में प्रदर्शित संगीतमय फिल्म 'हिमालय की गोद में' की सफलता के बाद कल्याणजी-आनंदजी शोहरत की बुलंदियों पर जा पहुंचे। सिने करियर के शुरुआती दौर में उनकी जोड़ी निर्माता-निर्देशक मनोज कुमार के साथ बहुत जमी। मनोज कुमार ने सबसे पहले इस संगीतकार जोड़ी से फिल्म 'उपकार' के लिए संगीत देने की पेशकश की। इस फिल्म में इंदीवर रचित गीत 'कस्मे-वादे प्यार वफा' के लिए दिल को छू लेने वाला संगीत देकर कल्याणजी-आनंदजी ने श्रोताओं को भाव-



विभोर कर दिया।

इसके अलावा मनोज कुमार की ही फिल्म 'पूरब और पश्चिम' के लिए भी कल्याणजी-आनंदजी ने 'दुल्हन चली, वो पहन चली तीन रंग की चोली' और 'कोई जब तुम्हारा हृदय तोड़ दे' जैसा सदाबहार संगीत देकर अलग ही समां बांध दिया।

वर्ष 1970 में विजय आनंद निर्देशित फिल्म 'जॉनी मेरा नाम' में 'नफरत करने वालों के सीने में प्यार भर दूं', 'पल भर के लिए कोई मुझे प्यार कर ले' जैसे रुमानी गीतों को संगीत देकर कल्याणजी-आनंदजी ने श्रोताओं का दिल जीत लिया। मनमोहन देसाई के निर्देशन में फिल्म 'सच्चा-झूठा' के लिए कल्याणजी-आनंदजी ने बेमिसाल संगीत दिया। 'मेरी प्यारी बहनियां बनेगी दुल्हनियां' को आज भी शादी के मौके पर सुना जा सकता है। कल्याणजी-आनंदजी के उनके पसंदीदा निर्माता-निर्देशकों में प्रकाश मेहरा, मनोज कुमार, फिरोज खान आदि प्रमुख रहे हैं। कल्याणजी-आनंदजी के सिने करियर पर नजर डालने पर पता लगता है कि सुपरस्टार अमिताभ बच्चन पर फिल्माए उनके गीत काफी लोकप्रिय हुआ करते थे।

वर्ष 1989 में सुल्तान अहमद की फिल्म 'दाता' में उनके कर्णप्रिय संगीत से सजा यह गीत 'बाबुल का ये घर बहना, एक दिन का ठिकाना है' आज भी श्रोताओं की आंखों को नम कर देता है।वर्ष 1968 में प्रदर्शित फिल्म 'सरस्वतीचन्द्र' के लिए कल्याणजी-आनंदजी को सर्वश्रेष्ठ संगीतकार के नेशनल अवॉर्ड के साथ-साथ फिल्म फेयर पुरस्कार भी दिया गया। इसके अलावा 1974 में प्रदर्शित 'कोरा कागज' के लिए भी उन्हे सर्वश्रेष्ठ संगीतकार का फिल्म फेयर पुरस्कार दिया गया।

## सचिन तेंदुलकर ने कश्मीरी बल्ला क्या उठाया, कश्मीरी बैट की बल्ले बल्ले हो गई

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 2 मार्च (देशबन्धु)। कश्मीर के क्रिकेट बैट की किस्मत एक बार फिर से बदल गई है। कश्मीरियों ने सोचा भी नहीं था कि क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर द्वारा कश्मीर के बैट के साथ कुछ वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर शेयर करते ही उनके द्वारा बनाए जाने वाले बैटों की मांग इतनी बढ़ जाएगी।

यह सच है। दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले में स्थित चेर्सू में एमजेएस बैट फैक्ट्री में महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर की अप्रत्याशित यात्रा के बाद, कश्मीर विलो बैट के बाजार में मांग में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। हालांकि पहले भी कश्मीर के बैटों की मांग हमेशा बनी रहती थी, पर नया उछाल अचंभित कर देने वाला है। पिछले महीने की 17 तारीख को अपनी यात्रा के दौरान, सचिन तेंदुलकर, जिन्हें मास्टर ब्लास्टर के रूप में भी जाना जाता है, ने कारखाने के अपने दौरे का दस्तावेजीकरण करते हुए एक



